दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 16 फरवरी २०२६ | कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 298 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दुर्ग जिले में जलसंरक्षण की अनूठी पहल: 10 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच से बारिश का पानी होगा स्टोर

हनीफ निजामी

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के शहरी इलाकों में पानी की खपत ज्यादा होने से भूजल स्तर लगातार नीचे गिरने के बावजूद जलसंरक्षण की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। दूसरी ओर, ग्रामीण इलाकों में वाटर एब्जार्प्शन ट्रेंच खोदे जा रहे हैं। ट्रेंच में बारिश का पानी स्टोर होगा, जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा। बारिश का पानी बहकर बर्बाद नहीं होगा। जिस जगह पर वाटर ट्रेंच बनाए जा रहे हैं, वहां के पेड़-पौधों को भी स्टोर किये गए पानी से नमी मिलती रहेगी।

यह अभिनव प्रयास कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देते हुए मनरेगा योजना के तहत वाटर एब्जार्प्शन ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है। अब तक जिले के तीनों ब्लॉकों में 9279 ट्रेंच बन चुके हैं। कलेक्टर ने जल संचय के साथ-साथ भू-जल को दोबारा भरने के लिये मनरेगा के माध्यम से निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। इस अभियान से जिले में जल संरक्षण की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भू-जल का शहरों में भारी दोहन हो रहा

भूजल का सबसे ज्यादा दोहन शहरी इलाकों में होता है। बोर खनन कर मोटर पंप से भूजल का दोहन जितनी तेजी से किया जा रहा है, उसकी तुलना में जल संरक्षण या बारिश के पानी को व्यर्थ बहकर बर्बाद होने से बचाने की दिशा में कोई भी सार्थक पहल नहीं की जा रही है। शहरों में कांक्रीट रोड का निर्माण किया जा रहा है। रोड के बाजू पर खाली जमीन पर भी पेवर ब्लाक लगाए जा रहे हैं। इससे शहरों में बारिश का पानी सीधे नाली से होकर नाले और फिर नदी में बहकर बर्बाद हो रहा है। शहर का पानी शहर में और गांव का पानी गांव में रोकने की कवायद शहरी इलाकों में बिल्कुल भी नहीं हो रही है।

वर्षा जल का संरक्षण करने पारंपरिक जल स्रोत कुंए, तालाब आदि के जीर्णोद्धार सहित अलग-अलग तकनीक से भूजल रिचार्ज बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। भविष्य में जल संकट की संभावनाओं को कम कर जल सुरक्षा के लिहाज से वाटर एब्जार्प्शन ट्रेंच के निर्माण से काफी सकारात्मक नतीजे मिलने की उम्मीद है। इस अभियान से वर्षा जल का संचय करने के अभियान में काफी मदद मिलेगी। जल बहाव रुकेगा और मिट्टी के कटाव में कमी आएगी। भूजल स्तर में सुधार भी होगा। – **बजरंग दुबे**, सीईओ, जिला पंचायत, दुर्ग

जल संरक्षण पर विशेष पृष्ठ 12 पर देखिए

आज बेबाक

असदुद्दीन ओवैसी वैसे तो संसद में बहुत कम बोलते हैं लेकिन जब बोलते हैं तो बम बोलते हैं। संसद के बजट सत्र में उन्होंने सवाल उठाया कि जब अमेरिका वेनेजुएला से अपने दुश्मन को उठवा सकता है तो भला भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता? ओवैसी ने सरकार से मांग की है कि वह भी पाकिस्तान में घुसकर आतंक के आका हाफिज सईद और अजहर मसूद आदि को उठा लाए और भारतीय कानून के मुताबिक उन्हें सजा दे। तभी इंसाफ होगा। बंदे की बात में दम तो है। देखना दिलचस्प होगा कि सरकार दमदारी दिखाती है या नहीं।

एसआईआर का बड़ा असर वोटर संख्या में दिखेगा, चुनावी समीकरण भी बदलेगा

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची से कटेंगे 20 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम

■ 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची होगी प्रकाशित

■ एसआईआर से पहले प्रदेश में 2,12,30,737 मतदाता दर्ज थे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने प्रदेश की चुनावी तस्वीर ही बदल दी है। ड्राफ्ट मतदाता सूची में 27.34 लाख नाम हटाए जाने के बाद अब तक मात्र 2.95 लाख लोगों ने ही दोबारा नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। अब साफ है कि अंतिम सूची में 20 लाख से अधिक मतदाता कम हो सकते हैं। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। मतदाताओं की संख्या में यह बदलाव आगामी चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है।

एसआईआर से पहले प्रदेश में कुल 2,12,30,737 मतदाता दर्ज थे। 23 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 27,34,817 नाम हटाए गए और मतदाताओं की संख्या घटकर 1,84,95,920 रह गई। अब तक मिले आवेदनों को जोड़ भी लिया जाए तो अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या लगभग 1.90 करोड़ के आसपास रहने का अनुमान है।

इस कारण से कटेंगे नाम

निर्वाचन विभाग के अनुसार 6.42.234 नाम मृतकों के थे, जिन्हें हटाया गया। करीब 1.75 लाख नाम दोहरी प्रविष्टि (डबल एंट्री) के कारण हटे। सबसे बड़ी संख्या 19,13540, ऐसे मतदाताओं की है, जो शिफ्ट हो चुके थे, पते पर उपलब्ध नहीं मिले या सत्यापन में अनुपस्थित रहे। एसआईआर के दौरान 6.13 लाख मतदाताओं तक बीएलओ पहुंच ही नहीं सके। कई पते पुराने निकले कुछ घरों पर ताला मिला तो कई मामलों में लोग दूसरे शहरों में जा चुके थे। नोटिस जारी हुए, लेकिन बड़ी संख्या में जवाब नहीं आया। प्रदेशभर में करीब 50 हजार लोग ही सुनवाई में उपस्थित हुए।

समयसीमा खत्म, अब अंतिम सूची का इंतजार

नाम जुड़वाने के लिए आवेदन की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। फार्म-6 के तहत 25 लाख आवेदन ही आए, जो कटे हुए नामों का करीब 10-11 प्रतिशत है। ऐसे में यह लगभग तय है कि बड़ी संख्या में पुराने मतदाता अंतिम सूची से बाहर रह जाएंगे। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। राजनीतिक दलों और चुनावी विश्लेषकों की नजर अब इसी पर टिकी है, क्योंकि मतदाताओं की संख्या में यह बड़ा बदलाव आगामी चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है।

फार्म-7 का दुरुपयोग रोका जाना चाहिए: बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा एसआईआर प्रक्रिया को प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाकर गड़बड़ियां कर रहा है। वर्तमान में चल रही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत फार्म-7 (मतदाता नाम विलोपन हेतु आवेदन) का कई जिलों में दुरुपयोग किया गया है। यह अत्यंत चिंताजनक विषय है, इससे पात्र एवं वास्तविक मतदाताओं के नाम बिना जानकारी, सहमति के मतदाता सूची से हटाए जाने की साजिशे चल रही है। चुनाव आयोग को फार्म-7 का दुरुपयोग रोकना चाहिए।

एआई की सख्ती में फंसे नाम

साफ्टवेयर और एआई आधारित जांच में छोटी-छोटी विसंगतियां भी पकड़ में आई। नाम में वर्तनी का अंतर, उपनाम गायब होना, एक ही परिवार के दो सदस्यों की एंट्री गड़बड़ होना। कई मतदाताओं के पास निर्धारित 13 में से कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था, जिससे सत्यापन नहीं हो पाया।

महाराष्ट्र के 21 ठिकानों पर ATS की ताबड़तोड़ छापेमारी

■ यवतमाल-अहिल्यानगर जिले में आतंकी गतिविधियों का संदेह

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड ने 15 फरवरी को राज्य में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। यह कार्रवाई यवतमाल और अहिल्यानगर जिलों में की गई, जहां कुल 21 स्थानों पर छापेमारी हुई। यवतमाल जिले के पुसद और उमरखेड शहरों में 14 जगहों पर और अहिल्यानगर जिले में 7 जगहों पर टीमों ने तलाशी ली। यह ऑपरेशन आधी रात के आसपास शुरू हुआ और सुबह तक जारी रहा। पुलिस ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की, जिसमें युवाओं के कट्टरपंथीकरण और दहशतवादी गतिविधियों से जुड़े संदेह थे।

एटीएस की टीमों ने संदिग्धों के घरों, दफ्तरों और अन्य स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य सामग्री जब्त की गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की गई। सूत्रों के अनुसार, इन छापेमारियों में दहशतवादी संगठनों से जुड़े होने या युवाओं को सक्रिय करने की कोशिशों से संबंधित सामग्री बरामद हुई है। हालांकि, अभी तक किसी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

आतंकी गतिविधियों पर नजर: यह ऑपरेशन महाराष्ट्र में चल रही कट्टरपंथ और आतंकवाद विरोधी गतिविधियों पर नजर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई

अभी जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। पुलिस का कहना है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और राज्य में शांति बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। यह घटना महाशिवरात्रि के दिन हुई, जब देश में धार्मिक आयोजन चल रहे थे, लेकिन सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क रहे।

न्यूज गैलरी

अमेरिका में लापता हुए भारतीय छात्र की मौत

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के बर्कली में लापता हुए भारतीय छात्र का 6 दिन बाद शव पाया गया है। 22 साल के साकेत श्रीनिवासैया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में पोस्ट ग्रैजुएशन के छात्र थे और वह अचानक 9 फरवरी को लापता हो गए थे। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने उनके शव के पाए जाने की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया है कि साकेत श्रीनिवासैया की मौत हो गई है और उनका शव पाया गया है।

पिता ने बेटे को एक लाख रुपये में बेचा

नई दिल्ली (ए.)। ओडिशा पुलिस ने शनिवार को ढाई साल के एक बच्चे को बचाया, जिसे उसके पिता ने एक व्यक्ति को 1 लाख रुपये में बेच दिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी पिता और खरीदने वाले व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। नीलगिरी क्षेत्र अंतर्गत बारिसाही गांव की यह घटना तब सामने आई, जब एक वायरल वीडियो में पिता को खरीदार के साथ सौदेबाजी करते हुए दिखाया गया है।

सरगुजा में 3 दर्जन नेताओं का इस्तीफा

■ भूपेश और टीएस सिंहदेव समर्थकों में खींची तलवार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में कलह पर फिर बहस छिड़ गई है। सरगुजा के सूरजपुर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के समर्थकों में ऐसी ठनी है कि कांग्रेस पदाधिकारियों के इस्तीफों की झड़ी लगी है। कांग्रेस सफाई दे रही है तो बीजेपी चुटकी ले रही है। दावा है कि तीन दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी इस्तीफा दे रहे हैं। इससे पहले भी सरगुजा जिला अध्यक्ष दिल्ली जाकर हाईकमान से शिकायत कर चुके हैं।

सरगुजा कांग्रेस में उठापटक का तूफान दिख रहा है। सूरजपुर में एक साथ संयुक्त महामंत्री, महामंत्री, सचिव समेत 17 बड़े चेहरों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। दावा है कि इस्तीफा देने वालों की संख्या 30 से ज्यादा है, जिसमें पूर्व मंत्री खेल साय सिंह की बहू भी शामिल हैं। आरोप है ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब तक इस्तीफा की कोई हार्ड कॉपी नहीं मिली: शशि

सूरजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह ने कहा है कि उन्हें भी मोबाइल फोन के माध्यम से ही कुछ लोगों का इस्तीफा पत्र दिखाई दिया है, लेकिन उन्हें किसी ने पर्सनल व्हाट्सएप्प नहीं किया है। इस्तीफा पत्र वायरल होने के बाद संबंधित पदाधिकारी से उन्होंने फोन पर बातचीत की। तब पता चला कि उन्होंने इस्तीफा पत्र में साइन नहीं किया है। यानी उनके नाम पर इस्तीफा पत्र बनाकर दूसरे व्यक्तियों के द्वारा इसे वायरल किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों के द्वारा जानबूझकर ऐसी स्थिति बनाई जा रही है, लेकिन जितने लोगों का इस्तीफा वाला पत्र उन्हें दिखाई दिया है, वह उन सभी से बात करेंगे।

बस से टकराई तेज रफ्तार कार, 5 की मौत

बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु के जिंदल फ्लाईओवर के पास शनिवार देर रात भयानक सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर पहले रोड डिवाइडर से टकराई और फिर पलटते हुए सामने से आ रही कर्नाटक स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन बस से जोरदार भिड़ंत कर दी। यह दुर्घटना लगभग 11:30 बजे के करीब हुई, जब रात का ट्रैफिक थोड़ा कम था, लेकिन तेज रफ्तार के चलते हादसा हो गया। दुर्घटना स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विपरीत दिशा में आ रही बस में कुल लगभग 40 से अधिक यात्री सवार थे।

श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बाबा धाम: साय

रायगढ़ (नवप्रदेश)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम कोसमनारा स्थित श्रीश्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ एवं श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की।

गरमा-गरम

आस्था: महाशिवरात्रि पर उखीमठ में तिथि घोषित, 2025 के मुकाबले 10 दिन पहले शुरू होगी यात्रा

22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

देहरादून (ए.)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचकेदार गद्दी स्थल उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में वैदिक विधि-विधान और पंचांग गणना के बाद शुभ मुहूर्त की औपचारिक घोषणा की गई। इस वर्ष कपाट वृष लग्न में खुलेंगे, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इस साल केदारनाथ यात्रा पिछले साल की तुलना में पहले शुरू हो रही है। 2025 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

5 दिन पहले से शुरू हो जाएगी प्रक्रिया

■ 18 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। परंपरा के अनुसार भैरवनाथ को धाम का क्षेत्रपाल देवता माना जाता है और उनकी पूजा के साथ ही यात्रा की औपचारिक शुरुआत होती है। इसके साथ धाम खुलने से जुड़े अनुष्ठानों की श्रृंखला प्रारंभ हो जाती है।

■ 19 अप्रैल को ऊखीमठ से डोली प्रस्थान: भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली 19 अप्रैल 2026 को शीतकालीन गद्दी स्थल उखीमठ से धाम के लिए प्रस्थान करेगी और उसी दिन फाटा पहुंचेगी।

■ 20 अप्रैल को डोली गौरीकुंड में रात्रि विश्राम करेगी तथा 21 अप्रैल को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। डोली यात्रा के दौरान श्रद्धालु मार्ग में दर्शन करते हुए चलते हैं।

■ 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे कपाट: डोली के धाम पहुंचने के बाद शुभ मुहूर्त में 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। कपाट खुलने से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार, रावल की पूजा और विशेष अनुष्ठान सम्पन्न किए जाते हैं।

■ कपाट खुलने के बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू होते हैं।

'पति-पत्नी के विवाद को आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता'

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने (धारा 306 आईपीसी) के एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई 4 साल की सजा को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति रजनी दुबे की एकलपीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष आत्महत्या के लिए उकसावे के आवश्यक तत्व साबित करने में असफल रहा है।

यह मामला जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र का है। आरोपी बसंत कुमार सतनामी के खिलाफ आरोप था कि उसकी पत्नी टिकैतिन बाई ने विवाह के करीब चार वर्ष बाद कथित प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। ट्रायल कोर्ट (द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी जांजगीर) ने 31 जुलाई 2007 को आरोपी को धारा 306 आईपीसी के तहत दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण अज्ञात बताया गया। डॉक्टर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

झुमका से कोरिया तक महोत्सव बदला या नाम, जिले में बना चर्चा का विषय!

■ अमृतधारा से झुमका और अब कोरिया, महोत्सवों की बदलती राजनीति का नया प्रयोग !

बैकुण्ठपुर /नवप्रदेश । कोरिया जिला मुख्यालय इन दिनों किसी राज्य की राजधानी की तरह सजाया जा रहा है, सड़कों के गड्ढे अचानक विकास की रफ्तार पकड़ चुके हैं, अतिक्रमण को प्रशासनिक 'डाइट प्लान'पर भेज दिया गया है, टेंट-पंडाल ऐसे खड़े हो रहे हैं मानो शहर में लोकतंत्र नहीं,बल्कि शादी-ब्याह का सीजन आ गया हो,वजह भी खास है—तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव, मुख्यमंत्री के आगमन की खबर ने प्रशासनिक मशीनरी में ऐसा जोश भर दिया है कि वर्षों से सुस्त पड़े काम भी अचानक 'फास्ट ट्रैक' पर दौड़ते नजर आ रहे हैं, लेकिन जितनी तेज़ी से तैयारियाँ हो रही हैं,उतनी ही तेजी से सवाल भी उठ रहे हैं—और व्यंग्य की धार भी।

25 मई का जिला फिर उत्सव आज क्यो - कोरिया जिले का जन्मदिन 25 मई 1998 बताया जाता है,लेकिन उत्सव फरवरी में मनाया जा रहा है,अब यह प्रशासनिक कैलेंडर की नई गणित है या फिर इतिहास से छुट्टी लेने का प्रयोग-यह जनता की समझ से बाहर है,लोग पूछ रहे हैं कि जब जिले का अस्तित्व मई में आया तो फरवरी में महोत्सव मनाने की ऐसी कौन-सी ज्योतिषीय मजबूरी थी या फिर तारीखें भी अब वीआईपी शेड्यूल देखकर तय होती हैं! कुछ साल पहले तक इसी मौसम में झुमका महोत्सव हुआ करता था,पर्यटन को बढ़ावा देने की बात होती थी,झुमका बांध के तट पर रंगीन कार्यक्रम होते थे और प्रशासन पर्यटन की बातें करता था। अब अचानक झुमका गायब और कोरिया महोत्सव हाज़िर! ऐसा लग रहा है जैसे जिले के महोत्सव भी मोबाइल ऐप की तरह हैं—अपडेट आते ही नाम और आइकन बदल जाते हैं,लेकिन यूजर यानी जनता वही पुरानी कहानी देखती रहती है, झुमका महोत्सव 2023 में शुरू हुआ, दो बार ही आयोजित हो पाया, और अब तीसरे साल उसका नामो-निशान ही बदल गया, करोड़ों खर्च कर ब्रांडिंग की गई,और फिर एक दिन नया बोर्ड लगा दिया गया—'अब यह कोरिया महोत्सव हैं।' पर्यटन की योजनाएँ शायद फाइलों में ही घूम रही हैं। जब जिले के पास बड़े पर्यटन स्थलों की कमी बताई जाती रही है, तो सवाल उठना लाज़मी है कि आखिर कोरिया महोत्सव के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने की जरूरत क्या है ।

तैयारियां इतनी भव्य कि पदोन्नति की खुशबू भी आने लगी

शहर की साज-सज्जा देखकर लोगों के बीच फुसफुसाहट है कि यह सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि प्रशासनिक 'परफॉर्मेंस शो' भी हो सकता है, सड़कें चमक रही हैं, लाइटें जिला खनिज मद से मनमर्जी जगमगा रही हैं और हर विभाग अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है, कहने वाले तो यह भी कह रहे हैं कि कहीं यह आयोजन प्रशासनिक सीवी में गोल्डन लाइन जोड़ने का प्रयास तो नहीं ! हालांकि आधिकारिक तौर पर कोई कुछ नहीं कह रहा, लेकिन व्यंग्य यही है कि जिले की समस्याएँ सालभर इंतजार करती हैं और वीआईपी दौरा आते ही समाधान भी 'एक्सप्रेस मोड' में आ जाता है।

न्यूज गैलरी

पुलिस को सफलता : सट्टा-पट्टी और नकद के साथ सटोरिया गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल कांकेर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से कांकेर जिले भर में अवैध कारोबार बालों में हड़कंप मचा हुआ है। निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में 13फरवरी 2026 शहर में जुआ सट्टा,शराबियों, नशेड़ी गजेड़ियो।अवैध शराब, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत् निगरानी रखने आवश्यक कार्यवाही कर शहर में निरन्तर पुलिसिंग गस्त कार्यवाही कर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार शहर मे पेट्रोलिग के दौरान वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी दौरान 13 फरवरी 2026 को मुखबीर सुचना के आधार पर जुआ सट्टा रेड कार्यवाही के तहत् पुराना बस स्टैण्ड कांकेर में आरोपी ओमप्रकाश साहू के

विरूध धारा 6(क) छत्तीसगढ जुआ अधिनिय के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर विद्विवत कार्यवाही किया गया। आरोपी के पास से,सट्टा पट्टी एक नग डाट पेन नगदी रकम 1500 रूपये दो नग मोबाईल जब्त किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू,उप.निरी. दयालू राम साहू आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी रूद्र जुर्री एवं सायबर से प्रभारी यशवंत श्याम, प्र.आर. सचिन शोरी, आर. रामरतन निषाद, ज्ञान ठाकुर शामिल थे।

तेज़ रफ़्तार बुलेट ने मारी ठोकर रिटायर्ड लेखापाल घायल

कांकेर / नवप्रदेश। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के दी दिन पूर्वा टाकिज के सामने नेशनल हाईवे 30 पर तेज़ रफ़्तार बुलेट ने मोटर साइकिल सवार को ठोकर मार दी। लापरवाही पूर्वक बुलेट सवार ठोकर मार कर भाग गया। घटना में 63 वर्षीय शेख हनीफ सेवानिवृत्त लेखापाल लोनिवि बुरी तरह घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की सुबह तकरीबन 11.30 के पूर्वा टॉकीज के सामने सराफा बाजार के नेशनल हाइवे रोड में शेख हनीफअपनी मोटर साइकिल पेशन प्रो. क्रमांक सीजी.19 बीएच. 1045 में सवार साप्ताहिक बाजार के लिए निकले थे। इसी बीच सामने से लापरवाही पूर्वक तेज गति से आ रही बुलेट वाहन में सवार युवक ने मोटर साइकिल में सवार शेख हनीफ63वर्षीय को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया।पेशन प्रो मोटर सायकल में सवार शेख हनीफ को हाथ और पैरों में गंभीर चोटे आने से पुलिस के द्वारा शासकीय कोमलदेव अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ से उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्ति किडनी ट्रांसप्लाटेन्ड है बुजुर्ग व्यक्ति है। इस कारण उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।बता दे कि यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही के बावजूद यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है आए दिन घटना दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी सडक़ से जिले के जिम्मेदार अफसरो का रोजाना आवागमन होता है फिर भी यातयात व्यस्था की बात करे तो तेज़ रफ़्तार वाहनों पर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करती नजर आ रही है।!।

विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

पुरानी रंजिश में नाबालिग ने महिला पर किया ब्लेड से हमला, अभिरक्षा में भेजा गया बालक

नारायणपुर/ नवप्रदेश। थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरगीपाल, उपरपारा में दिनांक 13-14 फरवरी 2026 की मध्यरात्रि एक गंभीर घटना घटित हुई, जिसमें गांव की एक 40 वर्षीय महिला पर धारदार हथियार से गले के पास प्राणघातक हमला किया गया।

प्राप्त लिखित रिपोर्ट एवं प्रारंभिक जांच के अनुसार, दिनांक 13.02.2026 की रात्रि लगभग 11:30 बजे एक विधि से संघर्षरत बालक (उम्र लगभग 16 वर्ष), निवासी ग्राम सरगीपाल घर से बाहर निकला। रात्रि लगभग 1:30 बजे वह महिला के घर पहुंचा और दरवाजा अंदर से खुला होने का लाभ उठाते हुए घर में प्रवेश कर गया। उस समय महिला अपने कमरे में विश्राम कर रही थी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पूर्व में हुए आपसी विवाद एवं रंजिश के कारण उक्त विधि से संघर्षरत बालक ने महिला के प्रति दुर्भावना रखते हुए धारदार ब्लेड/हथियार से उसके गले के पास वार कर दिया। अचानक हुए हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के शोर मचाने पर परिवारजन एवं आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे, जिससे वह घटनास्थल से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, साक्ष्य सुरक्षित किए गए तथा घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल नारायणपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण की गई।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 332(ख) सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए उसे घटना के 24 घंटे के भीतर अभिरक्षा में लिया गया। चूंकि वह विधि से संघर्षरत बालक है, अतः किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पुलिस द्वारा गवाहों के कथन, घटनास्थल से प्राप्त भौतिक साक्ष्य, तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के प्रत्येक तथ्य का सूक्ष्म परीक्षण कर न्यायालय में सशक्त अभियोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला पुलिस का संदेश

नारायणपुर पुलिस यह स्पष्ट करती है कि महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा जानलेवा हमला अत्यंत गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही आम नागरिकों एवं अभिभावकों से अपील है कि पारिवारिक या सामाजिक विवादों का समाधान आपसी संवाद, पंचायत अथवा विधिक माध्यमों से करें। युवाओं एवं किशोरों को हिंसा से दूर रखने तथा सकारात्मक मार्गदर्शन देने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।

किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, तनाव या संदिग्ध परिस्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने कर्नाटक से किया गिरफ्तार

कांकेर/अंतागढ़ । अंतागढ़ थाना में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी सौरभ नुरेटी पिता स्व.बीरसिंग नुरेटी उम्र 23 वर्ष घुमड़ीमुन्डा थाना अंतागढ़ को कर्नाटक से गिरफ्तार कर लाने में अहम भूमिका निभाई है। दुष्कर्म का आरोपी घटना के बाद से फरार था महिला अपराध पर थाना अंतागढ़ पुलिस की सख्त कार्यवाही मानी जा रही है। आरोपी के खिलाफथाना अंतागढ़ में

अपराध क्रमांक 59/2025 धारा- 69 भारतीय न्याय संहिता मामला दर्ज किया गया है।अंतागढ़ पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि सौरभ नुरेटी पिता स्व श्री बीरसिंग नुरेटी उम्र 23 वर्ष साकिन धुमसीमुन्डा थाना अंतागढ़ द्वारा प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया है।और शादी करने से मना कर कही चला गया है, और अपना मोबाईल बंद कर दिया है। कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 59/2025 धारा- 69 भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया गया।आरोपी के पता तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु निखिल आशोक राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशानुसार आशीष बंछोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

अंतागढ़ के मार्गदर्शन में शुभम तिवारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ के पर्यवेक्षण में निरीक्षक रमेश जायसवाल थाना प्रभारी अंतागढ़ एवं उप निरीक्षक हेमलता परिहार के नेतृत्व में टीम गठित आरोपी की पता तलाश हेतु टीम द्वारा सायबर सेल की मदद ली जाकर दीगर राज्य कर्नाटक के ग्राम शिरा से आरोपी सौरभ नुरेटी पिता स्व. बीरसिंग नुरेटी उम्र 23 वर्ष घुमसीमुनडा थाना अंतागढ़ जिला कांकेर को पकड़कर अंतागढ़ लाया गया। जहां आरोपी से पूछताछ एवं अन्य साक्ष्यो के आधार पर 14 फ़रवरी 2026 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक रमेश जायसवाल थाना प्रभारी अंतागढ़ हेमलता परिहर, आरक्षक दिलीप कुरेटी, सरिता एवं सायबर सेल कांकेर से आरक्षक जितेंन्द्र नाग दिनेश धुव शामिल थे।

मुख्यमंत्री करेंगे 127 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

एमसीबी नवप्रदेश। जिले में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिला प्रवास संभावित है, जिसे लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर लगभग 2:00 बजे पोड़ी ग्राउंड स्थित हेलीपेड पहुंचेंगे। वहां से वे मालवीय नगर पोड़ी स्थित नगर निगम के मंगल भवन में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे, जहां जिले को 12704.63 लाख रुपए अर्थात 127 करोड़ से अधिक की विकास सौगात मिलने जा रही है।

लोन और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। ग्रामीणों से जमीन मरम्मत एवं नौकरी लगाने व लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी नोमेश कुंजाम पिता कपूरचंद कुंजाम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मालगांव थाना सरोना जिला कांकेर को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के विरूद्ध थाना कोरर एवं थाना बड़ांजी (जगदलपुर) में धोखाधड़ी के 02 प्रकरण दर्ज़ है।आरोपी से एक नग मोटर सायकल एवं ग्रामीणों के जमीन संबंधी कागजात को जब्त करने में कामयाब हुई है।

थाना कोरर प्रार्थी आनंद राम उसेण्डी निवासी भोड़िया थाना कोरर के द्वारा 27 जनवरी 2026 को थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी नोमेश कुंजाम पिता कपूरचंद ग्राम मालगांव चौकी दुधावा थाना नरहरपुर जिला

उ0ब0 कांकेर के द्वारा मेरे एवं मेरे परिवार वालों से कुल 2437567.00 रू. (चैबीस लाख सैतीस हजार पांच सौ सढसठ) लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर नौकरी लगाने के नाम पर धन राशि हडप कर धोखाधड़ी किया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में योगेश साहू एएसपी कांकेर के मार्गदर्शन में मोहसिन खान एसडीओपी कांकेर के पर्यवेक्षण में थाना कोरर द्वारा विशेष टीम गठित की,जाकर आरोपी के बारे में पता तलाश हेतु टीम रवाना किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान घटना दिनांक से आरोपी फरार था। जिसकी निरंतर पता साजी की जा रही थी। पता साजी के द्वारा सूचना मिला कि, आरोपी ग्राम गोविन्दपुर में गुरूद्वारा के पास खड़ा की सूचना पर थाना कोरर से टीम तैयार कर रवाना हुआ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर थाना लाये जिनसे बारिकी से पूछताछ करने पर मो.सा.को ग्राम हात्मा विश्रामपुरी में रखना बताने से आरोपी के पेश करने पर मोटर सायकल को जप्त किया गया एवं आरोपी द्वारा धोखाधड़ी किये गये रकम के बारे में पूछताछ करने पर निजी कार्य, स्वयं एवं पत्नि के ईलाज में खर्च होना बताते हुए अपराध कारित करना कबूल करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर 14 फ़रवरी 2026 को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता.सउनि छत्रपाल सिंह साहू,आर.विनोद साहू भारत दुग्गा,मनोज साहू.म.आर सुमित्रा गोटा शामिल थे।

शासकीय कार्य में बाधा और पुलिस दल से अभद्र व्यवहार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नरायणपुर / नवप्रदेश। थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत दिनांक 13.02.2026 को पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा पुलिस बल के साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस दल शासकीय वाहन से ड्यूटी पर था, उसी दौरान आरोपी सुरजीत सिंह ठाकुर (उम्र 38 वर्ष), निवासी नारायणपुर द्वारा पुलिस वाहन को रोककर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया। आरोपी द्वारा पुलिस कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच, धमकी एवं अभद्र व्यवहार किया गया तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली गई।

घटना की सूचना पर थाना नारायणपुर में अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 126, 296, 351(2), 221, 132 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु आवेदन किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर आज शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुबह से रात तक भीड़ रही। ओम नमः शिवाय के नारों से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में जयकारा लगाते रहे। तिफरा काली मंदिर, मंदिर चौक जरहाभाठा, सतबहनिया मंदिर, श्याम खाटू मंदिर, त्रिपुर मंदिर, बैमा नगोई के मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब दिखा।

बिलासपुर से महज 10 किलोमीटर दूर भरनी गांव में स्थित 500 वर्षों से अधिक प्राचीन करिया महादेव मंदिर आज भी आस्था, परंपरा और रहस्य का अद्भुत संगम बना हुआ है। सावन और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए उमड़ते हैं। भरनी गांव का करिया महादेव मंदिर सदियों पुरानी मान्यताओं और लोक कथाओं से जुड़ा हुआ है। काले पत्थर से निर्मित शिवलिंग के कारण इस मंदिर को करिया महादेव के नाम से जाना जाता है। यह शिवलिंग घने जंगलों के बीच अर्धरात्रि में प्रकट हुआ था, जिसके बाद यहां मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर से जुड़ी एक रहस्यमयी कथा आज भी लोगों के बीच चर्चित है। कहा जाता है कि एक समय मंदिर परिसर में नाग-नागिन का जोड़ा

प्रकट हुआ था। जब उन्हें मार दिया गया तो समीप स्थित सरोवर का जल अचानक लाल हो गया। इस घटना के बाद से यह स्थान अलौकिक शक्तियों का प्रतीक माना जाने लगा। ग्रामीणों का मानना है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है। पुजारी पं. उत्तम अवस्थी ने बताया कि हमारे पूर्वजों से लेकर आज तक, तीन पीढ़ियों से हमारा परिवार मंदिर की सेवा कर रहा है।

महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व

यह रात मौन, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से उच्च चेतना के साथ जुड़ने का अवसर है, जब शिव स्वयं को प्रकट करते हैं। मान्यता है कि इसी रात भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। कहा जाता है कि सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्यरात्रि में भगवान शंकर का ब्रह्मा से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। शिवरात्रि पर भगवान शिव को बेलपत्र, जल, दूध और शहद से अभिषेक किया जाता है। भक्त रात भर जागकर (जागरण) शिव की आराधना करते हैं, जो अज्ञान और अहंकार को नष्ट करने का प्रतीक है। हर महीने की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि होती है, लेकिन फाल्गुन मास की यह रात महान शिवरात्रि मानी जाती है।

अपनी बुराइयां शिव को सौंप दें वही सच्ची शिवरात्रिः स्वाति

महाशिवरात्रि का पावन पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्म-परिवर्तन और नवसृजन का दिव्य संदेश लेकर आता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर शिव ध्वजारोहण कर भाई-बहनों को जीवन की बुराइयाँ छोड़ने और पवित्र जीवन जीने की प्रतिज्ञा कराई गई।

निरीक्षण पर निकले पीएमजीएसवाय इंजीनियर सड़क हादसे में घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निरीक्षण पर निकले इंजीनियर शनिवार गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। वे स्कूटी से बेलगहना की ओर साइट का जायजा लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे हाइवे से मुड़कर रतनपुर की तरफ गए, तभी सामने से तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार आई और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इंजीनियर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ पल के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने तत्काल एक छोटी पिकअप वाहन को रुकवाया और घायल इंजीनियर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार इंजीनियर की हालत अभी गंभीर है। इसलिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार कार चालक की पहचान कर ली जाएगी।

कुसुम सिन्हा का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की माता कुसुम सिन्हा का आज 15 फरवरी दिन रविवार को प्रातः 1.30 बजे 84 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे आधिकारिक निवास (बंगले) से प्रस्थान किया। अंतिम संस्कार सरकण्डा मुक्तिधाम में सम्पन्न किया गया।

स्वर्णकार समाज की भवन पर कब्जा सोनी समाज ने की कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की अतिआवश्यक बैठक उपाध्यक्ष नरेंद्र सोनी के निवास पर आयोजित की गई थी जिसमें समाज के सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे एवं सकरी स्थित सामुदायिक भवन में नर्मदा नगर निवासी अभिषेक कुमार पिता बी.पी. द्वारा कब्जा किए भवन को शासन द्वारा मुक्त नहीं कराने पर उग्र आंदोलन करने पर विचार किया गया। यह जमीन स्व. रमाकांत सोनी के द्वारा दान किया गया था और उस जमीन पर भवन बनाने के लिए तत्कालिक विधायक राजू क्षत्री के द्वारा 5 लाख दिया गया था और उसमें भवन निर्माण का काम जनपद पंचायत सकरी के द्वारा किया गया था। लगभग एक माह होने को हैं थानेदार, तहसीलदार और कलेक्टर को ज्ञापन दिए हुए लेकिन अभिषेक कुमार ने अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए कार्रवाई को रोक दिया गया है और अपना निर्माण कार्य जारी रखा है। समाज के कुछ पदाधिकारियों को बुलाया कर समझौता करने की कोशिश की जिसमें वहां पर सरकारी जमीन को प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज को देने की पेशकश किया गया जिसे समाज के सभी पदाधिकारियों ने मना कर दिए। वहां पर मौके पर सरकार की खाली जमीन है जिसे कब्जा कर बैठे हैं और उसी जमीन पर अपना आलिशान वैवाहिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस बैठक में सभी पदाधिकारी एवं संगठन के संरक्षक गण ने अपनी सहमति दी है। इस आवश्यक बैठक में अध्यक्ष नंदू सोनी सहित नरेंद्र सोनी, वेद सोनी, अनुप सोनी, अमरनाथ सोनी, सीएल सोनी , पूर्व अध्यक्ष कामता सोनी, राकेश सोनी हेमंत सोनी, हरि पोतदार, पवन सोनी, अनिल सोनी, दीपक सोनी, रामेश्वर सोनी, पुरुषोत्तम सोनी उपस्थित थे।

लोक और कला संस्कृति में सबसे धनी राज्य है छत्तीसगढ़: चौबे

सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में 'लोक में राम' की गूंज, दूसरे दिन लोक संस्कृति की मनमोहक छटा

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय रमन लोक कला महोत्सव 'लोक में राम 2026' के दूसरे दिन कार्यक्रमों की शुरुआत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भजन मंगलाचरण से हुई, जिसकी प्रभावी प्रस्तुति विद्यार्थियों ने दी। इसके बाद पुसौर से आई लगभग 200 वर्ष पुरानी रामलीला मंडली ने बाली-सुग्रीव युद्ध का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बस्तर के सुदूर अंचल सुकमा से आए सहदेव नाग और उनके साथियों ने धुरवा मड़ई नृत्य तथा चंद्रगिरी धुरवामणि नाच की आकर्षक प्रस्तुति दी। बस्तर की लोक परंपराओं की जीवंत झलक ने सभागार में उपस्थित लोगों को अद्भुत अनुभूति से भर दिया। अग्रज नाटक दल ने श्रुति नाट्य का मंचन किया, वहीं वैष्णव समूह की ओर से शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें ज्योति वैष्णव ने राम के अरण्यकांड की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। जगदलपुर से आए जयप्रकाश एवं साथियों ने भतरा लोक नाट्य के माध्यम से बस्तर की सांस्कृतिक समृद्धि को मंच पर साकार कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ मानो बस्तर की संस्कृति स्वयं आकर महोत्सव में रच-बस गई हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के

कुलाधिपति संतोष चौबे ने उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारतीय जीवन शैली खासकर आदिवासी जीवन शैली को देखा जा रहा है और उसका अनुसरण किया जा रहा है खासकर प्रकृति पूजा सहज जीवन शैली और व्यक्तित्व की सरलता इसका महत्वपूर्ण पहलू है। भारतीय जीवन शैली हमेशा मानवता की बात करती है उन्होंने कहा कि लोक ही जीवन में रस प्रदान करता है छत्तीसगढ़ राज्य निश्चित रूप से खनिज संपदा और आर्थिक दृष्टि से समृद्ध है लेकिन इससे भी अधिक समृद्ध छत्तीसगढ़ अपनी लोक कला और संस्कृति के लिए है।

छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक इतिहास की पहचान पर संगोष्ठी

महोत्सव के दूसरे दिन वैचारिक सत्र में 'छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक इतिहास की पहचान' विषय पर विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। रायपुर से आए संस्कृति एवं पुरातत्व वक्ता राहुल सिंह ने लोक को देशज और भार्गीय दो भागों में विभाजित करते हुए कहा कि भाषा संवाद का माध्यम है और संस्कृति हमारी पहचान का आधार है। इतिहास एवं पुरातत्व विशेषज्ञ जी. एल. गायकवाड ने कहा कि संस्कृति परंपरा से चलती है, उसे लिखित प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती, जबकि इतिहास प्रमाणों पर आधारित होता है।

वनपाल के तबादले पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिलासपुर वन मंडल के बेलतरा में रेंज सहायक के पद पर कार्यरत वेदप्रकाश शर्मा ने मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ द्वारा जारी तबादला आदेश के खिलाफ अधिवक्ता जितेंद्र पाली के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस पीपी साहू ने तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता रेंज सहायक ने मुख्य वन संरक्षक पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश जारी करने का आरोप लगाया था। बिलासपुर वन मंडल के बेलतरा में रेंज सहायक के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी का तबादला 04 फरवरी .2026 के आदेश के तहत मुंगेली वन मंडल में कर दिया गया है।

सरगांव में विकास कार्यों की नई शुरुआत, 12 करोड़ की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक कि अनुशंसा पर बिल्हा विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत सरगांव में 12 करोड़ रु कि सौगात मिली है इसके अंतर्गत सांस्कृतिक भवन निर्माण, स्ट्रीट लाइट, एचटीपी प्लांट सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों शामिल है। जिसका श्री कौशिक ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और इस प्राथमिकता को पूरा करने के लिए मैं पूरा प्रयास कर रहा हूं। आज करोड़ो रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। इन विकास कार्यों का लाभ जल्द ही आम जनता को मिलेगा। उन्होंने बताया कि सभी विकास कार्य मूलभूत जरूरतों और जन सुविधाओं से जुड़े हुए हैं। यह अवसर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, जो नगर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।उन्होंने ने कहा कि इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं

का विस्तार होगा, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा और नगर पंचायत सरगांव के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों से बिल्हा क्षेत्र में ग्रामीण सशक्तिकरण, मजबूत अधोसंरचना और समावेशी विकास को गति मिलेगी। इन कार्यों के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ने का सपना साकार हो रहा है, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे यही डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता और प्राथमिकता है। हमारा संकल्प है कि बिल्हा विधानसभा का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, मंडल अध्यक्ष पोषण साहू सहित समस्त पार्षदगण एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डबल इंजन सरकार निरंतर विकास कर रही

कार्यक्रम के दौरान विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा, 'हमारी केंद्र सरकार और राज्य सरकार, दोनों मिलकर डबल इंजन की सरकार के रूप में लगातार विकास कार्यों में वृद्धि कर रही हैं। इस डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से आज सरगांव में नए विकास कार्यों का शुभारंभ हो रहा है, जो न केवल नगर की अवसंरचना को मजबूत करेंगे, बल्कि नागरिकों को भी अधिक सुविधा प्रदान करेंगे। हमारी सरकार लगातार नई परियोजनाओं पर ध्यान दे रही है, जिससे आम नागरिकों की जिंदगी आसान बने।' उन्होंने यह भी कहा कि, 'सरगांव में सड़क, नाली, पेयजल, और सार्वजनिक भवनों के विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जाएंगे।

महानाट्य 'जाणता राजा' में राष्ट्रभावना और सामाजिक एकता का संदेश

■ स्वराज जय हो के उद्घोष से गूंजा शहर

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और सुशासन पर आधारित विश्व-प्रसिद्ध ऐतिहासिक महानाट्य 'जाणता राजा' के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत भावनात्मक, गरिमामय एवं ऐतिहासिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत महागणपति जी की विधिवत आरती से हुई। इसके पश्चात पुलवामा में वीरगति को प्राप्त भारतीय सेना के अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उपस्थित जनसमूह ने मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया ।

छत्रपति शिवाजी महाराज के शासन-दर्शन, प्रजा-केंद्रित सोच, सामाजिक एकता, न्याय एवं राष्ट्रभावना को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन यह सिखाता है कि एक राजा का कर्तव्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रजा की सेवा करना होता है। महानाट्य ने अपने प्रभावशाली संवादों, भव्य मंच सज्जा, लोकगीतों, भजनों और जीवंत

दृश्यों के माध्यम से पूरे तीन घंटे तक दर्शकों को बांधे रखा। मंचन के दौरान राष्ट्रवाद, रामराज्य की अवधारणा, स्वराज और न्याय का संदेश इतनी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत हुआ कि दर्शक-दीर्घा बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। नारायण चंदेल (पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ शासन) ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने यह स्पष्ट किया कि एक राजा का कर्तव्य क्या होता है और उसे किस प्रकार अपनी प्रजा के हित में कार्य करना चाहिए।

जाणता राजा ने उनके पराक्रम को जीवित किया: सुशांत

सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रम और शौर्य को भारतीय शिक्षा के पाठ्यक्रम में वह स्थान मिलना चाहिए था, जिसके वे हकदार थे। दुर्भाग्यवश उनके शौर्य को लंबे समय तक कम करके दिखाया गया, लेकिन 'जाणता राजा' ने आज उनके पराक्रम को जीवित कर दिया है।

जीवंत दृश्यों ने दर्शकों को बांधे रखा

महानाट्य ने अपने प्रभावशाली संवादों, भव्य मंच-सज्जा, लोकगीतों और जीवंत दृश्यों से पूरे तीन घंटे तक दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने जानकारी दी कि इसका अंतिम मंचन 15 फरवरी को होगा तथा आम जनता से सपरिवार सहभागिता की अपील की गई।कार्यक्रम में राजकुमार सचदेव, गणेश साहू, दीपक सिंह, डॉ प्रमोद तिवारी, प्रफुल्ल शर्मा, हरवंश शुक्ला, महेंद्र जैन, सुनील चौहान, नकुल सिंह, विश्वास जलताड़े, सौरभ वर्तक, बबलू कश्यप भी उपस्थित हुए।

आधारशिला विद्या मंदिर में ग्रेजुएशन डे, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर में आज के.जी.-2 के नन्हे विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन डे अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुजाता माणिक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अंशुमन जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों की काउंसलर के रूप में डॉ. वर्षा पुरोहित भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत व स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कविता-पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से सबका मन मोह लिया। मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास अभिभावकों के लिए गर्व का विषय रहा। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की झलक साफ दिखाई दी।

विद्यालय के संस्थापक एवं कोटा के लोकप्रिय विधायक श्री अटल श्रीवास्तव जी तथा चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू श्रीवास्तव तथा रश्मि श्रीवास्तव जी की प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। अपने संदेश में उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ग्रेजुएशन उनके जीवन की नई शुरुआत है। अंत में सभी विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी ग्रेजुएशन टोपी उछालकर इस विशेष दिन को यादगार बना दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह समारोह बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए गर्व और भावनाओं से भरा एक अविस्मरणीय क्षण साबित हुआ ।

नागपुर मंडल में संरक्षा, सिग्नलिंग आधुनिकीकरण व यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार

रेल परिचालन क्षमता व यात्री सुविधा में वृद्धि

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण, सिग्नलिंग प्रणाली के आधुनिकीकरण तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में हाल के महीनों में अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं, जिनसे न केवल रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हुई है, बल्कि संरक्षा एवं यात्री सुविधा स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

तीसरी लाइन विस्तार कार्य के अंतर्गत तुमसर रोड स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली एवं यार्ड संशोधन का कार्य 31 जनवरी को सफलतापूर्वक प्रारंभ

किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से नागपुर दुर्ग रेल खंड की लाइन क्षमता में वृद्धि हुई है, जिससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुगम, सुरक्षित हो सकेगा। आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के लागू होने से सिग्नलिंग व्यवस्था अधिक विश्वसनीय एवं त्वरित बनी है। इसी क्रम में डोंगरगढ़ स्टेशन यार्ड में नई अतिरिक्त परिपथ लाइन (लाइन संख्या2) के प्रावधान के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में संशोधन कर 10 नए सिग्नल तथा 10 नई प्वाइंट मशीनें स्थापित की गईं। यह कार्य 27 दिसंबर को चालू किया गया। अतिरिक्त परिपथ लाइन के प्रारंभ होने से ट्रेनों की क्रॉसिंग एवं ओवरटेकिंग की सुविधा में सुधार हुआ है तथा यातायात प्रबंधन अधिक प्रभावी हुआ है। ग्वारीघाट स्टेशन पर 12 अक्टूबर 2025 को नई टॉवर वैगन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में आवश्यक संशोधन किया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहल

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहल की गई है। अगस्त 2025 में मोतीबाग स्थित पॉलीक्लिनिक में 13 काउंटरों पर कतार प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त अक्टूबर 2025 में छिंदवाड़ा स्टेशन, नागभीड़ तथा तुमसर रोड स्थित रेलवे स्वास्थ्य इकाइयों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे रोगियों को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध सेवा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त 24 जुलाई 2025 को केवलारी रेलवे स्टेशन में मौजूदा अनारक्षित टिकट प्रणाली के साथ नई यात्री आरक्षण प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे यात्रियों को आरक्षण संबंधी सेवाओं में और अधिक सुविधा एवं पारदर्शिता प्राप्त हो रही है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि नागपुर मंडल में संरक्षा, क्षमता वृद्धि एवं यात्री सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली, अतिरिक्त लाइनों तथा डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से रेल सेवाओं को और अधिक सुरक्षित, सुगम एवं विश्वसनीय बनाने के लिए मंडल निरंतर प्रतिबद्ध है।

ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के दिशा में कार्य कर रही सरकार : योगेश्वर

■ सरकार ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार नई पहल कर रही है - विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम चिंगरौद में 'वी बी जी राम जी' कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक जन चौपाल का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसानों को संबोधित करते हुए योजना के लाभों की विस्तार से जानकारी दी और विकसित भारत की परिकल्पना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार नई पहल कर रही है। विधायक सिन्हा ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत रोजगार के दिनों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां ग्रामीणों को 100 दिनों का रोजगार मिलता था, अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इससे मजदूरी पर निर्भर परिवारों को अधिक काम के अवसर मिलेंगे और उनकी

आय में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि योजना को आजीविका मिशन से जोड़ने के कारण स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश की रीढ़ है और इसके सशक्त होने से विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी ग्राम विकास, आत्मनिर्भर भारत और किसान सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष येतराम साहू, 'वी बी जी राम जी' के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, बीज निगम अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, जिला मीडिया सह प्रभारी आनंद साहू, मंडल महामंत्री साजन यादव, भाजपा नेता पंकज चंद्राकर, मिलिंद चंद्राकर, ग्राम पंचायत चिंगरौद के सरपंच छेरकू जलक्षत्री, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

डॉ. अर्चना वर्मा प्राचार्य पद पर पदोन्नत, छात्रों व स्टाफ ने दी बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डॉ. अर्चना वर्मा के प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समारोह के दौरान स्टाफ सदस्यों ने नवनियुक्त प्राचार्य का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। वक्ताओं ने डॉ. अर्चना वर्मा के अब तक के शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और अनुशासित कार्यशैली से विद्यालय शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ. वर्मा ने सभी के स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और विद्यालय का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता होगी। इस गरिमामयी अवसर पर उपस्थित विद्यालय के समस्त व्याख्याता, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने नवनियुक्त प्राचार्य को बधाई एवं शुभकामना दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण 16 से

भाटापारा/नवप्रदेश। भारत सरकार के रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा सेक्टर स्पेसिफिक ट्रेनिंग प्रोग्राम में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में 16 फरवरी से आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण हेतु पहला बैच 16- से 18 फरवरी, दूसरा बैच 19 से 21 फरवरी,तीसरा बैच 23-से 25 फरवरी एवं चौथा बैच 26- से 28 फरवरी को आयोजित होगा।प्रशिक्षण समय सुबह 10:30 बजे से शाम के 4:30 बजे तक होगा। इस प्रशिक्षण में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस,फूड प्रोसेसिंग से संबंधित नई तकनीक, नए उत्पादों , मशीनरी , आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही साथ ब्रांडिंग, पैकेजिंग मार्केटिंग, आवश्यक सर्टिफिकेशन एवं बिजनेस डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में फूड प्रोसेसिंग और माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस से जुड़े हुए उद्यमी, महिला उद्यमी, स्व सहायता समूह एवं युवा साथी भाग ले सकते हैं । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णता निशुल्क है प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं निशुल्क उद्यम पंजीयन कराया जाएगा। पंजीयन हेतु प्रत्येक बैच के प्रशिक्षण के प्रथम दिवस सुबह 10:30 बजे केवीके भाटापारा में संपर्क कर सकते हैं।अपने आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड और अकाउंट डिटेल के साथ आ सकते हैं। आधार कार्ड आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7566 1 95551 पर संपर्क कर सकते है।

शिव-गौरी के विवाह में शामिल होंगे द्वारिकाधीश

महासमुंद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर नगर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

युवा उत्कल महाकाल परिवार, गणेश पारा बागबाहरा के तत्वावधान में 14 एवं 15 फरवरी को भव्य शोभायात्रा तथा शिव-गौरी विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा दिए गए आमंत्रण को विधायक श्री यादव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में सहभागिता की सहमति प्रदान की है। समिति के अनुसार 14 को मायन कार्यक्रम आयोजित होगा, वहीं 15 को धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला प्रातः 9 बजे भगवान शिव के रुद्राभिषेक से प्रारंभ होगी। पश्चात 10 बजे तेल-हल्दी की पारंपरिक रस्म निभाई जाएगी।

राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर बिखरी लोकसंस्कृति की छटा

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प के 13वें दिन मुख्य मंच पर लोककला, पंडवानी और छत्तीसगढ़ी गीतों की ऐसी अविरल धारा बही कि दर्शक देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडवानी गायिका प्रभा यादव की वेदमती शैली की प्रस्तुति से हुई। उन्होंने द्रौपदी विवाह प्रसंग को ÷वृंदावन बिहारी लाल की जय÷ के उद्घोष और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत के साथ किया। इसके बाद नवोदय विद्यालय पांडुका के छात्र-छात्राओं ने बारामासी गीत प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ी लोकजीवन की झलक दिखाई। 'खन-खन बैला के घुंघरू बाजे रे' गीत पर आधारित नृत्य ने पशु-प्रेम और ग्रामीण संस्कृति को मंच पर साकार कर दिया।

पर्व स्नान करने उमड़ी नागा साधु-संतों की भीड़

राजिम कुंभ कल्प में महाशिवरात्रि पर नागा साधुओं सहित साधु संतों ने निकाली शोभायात्रा

■ पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और राजिम-अभनपुर विधायक हुए शामिल

■ अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा साधुओं ने किया शौर्य प्रदर्शन

राजिम /नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागा बाबाओं, साधु-संतों, विभिन्न अखाड़ों ने शाही स्नान के लिए ऐतिहासिक शोभायात्रा संत समागम स्थल परिसर से सुबह 7 बजे निकाली। इस शोभा यात्रा में समस्त नागा, साधु-संतों के साथ संस्कृति और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकियों शाही बग्गी, घोड़ों में विभिन्न साधु-संत सवार थे।

शोभायात्रा संत समागम स्थल से शुभारंभ होकर श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीछे मार्ग से नेहरू बाल उद्यान होते हुए, इंदिरा मार्केट, राजिम पुल, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गौरवपथ राजिम, बीआईपी मार्ग होते हुए मेला परिसर में बने शाही कुंड में पहुंचे। शोभायात्रा का स्वागत दोनों शहर नवापारा और राजिम में विभिन्न चौक चौराहों में फूल बरसा कर किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न चौक में अनेकों अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा बाबाओं, साधु-संतों ने शौर्य प्रदर्शन करते हुए अखाड़ा चलाते रहे। नागा साधुओं ने तलवार और फरसा भांजते खुशी से नाचते देखकर मेले में आए अंचलवासी भी रोमांचित हो उठे। धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए शोभायात्रा शाही कुंड के पास पहुंची। यहां नागा साधुओं ने विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन पश्चात कुंड में छलांग लगाई।

नागा बाबाओं के साथ मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक रोहित साहू भी कुंड में डुबकी लगाने के लिए उतर गए। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। शाही स्नान करने विभिन्न अखाड़ों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस विहंगम दृश्य को देखने मेला क्षेत्र के अलावा कुंड के पास बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। शाही यात्रा की भव्यता का आनंद लेने विदेशी पर्यटक भी शामिल हुए।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था थी। इस शाही यात्रा में श्री पंच दशनामी सन्यासी अखाड़ा के नागा साधु के अलावा विभिन्न अखाड़ों के साधु संत, भैरवी शक्ति, करीब पंथ, सतनाम पंथ के संतों एवं उनके अनुयायी भी शामिल रहे।

इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि ÷महाशिवरात्रि पर नागा साधुओं की शाही शोभायात्रा और शाही स्नान ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया है। शाही स्नान के लिए प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से साधु-संत पहुंचे हुए हैं। राज्य सरकार राजिम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां की आस्था, संस्कृति और व्यवस्था देखकर हर कोई अभिभूत है।

निजी ज़मीनों, और खेतों में लगे पौधों को वन क्षेत्र की वृद्धि बता रहीं है सरकार: विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर वन क्षेत्र के आंकड़ों को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निजी जमीनों, खेतों और घरों के आसपास लगे पौधों की गणना को वन क्षेत्र की वृद्धि बताकर भारतीय जनता पार्टी सरकार वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। वन मंत्री द्वारा 683 वर्ग किलोमीटर जंगल बढ़ने का दावा किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में प्राकृतिक वनों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है।

श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है, तब से बड़े पैमाने पर प्राकृतिक वनों की कटाई हो रही है। विशेष रूप से हसदेव अरण्य जैसे घने वन क्षेत्र में कोयला खनन परियोजनाओं के लिए पेड़ों की कटाई जारी है। उन्होंने बताया कि हसदेव अरण्य की जैव-विविधता से भरपूर प्राचीन वनों में परसा ईस्ट केते बासन कोल ब्लॉक (पीईकेबी) परियोजना के तहत लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं। यह क्षेत्र सरगुजा, कोरिया और कोरबा जिलों तक फैला हुआ है और इसे छत्तीसगढ़ के 'फेफड़े' के रूप में जाना जाता है। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाए जाने से खनन गतिविधियों में तेजी आई है, जिससे रायगढ़ के तमनार, नारायणपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, बीजापुर, बस्तर, गरियाबंद और बलौदाबाजार जिले के सोनाखान क्षेत्र में भी वनों की कटाई की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि प्राकृतिक जंगलों के लगातार कम होने के बावजूद वन क्षेत्र में वृद्धि के सरकारी दावे वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते और यह केवल राजनीतिक प्रचार का प्रयास है।

ग्राम बेमचा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बेमचा में स्व.दाऊ गुलाब सिंह चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सम्पत अग्रवाल तथा पूनम चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, श्रीमती जानकी चंद्राकर, श्रीमती रमा चंद्राकर, श्रीमती संगीता-राहुल चंद्राकर, श्रीमती निधि-हर्ष चंद्राकर तथा श्रीमती आकांक्षा-अनमोल चंद्राकर द्वारा कराया जा रहा है। कथावाचक दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन दास महाराज है। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर वेदी स्थापना कराई और कथा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन समिति के अनुसार 20 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी।

महर्षि कुभंज ऋषि आश्रम में होता है त्रि दिवसीय रामचरितमानस गान का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी सिहावा महर्षि कुम्भज ऋषि सप्त ऋषि की पावन स्थल महानदी चित्रोत्पला गंगा की उद्गम स्थल से 1 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में मलयाचल पर्वत डोंगरीपारा (सिहावा) में समाधि में लीन हो गए। सप्त ऋषियों के इस पावन धरा में अनेकों गाथा तुलसी कृत रामचरित मानस ग्रंथ में उपलब्ध है इस तपोभूमि में महाशिवरात्रि के

पावन अवसर पर विगत 19 वर्षों से मानस सम्मेलन एवं सुन्दर काण्ड के माध्यम प्राकृतिक शिवलिंग जिसकी ऊँचाई लगभग 25 फिट है शिवरात्रि के दिन 1001 बेल पत्र, दुध, दही से अभिषेक कर मंत्रोच्चारण के द्वारा विधिवत पूजन किया जाता है बता दें आश्रम में त्रेता युग में भगवान भोले नाथ माता सती के साथ रामकथा सुनने इस आश्रम में आकर कुछ दिन रूक कर महर्षि से रामकथा का रसपान किया किन्तु सती को मोह होने की वजह से राम कथा श्रवण करने में वंचित हो गया।

माताओं को बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास की दी गई परामर्श

केन्द्र में मनाया गया वजन त्योहार, बच्चों का किया गया वजन- माप

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में 09 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बागबाहरा विकास खंड के कोमाखान सेक्टर के ग्राम कसीहबाहरा आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें 0 से 6 साल के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापी गई। साथ ही किशोरी बालिका, गर्भवती एवं शिशुवती, महिलाओं का वजन और ऊंचाई दर्ज किया गया। पालकगणों को बच्चों के

शारीरिक व मानसिक विकास के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों का समय पर टीकाकरण के साथ माता द्वारा स्तन पान, खान पान संबंधित विस्तार पूर्वक समझाइश दी गई। माताओं को बच्चों के ग्रोथ चार्ट के बारे में भी बताया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र में माताओं को जेड स्कोर के जरिए बच्चों से जुड़ी सामान्य, मध्यम और गंभीर कुपोषित के लक्षण को बताया गया। सामान्य बच्चे को हरा कैटिगरी में मध्यम बच्चा पीला कैटिगरी में और गंभीर बच्चा लाल कैटिगरी में होना बताया। जो बच्चा लाल कैटिगरी में है वो बच्चा गंभीर होता है, जिसके बारे में गृह भेट के जरिए जागरूक किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में ड्राई मौसम, तापमान 2-3 डिग्री बढ़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम पूरी तरह ड्राई बना हुआ है। ठंड का असर भी कम होता दिखाई पड़ रहा है। इस समय दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंड का असर बना हुआ है। हालांकि पिछले चार-पांच दिनों के भीतर राज्य के औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। अगले सात दिन यही ट्रेंड जारी रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32.5°C रायपुर और सबसे कम न्यूनतम तापमान 9°C अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। राज्यभर में बारिश के आंकड़े शून्य रहे। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और पेंड्रा में दिन का तापमान सामान्य से करीब 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जिससे दिन में गर्मी बढ़ गई है। फिलहाल कोई सिनॉप्टिक सिस्टम एक्टिव नहीं है।

केंद्रीय बजट विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला -किरण सिंहदेव

केंद्रीय बजट को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में केंद्रीय बजट को लेकर जिला मुख्यालय महासमुंद में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप, डिजिटल सशक्तिकरण और कौशल विकास के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का

लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य वक्ता एवं धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह बजट गांव, गरीब और युवाओं पर केंद्रित है। शिक्षा, अधोसंरचना, डिजिटल इंडिया और कृषि क्षेत्र में किए गए प्रावधानों से देश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिहा ने कहा कि यह बजट युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला है। रोजगार, स्वरोजगार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे संवाद के माध्यम से बजट की सकारात्मक जानकारियों को समाज के बीच पहुंचाएं। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह बजट प्रदेश सहित महासमुंद जिले के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। युवाओं के लिए कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को समर्पित बजट है। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने स्वागत भाषण एवं प्रस्तावना प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं उद्यमियों को सशक्त बनाने वाला बजट है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिससे रोजगार, शिक्षा और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

इस अवसर पर मंचासीन वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों में विधायक सम्पत अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत गोल्डी, सरला कोसरिया, पूनम चंद्राकर, विमल चोपड़ा, त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, आदि उपस्थित रहे।

सांकरा में पांच दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन का शुभारंभ,

नगरी/नवप्रदेश। सांकरा में भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब अमरनाथेश्वर राम-जानकी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ पांच दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। आचार्य पंडित उदेभानु दिवान ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। शंखध्वनि और श्रद्धालुओं की भक्ति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के चरणों में पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दूर-दराज से पहुंचे संत-महात्माओं और मानस प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ा दी।

आत्मनिर्भरता और तकनीकी समृद्धि की नई राह खोलेगा एग्रीटेक कृषि मेला : गुरु खुशवंत साहेब

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का भव्य समापन

रायपुर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिला में 11 से 13 फरवरी तक शासकीय हाईस्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, जर्वे में आयोजित तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का समापन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा जाज्वल्या 2026 स्मारिका का विमोचन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंथी नृत्य एवं मल्लखंभ की आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

सामाजिक न्याय और कौशल विकास पर जोर

मंत्री श्री साहेब ने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग मुख्यधारा से पीछे न रहे, यह सरकार का संकल्प है। कौशल विकास एवं आर्थिक अवसरों के माध्यम से सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से एआई एवं नई तकनीकों में दक्ष बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों के लिए निरंतर प्रयास-मंत्री श्री साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। धान के समर्थन मूल्य से लेकर नई कृषि नीतियों तक अनेक योजनाएं किसानों के हित में संचालित की जा रही हैं।

कृषि एवं तकनीक के संगम से समृद्धि की ओर

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि एग्रीटेक कृषि मेला 2026 किसानों और युवाओं के लिए नवाचार का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा कृषि की समृद्ध धरती है, जहां परंपरा और आधुनिक तकनीक का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक, आधुनिक कृषि उपकरणों एवं नवीन तकनीकों के उपयोग से किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा युवाओं को एग्री-उद्यमी बनने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के कृषक तकनीकी नवाचार अपनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होंगे।

न्यूज गैलरी

टीबी पेशेंट को नहीं मिल पा रहा है पोषक आहार सहायता राशि

रायपुर/नवप्रदेश। टीबी उन्मूलन को लेकर सरकारी दावों पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार की दुर्भावना के चलते निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को मिलने वाली मासिक 1200 की आर्थिक मदद पिछले कई महीनों से अटकी हुई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के द्वारा संचालित योजना के तहत दी जाने वाली यह सहायता राशि मरीजों के इलाज के साथ-साथ उनके पोषण के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन क्क्लस्र्ब से स्क्क-स्पर्श पोर्टल में जानबूझकर षड़यंत्रपूर्वक बदलाव किए गए और तकनीकी दिक्कते पैदा की गई जिसके कारण भुगतान पूरी तरह ठप हो गया है। बिना पोषण सहायता के टीबी मरीजों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है, जिससे इलाज अधूरा रहने और बीमारी बढ़ने का खतरा बढ़ गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार की अकर्मण्यता से टीबी मरीजों की हालत बिगड़ रहा है। टीबी के इलाज में दवा के साथ पोषण भी उतना ही जरूरी है, लेकिन आर्थिक मदद समय पर न मिल पाने से, टीबी उन्मूलन का लक्ष्य भी खतरे में पड़ गया है। यह सरकार प्रदेश के टीबी मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दी है।

गणित के सूत्रों को याद करने बनाएं 'फॉर्मूला नोटबुक'... बार-बार लिखकर करें याद

रायपुर/नवप्रदेश। गणित के सूत्रों को बार-बार लिखकर याद करना चाहिए। इससे यह दिमाग में गहराई से बैठ जाते हैं। गणित के सूत्रों के लिए अलग से नोट बुक बनाएं, जिसे 'फॉर्मूला नोटबुक' का नाम दें। यह नोटबुक आपको आगे भी काम आएगी। गणित के सूत्रों को रटने के बजाए यह समझें कि यह कैसे बना है। इससे आप उसे लंबे समय तक याद रख पाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के हेल्प लाइन में गणित से संबंधित सवालों के जवाब में इस आशय के टिप्स संत ज्ञानेश्वर स्कूल के गणित के वरिष्ठ शिक्षक अखिल खरे ने दिए। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बीच परीक्षा को लेकर बच्चों के मन में व्याप्त भय को दूर करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से हेल्प लाइन सेंटर शुरू किया गया है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश भर के बच्चे और अभिभावक फोन कर रहे हैं। अखिल खरे ने हेल्प लाइन नंबर पर आए बच्चों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें गणित के सूत्रों को याद करने का फार्मूला भी बताया। गणित को लेकर बच्चों के मन में काफी भय देखा है। खरे ने बताया कि हर सूत्र से संबंधित कम से कम 10 प्रश्नों को हल करके अभ्यास कर लें। ऐसा करने से वह सूत्र आपको हमेशा के लिए याद हो जाएगा। अति महत्वपूर्ण सूत्रों को चार्ट पेपर पर लिखकर अपनी स्टडी टेबल या कमरे की दीवार पर चस्पा करें। बार-बार देखने से यह सूत्र याद हो जाता है। गणित के सूत्रों को जोर-जोर से बोलकर पढ़ें।

छत्तीसगढ़ में 2 डिग्री बढ़ा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम ड्राई बना हुआ है। ठंड का असर भी कम होता दिखाई पड़ रहा है। इस समय दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंड का असर बना हुआ है। वहीं पिछले 4-5 दिनों के भीतर राज्य के औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आज महाशिवरात्रि पर भी मौसम साफ बना रहेगा। इसके अलावा मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। अगले 7 दिन यही ट्रेंड जारी रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 32.9एष्ट रायपुर और सबसे कम न्यूनतम तापमान 9. 9एष्ट अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। राज्यभर में बारिश के आंकड़े शून्य रहे। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और पेंड्रा में दिन का तापमान सामान्य से करीब 2-3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है, जिससे दिन में गर्मी बढ़ गई है। फिलहाल, कोई सिनॉप्टिक सिस्टम एक्टिव नहीं है। हालांकि, आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में सुबह के समय हल्की धुंध छाए रहने की संभावना है।

साय बोले- नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त करने सरकार प्रतिबद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय कहा, कि राज्य में नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाए और राज्य के विकास की राह में कोई बाधा न रहे। बस्तर क्षेत्र पिछले चार दशकों से विकास से अछूता रहा है और अब इसे तेजी से विकास की ओर अग्रसर करना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अब राज्य सरकार इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दे रही है और स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।

किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास -वहीं, सीएम साय ने छत्तीसगढ़ में हुई धान खरीदी को लेकर भी बयान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। इस साल राज्य में 25 लाख 24 हजार किसानों का धान खरीदा गया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों को उनकी धान की अंतर की राशि होली से पहले वितरित कर दी जाएगी। इसका उद्देश्य न केवल किसानों की वित्तीय स्थिति मजबूत करना है, बल्कि उन्हें समय पर उनकी कमाई उपलब्ध कराकर आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करना है।

रायपुर में हटकेश्वरनाथ का अर्धनारीश्वर स्वरूप, भूत-पिशाच संग निकली भोलेनाथ की बारात

दुर्ग में बर्फ से बनाया शिवलिंग, मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सुबह से ही महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। मंदिरों में भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु सुबह 4 बजे से पहुंचने लगे। रायपुर में महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ महादेव का अर्धनारीश्वर स्वरूप में श्रृंगार किया गया है। वहीं चरोदा में रुद्राक्ष से भगवान शिव का श्रृंगार किया गया।

राजिम कुंभ कल्प में ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद भगवान श्री कुलेश्वरनाथ के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायगढ़ में देर रात करीब एक बजे धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ ग्राम कोसमनारा स्थित श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

बिलासपुर, जदलपुर, दुर्ग-भिलाई में भी भक्तीमय माहौल बना हुआ है। इस दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। राज्य के सबसे प्रसिद्ध गरियाबंद जिले के राजिम में स्थित भूतेश्वर नाथ मंदिर में एक दिन पहले से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किया। आज यहां शिवालय से बाबा भूतेश्वर नाथ की पालकी निकलेगी। आज भी सुबह से भत्तों की लंबी लाइन लगी हुई है।

दुर्ग में शिवनाथ नदी के तट पर बर्फ की सिल्ली से आकर्षक शिवलिंग का निर्माण कराया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां प्राचीन मंदिर होने के कारण हर वर्ष भव्य मेले का आयोजन होता है।

राजनांदगांव जिले स्थित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में विशाल आयोजन होगा। यहां विराजमान दुर्लभ स्फटिक के पातालेश्वर महादेव और पारे के भव्य पारेश्वर ज्योतिर्लिंग का महारुद्राभिषेक रात 10 बजे से शुरु हो गया। रायगढ़ जिले के कोसमनारा में भी महाशिवरात्रि पर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

सरगुजा के देवगढ़ स्थित शिवलिंग की अर्धनारीश्वर के रूप में पूजा अर्चना हुई। धमतरी में देर रात भगवान शिव की बारात निकली। वहीं दुर्ग जिले में आज शाम राम, रावण, विभिषण, किन्नर, भूत पिशाच, राक्षसों के साथ भगवान की बारात निकलेगी। आयोजन के लिए 31 हजार लोगों को निमंत्रण भेजा गया है।

रायपुर में हेरोइन-गांजा सप्लायर गिरफ्तार 9 आरोपी मादक पदार्थों के साथ पकड़ाए

35 लाख से अधिक का सामान जब्त; पुलिस बोली- कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस शहर में ड्रग्स, गांजा और नशीली गोलियां बेचने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कबीर नगर थाना क्षेत्र में हेरोइन और गांजा बेचने पहुंचे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गांजा सप्लाई करने पहुंचे तीन आरोपियों और गोल बाजार थाना क्षेत्र में हेरोइन बेचने पहुंचे एक आरोपी को भी पकड़ा गया है। डीडी नगर और खमतराई थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने गांजा और नशीली गोलियां बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इसी तरह पुलिस ने 35 लाख से ज्यादा का माल जब्त की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं, आरोपियों से जुड़े नेटवर्क और पूरे मामले का खुलासा रायपुर पुलिस के अधिकारी जल्द करेंगे।

हेरोइन और गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

कबीर नगर थाना पुलिस ने हीरापुर इलाके में वेदांत वाटिका के पास रेड कार्रवाई करते हुए धर्मेंद्र सिंह और संतोष सिंह सिदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से हेरोइन और गांजा बरामद किया है।

एमडीएमए के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोल बाजार पुलिस ने डीकेएस अस्पताल की पार्किंग के पास से आरोपी चित्रांश पवार (20) को पकड़ा है। आरोपी के पास से पुलिस ने एमडीएमए और एक मोबाइल बरामद किया है। जब्त माल की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

शराब बंदी की बात करने वाली भाजपा शराब की काली कमाई में डूब गई है : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार ने निर्णय लिया है कि अब 1 अप्रैल से फाइबर की बोतल में शराब मिलेगी। साथ ही 35 नई दुकाने भी खोली जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि शराब बंदी की बात करने वाली भाजपा शराब की खपत बढ़ाने में लगी है। शराब की काली कमाई के लालच में भाजपा की सरकार ने पिछले दो वर्षों में आधा दर्जन बार आबकारी नीति में परिवर्तन किया है। पूर्व में संचालित लगभग 700 दुकानों में कंपोजिट व्यवस्था लागू करके अंग्रेजी में देसी और देसी शराब दुकानों में अंग्रेजी शराब भी बेचने का निर्णय लिया अर्थात पुरानी दुकानों की क्षमता दुगनी होकर 400 हो गयी। इस सरकार ने पिछले साल 67 नई शराब दुकानें खोले, जिसका जमकर विरोध हुआ, अब नई नीति में 35 और शराब दुकान खोले जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा की सरकार हर तरफ से शराब की बिक्री बढ़ाने में लगी है। विगत दिनों अंबिकापुर में सी-मार्ट को बंद कर प्रीमियम शराब दुकान खोली गई, अब नई शराब नीति के तहत और भी प्रीमियम दुकान खोलने का फैसला भाजपा की सरकार ने लिया है। पिछले 2 साल में सीमावर्ती पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा से शराब की तस्करी बढ़ी है।

5वीं और 8वीं की होगी केंद्रीकृत परीक्षा

प्राइवेट स्कूल के बच्चे भी हो सकते हैं शामिल, किसी स्टूडेंट को नहीं किया जाएगा फेल

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग ने 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर स्पष्ट किया है कि, इस साल किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा। मुख्य परीक्षा में असफल होने पर पूरक परीक्षा का अवसर मिलेगा। उसमें भी सफल नहीं होने पर छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक परीक्षा पर रोक थी। विभिन्न राज्यों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार ने आरटीई में शिथिलता दी। 5वीं-8वीं की परीक्षा लेने की अनुमति राज्यों को दी। इसके बाद राज्य शासन ने पिछले साल से परीक्षा फिर शुरू की है।

असम चुनाव में छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेताओं को लगाया

ओपी चौधरी ने कहा-हम चाहते हैं इनके पैर असम में भी पड़े

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की ड्यूटी असम विधानसभा चुनाव में लगाई गई है। उन्होंने कहा, हम सब बीजेपी के साधारण कार्यकर्ता हैं। मेरी, डेप्युटी सीएम अरुण साव और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू की असम विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा, हम वहां आम कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक नेता को 8 से 10 विधानसभा सीट की जिम्मेदारी दी गई है।

जीत का किया दावा-वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि असम ही नहीं आने वाले समय में जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। उन सभी जगहों पर बीजेपी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह समझ चुकी है कि विकास कौन सी पार्टी कर सकती है।

मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, सब कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं, अभी असम में चुनाव होने वाले हैं इसलिए अरुण साव, मेरी और सभी नेताओं की ड्यूटी लगी है। वहां हम कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं, पूरी शिद्दत के साथ परिश्रम कर रहे हैं। निश्चित रूप से अभी जितने राज्यों में चुनाव होने है चाहे बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडू की बात हो इन सभी जगहों पर भाजपा की जीत होगी।

भूपेश बघेल पर हमला-ओपी चौधरी ने कहा, हम तो चाहते हैं कि भूपेश बघेल के भी पांव असम में पड़े क्योंकि उनके पांव जहां पड़ते हैं वहां कांग्रेस का सफाया हो जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हो या फिर पंजाब या असम भूपेश बगेल के कदम जहां भी पड़ते हैं वहां बीजेपी को फायदा होता है।

कांग्रेस ने भूपेश बघेल को दी है जिम्मेदारी-असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस ने भूपेश बघेल के साथ डीके शिवकुमार और बंधु तर्की को असम चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

महाराष्ट्र मंडल ने पुलवामा के वीर बलिदानियों को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। सात बरस पहले साल 2019 में 14 फरवरी को भारत की सुरक्षा के लिए सिर पर कफन बांधे देश के वीर जवानों का काफिला निकला था, जिन पर पुलवामा में घात लगाए बैठे कायर आतंकवादियों ने आत्मघाती हमला किया। इस हमले में देश के 40 सिपाही बलिदान हो गए थे। महाराष्ट्र मंडल ने 40 बलिदानी सिपाहियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि आज से सात साल पहले पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले में हमारे अपने 40 जवानों को खो दिया। मोदी सरकार के साहसी निर्णय के बाद हमारी बहादुर एयरफोर्स ने एयर स्ट्राइक किया। पाकिस्तान के भीतर घुसकर जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों को तबाह कर दिया और उनके सैकड़ों आतंकवादियों को मौत की नींद सुला दिया।

प्री-पेड स्मार्ट मीटर के सॉफ्टवेयर ने काम शुरू किया

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में जिन लोगों ने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, उन्हें बिजली का झटका जोर से लग रहा है। बिल बकाया होने पर ऑटोमैटिक बिजली कट रही है। यानी जो लोग बिजली बिल का भुगतान तय तारीख में नहीं कर रहे, उनकी बिजली कट रही है। बिल का भुगतान करते ही ऑटोमैटिक बिजली वापस शुरू हो जा रही है। बिल अदा करने के बाद किसी दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है।

बिजली कंपनी के अफसरों का दावा है कि नए सॉफ्टवेयर को अभी रन किया जा रहा है। आने वाले समय में स्मार्ट प्री-पेड मीटर इसी सिस्टम से काम करेंगे। इसलिए अभी इसका ट्रायल हो रहा है। सबसे पहले इसे कमर्शियल मीटरों में लागू किया गया है। इसके बाद यही सिस्टम घरेलू मीटर के लिए भी लागू होगा। हालांकि इसका असर घरेलू मीटरों में भी दिखाई दे रहा है। अचानक से बिजली कट जाने पर लोग हैरान हो रहे हैं। बिजली कंपनी के कॉल सेंटर पर फोन करने पर उन्हें मीटर की लाइट देखने की सलाह दी जाती है। मीटर की लाइट बंद होने पर बकाया बिजली बिल का भुगतान करने की सलाह दी जा रही है।

आला अफसरों ने इस बार सख्ती से कहा है कि तय समय में स्मार्ट मीटर लग जाने का काम खत्म हो जाना चाहिए। की पड़ताल में पता चला है कि सिंगल फेज वाले मीटर तेजी से बदले जा रहे हैं। लेकिन थ्री फेज वाले मीटर कम आने की वजह से ज्यादातर घरों में नहीं बदले जा सके हैं। खासतौर पर रायपुर खास वाले शहरी वार्डों में बड़ी संख्या में घरों में थ्री फेज वाले मीटर बदलने का काम बाकी है।

48 हजार स्मार्ट मीटर लगना अभी भी बाकी

रायपुर में 4 लाख घरों में स्मार्ट प्री पेड मीटर लगने हैं। इसमें अभी तक करीब 3.52 लाख मीटर लग चुके हैं। बाकी 48 हजार मीटर मार्च 2026 तक हर हाल में लगा लिए जाएंगे। बिजली कंपनी ने पहले दिसंबर 2025 तक सौ फीसदी मीटर लगाने का टारगेट तय किया था। लेकिन मीटर सप्लाई धीमी होने की वजह से काम पूरा नहीं हो पा रहा है।

तीसरी बार समय सीमा तय की गई

राजधानी समेत राज्यभर में सबसे पहले दिसंबर 2024 में शत-प्रतिशत प्री पेड स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। इसके बाद 30 जून और फिर दिसंबर 2025 में यह काम खत्म करने का दावा किया गया।

सहकारिता विभाग में बड़ा भ्रष्टाचार-कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने एक बयान जारी कर कहा कि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर में धान खरीदी में तालपत्री, सुतली, रंग और कांटाबाट की खरीदी में बहुत बड़ा घोटाला किया गया है। रायपुर एवं अन्य जिला सहकारी बैंक के अधिनस्त समितियों में बहुत बड़ा बन्दर बांट सीईओ और अपैक्स के अधिकारी एवं अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, अपैक्स बैंक के अधिकारी द्वारा बैंक के सीईओ को फोन कर समितियों को उनके चहेते व्यापारी से सामान खरीदने कहा गया और सीईओ द्वारा एक रिटायर्ड अधिकारी को काम में लगा दिया गया है।

सुविचार

आपके मुंह पर कड़वी सच्चाई बोल देने वाले लोग झूठी दिलासा देने वालों से लाख गुना अच्छे होते हैं।

बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का सफाया

बांग्लादेश में हुए चुनाव में कट्टरपंथियों का सफाया हो गया। बांग्लादेश नेश्नलिस्ट पार्टी को दो तिहाई से ज्यादा बहुमत जबकि जमात-ए-इस्लामी को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया था इसलिए वहां बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच सीधा मुकाबला हुआ। अब बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जिआऊर रहमान और वहां की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी खालिदा जिया के बेटे तारीक रहमान नए प्रधानमंत्री बनेंगे जो 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे थे और इस बीच उनकी मां खालिदा जिया का निधन हो जाने के कारण उन्होंने पार्टी की बागडोर संभाली थी। सिर्फ दो माह में ही उन्होंने बांग्लादेश में अपनी पार्टी को मजबूती दी और उनके नेतृत्व में बीएनपी ने एतिहासिक बहुमत हासिल कर नया इतिहास रच दिया। बांग्लादेश की सियासत ने जो नई करवट ली है उससे भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों को नया आयाम मिलने की उम्मीद बंधी है। यही वजह है कि बांग्लादेश में चुनावी रूझान आते ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तारिक रहमान को बधाई दी थी और यह उम्मीद जताई थी कि भारत और बांग्लादेश के बीच एक नया अध्याय लिखा जाएगा। गौरतलब है कि जब से बांग्लादेश में शेख हसीना की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट हुआ था और मोहम्मद युनूस ने वहां के कार्यवाहक के रूप में सत्ता की बागडोर संभाली थी तभी से बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों ने हिन्दु अल्पसंख्यों पर जुल्म ढाना शुरू कर दिया था। अब भारत को यह उम्मीद बंधी है कि तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद हिन्दु अल्पसंख्यों के खिलाफ हिंसा और अत्याचार रूकेगा। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के वोट पहले शेख हसीना की आवामी लीग पार्टी को मिला करते थे इस बार आवामी लीग चुनाव से बाहर थी इसलिए हिन्दुओं के वोट तारिक रहमान की पार्टी बांग्लादेश नेश्नलिस्ट पार्टी को मिले। यही नहीं बल्कि बीएनपी ने छह हिन्दुओं को भी टिकट दी थी जिनमें से चार चुनाव जितने मे संफल भी हुए हैं। इसलिए अब बांग्लादेश में हिन्दुओं के हित सुरक्षित रहेंगे यह उम्मीद की जा सकती है। बहरहाल अब देखना यह होगा कि भारत विरोधी रवैया अख्तियार करने वाले मोहम्मद युनूस की बांग्लादेश में क्या भूमिका होती है। ऐसी चर्चा है कि अमेंरिका मोहम्मद युनूस को बांग्लादेश का राष्ट्रपति बनाना चाहता है ताकि बांग्लादेश में अमेरिकी दखल बना रहे और चीन वहां दखलअंदाजी न कर पाये। पाकिस्तान ने भी बांग्लादेश में आतंकियों की घुसपैठ करा रखी है इसलिए पाकिस्तान भी यही चाहेगा कि मोहम्मद युनूस वहां के राष्ट्रपति बने। यदि ऐसा हुआ तो भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में जमीं बर्फ पिघलने की संभावना कम हो जाएगी।

पार्षद पतियों की दखलअंदाजी रोकने की कवायद

प्रदेश के नगरीय निकायों में पार्षद, अध्यक्ष और महापौर के पतियों तथा अन्य रिश्तेदारों की दखलअंदाजी बढ़ने की शिकायतें समय समय पर सामने आती रही है लेकिन राज्य सरकार ने इस पर कभी गंभीरतापूर्वक ध्यान नहीं दिया और न ही पार्षद पतियों की दखलअंदाजी को रोकने की दिशा में कोई कारगर कदम उठाया। नतीजतन पार्षद पतियों के हौसले बुलंद होते गये। पूर्व में एक बार जब ऐसी शिकायातें बढ़ी तो नगरीय प्रसाशन विभाग ने एक आदेश जारी कर अपने कत्वर्य की इतिश्री कर ली थी। अब नगरीय प्रशासन विभाग ने ऐसे नगरीय निकायों में जहां महिला जनप्रतिनिधी हैं उनके कामकाज में दखल देने वाले उनके पतियों और अन्य पारिवारिक सदस्यों पर कड़ाईपूर्वक प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी कर दिये हैं। गौरतलब है कि अनेक नगरीय निकायों में पार्षद ही नहीं बल्कि अध्यक्ष और महापौर के पति भी नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक लेते रहे हैं और उन्हें निदेर्श देते रहे हैं। इन महिला जनप्रतिनिधियों के घरों में जब आम जनता अपनी शिकायत लेकर जातें है तो वहां भी महिला जनप्रतिनिधि की जगह उनके पति या अन्य परिजन ही शिकायतें सुनतें है। कमोवेश यही स्थिति ग्राम पंचायातों की भी है। वहां भी महिला पंच और सरपंच की जगह उनके पति और परिवार वाले ही पंचायत चलाते हैं। बहरहाल देर से ही सही लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग ने दुरूस्त कदम उठाया है अब देखना होगा कि उसके इस सख्त निर्देश का कितनी ईमानदारी से पालन किया जाता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ आपकी भक्ति अकारण भक्ति हो, केवल श्रीकृष्ण की प्रसन्नता ! सारा भौतिक जगत, हमारा शरीर, सब कुछ विरुद्ध में हो जाए, सब कुछ प्रतिकूलता में चले जाए और इसके कारण भी श्री कृष्ण अगर प्रसन्न हो रहे हो तो सारा जगत और शरीर प्रतिकूल हो जाए लेकिन हम करेंगे वहां जिससे श्री कृष्ण को प्रसन्नता हो। यही अहैतुकी भक्ति है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 2013: पाकिस्तान के हजारा इलाके के एक बाजद्यर में हुए बम धमाके में 84 लोगों की मौत हो गई। 190 घायल भी हुए। 2005: क्योटो करार लागू हुआ। यह पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से की गई अन्तरराष्ट्रीय संधि है। 2001: फिलीपींस की राजधानी मनीला में जूतों के अनूठे संग्रहालय का उद्घाटन। यहां तरह-तरह के जूतों के हजारों जोड़े रखे गए हैं। 1987: पनडुब्बी से पनडुब्बी तक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्र को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। 1971: पश्चिमी पाकिस्तान और चीन के बीच राजमार्ग को औपचारिक तौर पर खोला गया। 1969: जमाने भर में मशहूर उर्दू शायर मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया। 1959: तानाशाह जनरल फुलगेंसियो बतिस्ता की सेनाओं को हराने के बाद फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा का शासन अपने हाथों में लिया। 1956: भारत के महान वैज्ञानिक मेघनाद साहा का निधन। उन्हें साहा इक्वेशन के लिए याद किया जाता है।

SHe-Box पोर्टल: कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

सावित्री ठाकुर

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला-नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। ÷नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया स॥ह्न-क्च्न्न× पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है।

आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3% से बढ़कर 2023-24 में 41.7% हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय-मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (POSH Act) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत SHe-Box पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुनः लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और पारदर्शी बन सके।

यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों (Internal Committees – IC) और स्थानीय समितियों (Local Committees – LC) से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार (Central Repository) प्रदान करता है।

SHe-Box पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित IC या LC के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित - हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है।

प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, SHe-Bo& महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।

POSH Act के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में SHe-Bo& पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है।

SHe-Box की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो।

महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, SHe-Box जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है - न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके।

बहुभाषी समर्थन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से SHe-Box पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है।

SHe-Box वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

(लेखक महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार, हैं)

जब सुप्रीम कोर्ट में एक युवा ने खुद लड़ी अपनी लड़ाई

महेन्द्र तिवारी

जबलपुर की साधारण गलियों से निकलकर देश के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचने वाली अर्थव चतुर्वेदी की यात्रा केवल एक छात्र की व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस जिद, आत्मविश्वास और धैर्य का उदाहरण है जो विपरीत परिस्थितियों में भी रास्ता बना लेता है। यह कथा हमें बताती है कि सपनों की राह में आर्थिक सीमाएँ, प्रशासनिक बाधाएँ और संसाधनों की कमी दीवार बनकर खड़ी जरूर होती हैं, परंतु दृढ़ निश्चय उन्हें पार कर सकता है। अर्थव चतुर्वेदी का जीवन इसी सत्य का प्रमाण है। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे इस युवक के सामने भी वही चुनौतियाँ थीं जो देश के लाखों विद्यार्थियों के सामने होती हैं—सीमित साधन, अनिश्चित अवसर और भविष्य को लेकर संघर्ष। फिर भी उन्होंने जो राह चुनी, वह असाधारण थी।

अर्थव बचपन से ही पढ़ाई में तेज और जिज्ञासु प्रवृत्ति के थे। उनके पिता एक साधारण नौकरीपेशा व्यक्ति थे और परिवार की आय सीमित थी, लेकिन घर का वातावरण शिक्षा और अनुशासन से भरा हुआ था। माता ने उन्हें परिश्रम और धैर्य का मूल्य सिखाया, जबकि पिता ने आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। स्कूली जीवन में वे पढ़ाई के साथ सामान्य बच्चों की तरह खेल-कूद और मनोरंजन में भी रुचि रखते थे, परंतु परीक्षा के समय उनका समर्पण साफदिखाई देता था। दसवीं में उत्कृष्ट अंक लाने के बाद उन्होंने विज्ञान को अपना रास्ता चुना। उनके सामने इंजीनियरिंग और चिकित्सा दोनों विकल्प थे, और दोनों में सफलता के बावजूद उनका मन चिकित्सा की ओर खिंचता चला गया। डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने का सपना उनके भीतर गहराई से बस गया था।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में उन्होंने ऐसे अंक प्राप्त किए जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अंतर्गत मेडिकल सीट पाने के लिए पर्याप्त थे। यहीं से संघर्ष का वह अध्याय शुरू हुआ जिसने उनकी कहानी को असाधारण बना दिया। प्रशासनिक देरी और नीतिगत विसंगतियों के कारण उन्हें वह अवसर नहीं मिल सका जिसके वे अधिकारी थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि निजी कॉलेज की महँगी फीस वहन की जा सके। इस स्थिति में अधिकांश छात्र निराश होकर समझौता कर लेते, लेकिन अर्थव ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने तय किया कि वे अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे और न्याय की राह चुनेंगे। यह निर्णय जोखिम भरा था, क्योंकि उनके पास कानूनी शिक्षा नहीं थी और वकील रखने के लिए पैसे भी नहीं थे, फिर भी उन्होंने स्वयं याचिका तैयार करने का साहस दिखाया।

उन्होंने इंटरनेट और पुस्तकों की सहायता से कानून और संविधान के प्रावधानों का अध्ययन शुरू किया। अनुच्छेदों, नियमों और पूर्व निर्णयों को समझते हुए उन्होंने अपने तर्कों को व्यवस्थित किया। याचिका तैयार करना, दस्तावेज जुटाना और प्रस्तुतिकरण बनाना—यह सब उन्होंने स्वयं किया। यह प्रक्रिया केवल कानूनी तैयारी नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास की परीक्षा भी थी। अदालत में स्वयं खड़े होकर अपनी बात रखना किसी अनुभवी व्यक्ति के लिए भी आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने इसे अपने लक्ष्य की दिशा में आवश्यक कदम माना। जब मामला न्यायालय में पहुँचा तो उनकी सादगी और स्पष्टता ने सबका ध्यान खींचा। उनके शब्दों में कोई दिखावा नहीं था, केवल तर्क और विश्वास था।

अदालत के समक्ष प्रस्तुत होते समय उन्होंने जिस विनम्रता और संयम का परिचय दिया, वह उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। सीमित समय में उन्होंने अपने पक्ष को तथ्य और उदाहरणों के साथ रखा और यह स्पष्ट किया कि प्रशासनिक देरी के कारण उनका मौलिक अधिकार प्रभावित हुआ है। उनके तर्कों में भावनात्मक अपील कम और तर्कसंगतता अधिक थी, जिसने न्यायालय को प्रभावित किया। अंततः न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय दिया और उन्हें वह अवसर मिला जिसकी वे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। यह निर्णय केवल एक छात्र की सफलता नहीं था, बल्कि यह उन अनेक विद्यार्थियों के लिए आशा का संदेश था जो समान परिस्थितियों से गुजरते हैं।

इस पूरी घटना ने समाज में कई प्रश्न भी उठाए। शिक्षा व्यवस्था में नीतियों के क्रियान्वयन की खामियाँ उजागर हुईं और यह स्पष्ट हुआ कि आरक्षण और अवसरों से जुड़ी योजनाएँ तभी सार्थक होती हैं जब उनका सही और समय पर पालन हो। अर्थव की जीत ने यह भी दिखाया कि कानूनी जागरूकता कितनी महत्वपूर्ण है। यदि नागरिक अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं को समझें, तो वे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकते हैं। यह कथा हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूक नागरिक बनने का आधार भी है।

अर्थव की सफलता में उनके परिवार और शिक्षकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं थी। संसाधनों की कमी के बावजूद परिवार ने उनका मनोबल बनाए रखा और शिक्षकों ने उन्हें स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। यह सामूहिक समर्थन ही था जिसने उन्हें कठिन समय में टूटने नहीं दिया। उनकी कहानी इस तथ्य को रेखांकित करती है कि एक व्यक्ति की सफलता अक्सर कई लोगों के विश्वास और सहयोग का परिणाम होती है। यह केवल व्यक्तिगत परिश्रम की कथा नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग का भी उदाहरण है।

आज जब वे चिकित्सा शिक्षा की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, तो उनका लक्ष्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं है। वे समाज को कुछ लौटाने की इच्छा रखते हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ स्वास्थ्य सुविधाएँ कम उपलब्ध हैं। उनके अनुभव ने उन्हें संवेदनशील बनाया है और वे जानते हैं कि संघर्ष की पीड़ा क्या होती है। यही अनुभव उन्हें भविष्य में एक संवेदनशील चिकित्सक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। उनकी यात्रा यह भी दिखाती है कि सफलता का वास्तविक अर्थ केवल मंजिल तक पहुँचना नहीं, बल्कि उस रास्ते से सीखना है जो हमें वहाँ तक ले जाता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो सच को भी सच कहने की जुर्रत नहीं करते हम ऐसे किसी शख्स की इज्ज़त नहीं करते दुनिया से उन्हीं लोगों को रहती है शिकायत वे लोग जो खुद ही से मुहब्बत नहीं करते मंज़िल की है दरकार उन्हें बैठे बिठाये जो घर से निकलने की भी हिम्मत नहीं करते हर वक़्त मेरे साथ ही रहते हैं मेरे ग़म दो चार घड़ी को भी ये हिजरत नहीं करते हर काम तसल्ली से किया जाये तो बेहतर 'अज्ञात' किसी काम में उजलत नहीं करते।

- अजय अज्ञात

तुम्हीं बोलो कि तुमसे क्या कहूँ मैं दिखाऊँ ज़ख्म या फिर रो पड़ूँ मैं कोई इस भीड़ में अपना नहीं है ये कह दूँ या तुम्हें अपना कहूँ मैं सहारे ढूँढती हूँ अपने भीतर ज़माना कहता है मज़बूत हूँ मैं बिखरना चाहती हूँ आज फिर से तकाज़ा है कि बस चलती रहूँ मैं मुझे 'ममता' इजाज़त ही नहीं है कभी मन का कहा पूरा करूँ मैं। **- ममता लड़ीवाल**

अनुचित को कह कर सही,देते उसे परोस । कातिब कुछ साहित्य के ,झूठ रहे है पोस ।। लगता जिन्हे विकास का, सदा कसैला स्वाद । राष्ट्र विरोधी सोच पर, उनकी है बुनियाद। संविधान का कर रहे, बार बार अपमान, भरी पड़ी है मुल्क में, ऐसों की तादाद ।। **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

परथन संग स्याही- जैसे गीले आटे में परथन मिला औरतें बनाती हैं अपनों के लिए स्वादिष्ट और पौष्टिक रोटियां वैसे ही अपनी भावुकता , कोमलता गीली संवेदना में अपनी परिवक्वता एवं मजबूत इरादों का परथन मिला बनाती है अपनी सफल गृहस्थी।। **- सत्या शर्मा कीर्ति**

मुख्तसर सी है ज़िंदगी मेरी तेरी आदत नहीं लगा सकती तू मुझे देख तो सही मुड़कर तेरे पीछे मैं आ नहीं सकती अपनी आंखें ही बन्द कर लो तुम तूमसे अब मैं लजा नहीं सकती कोई नाराज़गी नहीं रखना मैं तुम्हें अब मना नहीं सकती कितनी नाराज हूँ मैं तुमसे अब ये तुम्हे भी बता नहीं सकती दिल के हालात क्या कहे तुमसे मैं अभी कुछ बता नहीं सकती तेरी बाहों में टूटने के लिए लाज अपनी गवां नहीं सकती!!

- नीरू श्रीवास्तव

नयनो में नीर लिये, काळजे में पीर लिये। राम जाने किस बिध, काटती थी दिन माँ। दुख-पीड़ा ढ़ोते -ढ़ोते, खटिया पे सोते -सोते। अंगुली पे गिन-गिन, छाँटती थी दिन माँ। मिलने-मिलाने वाले, हौसला दिलाने वाले। जब-जब घर आते, बाँटती थी दिन माँ। टुक -टुक झाँकती थी, कम-ज़्यादा आंकती थी। राबड़ी के प्याली जैसे, चाटती थी दिन माँ।

- आशा पाण्डेय ओझा

स्व से साक्षात्कार ही किया ना कोई, कहे अमीर सबकी पीर मैंने ढ़ोई,, मेरे ना आँसू रूके ना कराह रुकी, हे शिव मैंने ऐसी कौन सी फसल बोई, स्व से ही साक्षात हुआ हुआ ना मेरा- इस जन्म को मैंने किस घाट है धोई, धन पर चला,धर्म पर चला- चला हर राह, जगत में सिर्फ कर्म ही इक राह है पाई, स्व से साक्षात्कार किया ना कोई, कहे अमीर सबकी पीर मैंने ढ़ोई।

- ललित उपाध्याय

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा अच्छा बीतेगा। धार्मिक गतिविधियों से जुड़ने का लाभ आपको अवश्य मिलेगा।

वृष: आज का दिन भाग्योदय करने वाला रहेगा । उच्च प्रतिष्ठित सामाजिक लोगो से मिलना जुलना होगा हो सकता है आपका व्यवहार किसी को पसंद ना आये इसलिए व्यावहारिक रूप से आज सतर्कता बरतनी अत्यंत आवश्यक है।

मिथुन: आज के दिन स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है खान-पान का विशेष ध्यान रखें ठंडे तरल प्रदार्थो के सेवन से परहेज करें गले अथवा छाती संबंधित शिकायत रहेगी।

कर्क: आपका आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। दिन का आरंभ ईश्वरीय आराधना से होगा जिसके फलस्वरूप दिन भर प्रतिकूल परिस्थितयो से लड़ने की शक्ति मिलेगी।

सिंह: आज के दिन आप दिन भर दुविधा में रहेंगे पल पल पर प्रतिकूलताएँ मिलने से मानसिक संतुलन बिगड़ेगा। सेहत को लेकर भी आकस्मिक घटनाये घटित होंगी।

कन्या: आपका आज का दिन राहत भरा रहेगा आर्थिक रूप से दिन ज्यादा महत्त्वपूर्ण नही रहेगा लेकिन सामाजिक रूप से आज कुछ ना कुछ शुभ होने वाला है आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा लोग आपसे नजदीकी बढ़ाएंगे।

तुला: आज के दिन प्रतिकूल परिस्थितयां दिन भर पीछा नही छोड़ेंगी आज आप जिस के भी संपर्क में रहेंगे उसे कुछ ना कुछ दुखद सौगात अवश्य देंगे। विरोधी आज आपकी मनोदशा देखकर प्रसन्न रहंगे।

वृश्चिक: (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) आर्थिक रूप से दिन बेहतर रहने से आज के दिन आप अपनी इच्छाओं की पूर्ति कर सकेंगे पारिवारिक वातावरण भी मनोकामना पूर्ति होने पर उल्लासित रहेगा।

धनु: आज आप जिस भी कार्य को करने का प्रयत्न करेंगे उसमे आरम्भ में व्यवधान आएंगे लेकिन अंत मे परिणाम संतोषजनक रहेंगे।

मकर: आपके लिए आज का दिन सुख सौभाग्य में वृद्धि करेगा। आज आप अपने विवेक एवं चातुर्य से सर्वत्र प्रशंशा के पात्र बनेंगे। अन्य लोगो के लिये भी मार्गदर्शक बनेंगे। प्रतिस्पर्धियों की परवाह नही करेंगे फिर भी कुछ समय के लिए अपने लक्ष्य से भटक सकते है।

कुंभ: आज का दिन प्रतिकूल परिस्थितियां लाएगा। व्यवसायी अथवा नौकरी वाले लोग केवल बौद्धिक बल से कार्य निकाल सकेंगे परन्तु आज किसी भी कार्य से आशानुकूल लाभ नही हो सकेगा।

मीन: आज का दिन धन के साथ सम्मान में भी वृद्धि कराएगा लेकिन अनर्गल प्रवृतियों में मान हानि के जिम्मेदार भी आप स्वयं ही रहेंगे। कार्य के साथ मनोरंजन का मिश्रण ना करें।

QUIZ TIME

1) जंजीरा किला अरब सागर में स्थित एक छोटे से द्वीप पर किस राज्य के तट पर स्थित है?

2) भारत में नहरों का सबसे बड़ा जाल किस सुल्तान ने बनवाया था?

3) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 कितने बच्चों को दिए गए?

4) हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन का 150वां संस्करण कहाँ आयोजित हुआ?

5) हाल ही में दिवंगत बिस्व बंधु सेन किस राज्य की विधानसभा के स्पीकर थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महाराष्ट्र (2) फिरोजशाह तुगलक (3) 20 (4) जालंधर (5) त्रिपुरा

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 317

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 316 का हल

मुंगेली में 'मिशन 90 प्लस', बेहतर तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिला परीक्षा मार्गदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 'मिशन 90 प्लस' के अंतर्गत जिले में आयोजित प्रेरक कार्यक्रम में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के डी एवं ई ग्रेडिंग वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर परीक्षा की बेहतर तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, परीक्षा भय को दूर करना और उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी शंकाएँ साझा कीं। विद्यार्थियों ने टाइम टेबल बनाने, लंबे समय तक ध्यान केंद्रित रखने, नकारात्मकता से दूर रहने तथा प्रतिशत और ज्ञान के महत्व जैसे विषयों पर भी प्रश्न किए, जिस पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

विद्यार्थियों ने परीक्षा से पहले होने वाले तनाव, पढ़ाई के बाद भूलने की समस्या तथा सफल जीवन के लिए आवश्यक टिप्स, बोर्ड परीक्षा में उत्तर लिखते समय होने वाली घबराहट, परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन, परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन और कम समय में प्रभावी तैयारी के उपाय जानने की जिज्ञासा व्यक्त की। इसी तरह कक्षा 11वीं की छात्रा मनीषा मनहरण ने स्वयं के नोट्स बनाने के महत्व को साझा करते हुए आगे की पढ़ाई के लिए हॉस्टल सुविधा की मांग रखी। इन सभी पर कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मार्गदर्शन प्रदान कर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा, शासकीय

एस.एन.जी. महाविद्यालय के प्राचार्य रजत दवे, रामशरण यादव, शिक्षाविद डी.के सोलंकी सहित अन्य अतिथियों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सीमित संसाधन में बेहतर परिणाम आते हैं तथा अभाव में ही व्यक्ति की क्षमता में निखरकर सामने आती है, इसलिए समय का सदुपयोग करते हुए पूरी लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करें। कलेक्टर ने बताया कि संसाधनों का बेहतर उपयोग, मोबाइल से अनावश्यक दूरी और समय प्रबंधन सफलता की कुंजी हैं।

सफलता के मंत्र और मोटिवेशन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने विद्यार्थियों को वैचारिक, भावनात्मक व भौतिक ऊर्जा के संतुलन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह समय दोबारा नहीं मिलेगा, इसलिए सपनों पर फोकस रखें। शिक्षाविद डी.के. सोलंकी और मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने परीक्षा को अवसर मानकर नियमित अभ्यास व शॉर्ट नोट्स बनाने पर जोर दिया।

न्यूज गैलरी

दाऊपारा में एलुमनी मीट का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा एवं कलेक्टर एवं संचालक के निर्देशानुसार पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। निर्देशानुसार शाला के पूर्व प्रतिभावान विद्यार्थियों को ससम्मान आमंत्रित किया गया। प्राचार्य डॉ. आईपी यादव एवं उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा आगंतुकों को बैज एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्हें सामान्य ज्ञान एवं सामाजिक ज्ञान की परख के लिए क्वीज प्रतियोगिता रखी गयी। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। आगंतुको ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस स्कूल के विद्यार्थी जीवन अविश्मरणीय है, यहां का अनुशासन एवं अध्ययन व्यवस्था आज तक हमें याद है। उपस्थित पूर्व विद्यार्थियों में रूपेश सिंह राजपूत, यशकर राव तिवरकर, दिशा खुंटे, पलक कुरकेजा, सुमुखी सोनी, सुभिया साहू, अनुश्री पात्रे, अनुष्का मिश्रा, भुमिका दिवान, तनुश्री पात्रे, खुशबु भास्कर, शल्मा बेगम, तबस्सुम बेगम, निलय यादव, गौरव साहू, तनु गोस्वामी, जश्लीन कौरशलुजा, अर्पिता शुक्ला सहित कुल 52 पूर्व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति सदस्य डॉ. हीरालाल साहू, दुष्यंत दुबे, ममता जोशी, वरिष्ठ पालक मोहित यादव सहित शाला परिवार के सदस्यों में राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, हरिशंकर गुप्ता, ज्योति जायसवाल, रीना मरावी, शबनम बानो, राकेश साहू आदि उपस्थित थे। अंत में उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंकज मिश्रा ने किया।

बंधवा के कुशल संचालन के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के कुशल संचालन हेतु अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभिभावकों को विद्यालय में चल रही शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों, बोर्ड कक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनाई जा रही कार्य योजना तथा विद्यालय में भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गईद्य विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। जिसमें अभिभावकों ने विद्यालय में आ रहे सकारात्मक बदलावों की प्रशंसा की। विद्यार्थियों द्वारा तैयार पेंटिंग्स, ट्राइबल कॉर्नर, जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों से संबंधित कार्नर, विज्ञान प्रयोगशाला आदि की प्रशंसा करते हुए ऐसी गतिविधियों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया। विद्यालय द्वारा जारी वार्षिक विद्यालय पत्रिका में विद्यार्थियों की रचनाओं को देखकर इसे सकारात्मक एवं आवश्यक पहल बताया। बैठक में अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन को विद्यार्थी हित में कार्य करते रहने की बात कहीं।

जिला अस्पताल में एक दिवसीय वृहद हृदय जांच शिविर का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पताल बलरामपुर में जिला प्रशासन एवं दीन-हीन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय निशुल्क हृदय जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में आदिम जाति विकास, किसान कल्याण एवं पशुपालन मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, गणमान्य नागरिक भानुप्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, गोपाल कृष्ण मिश्र सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मरीजों के परिजन और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री नेताम ने उपस्थित अतिथियों' के साथ जिला अस्पताल में चल रहे जांच शिविर का निरीक्षण किया और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने वहां भर्ती मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका कुशलक्षेम जाना। शिविर जांच हेतु लगभग 448 पंजीयन किया गया। जिसमे 20 बच्चे पॉजिटिव पाए गए। जिन्हें उच्च उपचार हेतु रायपुर भेजा जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनियमित खानपान और नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति ही हृदय के अस्वस्थ होने का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शरीर में हृदय सबसे महत्वपूर्ण अंग है और इसे स्वस्थ रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या और आदतों में बदलाव लाने होंगे। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि अब केवल वयस्कों में ही नहीं, बल्कि छोटे बच्चों में भी बचपन से हृदय की बीमारियां देखी जा रही हैं।

मुंगेली में महाशिवरात्रि पर भव्य मेले का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर्व पर आज ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट एवं ग्राम नवागांव टेमरी तथा संगवाकापा आगर मोहपाड़ के पास मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। मेले में आस-पास के व्यवसायी अपनी दुकान लगाने के लिए एक दो दिन पूर्व से ही तैयारियों में जुटे हुए हैं। क्षेत्र के शिवालय शंकर मंदिर मल्हापारा, शंकर मंदिर खर्रीपारा, सोनारपारा आदि शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओ एवं दर्शनार्थियों की भीड़ रहेगी। शिव आराधना सेवा समिति द्वारा खर्राघाट मेला में विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है।

आगर नदी के किनारे खर्राघाट में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालय में शिव भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाती हैं। ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट में नदी किनारे देवी देवताओं के दर्जनों मंदिर स्थापित हैं। प्राचीन शिवालय राधाकृष्ण मंदिर, पालक्षत्री समाज द्वारा निर्मित शिव मंदिर, सोनकर समाज द्वारा निर्मित संतोषी माता मंदिर, दुर्गा मंदिर, नागा संतों का अखाड़ा, दुर्गा एवं काली मंदिर में

श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती हैं। ग्राम पंचायत एवं मंदिर के पुजारी एवं ग्रामवासी मेले की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

जिला मुख्यालय से लगा हुआ ऐतिहासिक ग्राम रामगढ़ में महाशिवरात्रि के अवसर खर्राघाट के किनारे भगवान भोलेनाथ के मंदिर एवं शिवालयों पर जलाभिषेक करने वालों की भीड़ लगी रहती हैं। मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीण दूर-दराज क्षेत्रों से पैदल चलकर आगर नदी में ब्रम्हमुहर्त में स्नान कर श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं। भगवान का पूजन अर्चन करने के बाद मेला परिसर में परिचितों से मेल मुलाकात कर खरीदारी करते हुए शाम को घर लौटते हैं। शासन द्वारा खर्राघाट मेले के सौंदर्यीकरण के लिए पूर्व में 10 लाख रुपए स्वीकृत किया गया था। किन्तु प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से मेला स्थल में सौंदर्यीकरण से संबंधित किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं हो पाया हैं।

क्षेत्रवासियों ने खर्राघाट मेले में शीघ्र ही सौंदर्यीकरण प्रारम्भ किए जाने की मांग अधिकारियों से की हैं। नवागढ़ रोड स्थित ग्राम पंचायत टेमरी नवागांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता हैं। मेला स्थल पर हनुमान मंदिर भोलेनाथ शंकर भगवान का मंदिर संतोषी माता एवं कुण्ड स्थित हैं। यहां आसपास गांव के ग्रामीण मेला में सम्मिलित होने के लिए सुबह से ही मेला स्थिल पर पहुंच जाता हैं। ग्राम संगवाकांपा मोहपाड़ संगम स्थल के पास महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सेतगंगा में 9वीं शताब्दी के प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर में स्थापित कुण्ड में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर आसपास के श्रद्धालु पहुंचकर स्नान कर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं।

अंचल में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया

महाशिवरात्रि अंचल में आज श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। भक्तजन सुबह से ही शिवालय में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना करते रहे। शिवालयों में दिनभर जलाभिषेक रूद्राभिषेक सहित पूजा अर्चना किए जाते रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में तोरण एवं सजावट की गई थी।महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में श्रध्दालुओ का तांता लगना प्रारंभ हो गया था। शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, धतुरे से अभिषेक किया गया। शिव अराधना में महाशिवरात्रि का दिवस धार्मिक मान्यता के अनुसार विशेष महत्वपूर्ण दिन रहता है। भगवान शंकर की विशेष पूजा का यह अवसर ऐसा माना जाता है कि इस दिन दिल से निकली मुराद भगवान भोलेनाथ स्वीकार करते हैं। इसी मान्यता को लेकर श्रद्धालु भक्त जन महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना करते है। धर्म और आस्था का पर्व महाशिवरात्रि को भक्ति पूर्ण माहौल में मनाया गया। मल्हापारा स्थित नगर का सबसे प्राचीनतम खेमगिर, शंकर मंदिर में भगवान भोले की विशेष पूजा अर्चना की गई। खर्राघाट स्थित शिवालय, बड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर, खर्रीपारा शिव मंदिर, गर्ल्स स्कूल के पास हनुमान शिवमंदिर, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित सेतगंगा में भोर काल से सायंकाल तक भक्त मां नर्मदा कुंड में स्नान कर प्राचीन श्रीराम जानकी एवं प्रभु शंकरजी के मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे।

सड़क निर्माण का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर ने संयुक्त रूप से विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम भरतपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन गम्हार डीह से सरईडीह कोरवापारा तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कटारा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का आंकलन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी और ठेकेदार को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही क्रियान्वयन

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता से दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों को सर्वसुविधायुक्त सड़क संपर्क से जोड़ना है। प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजातियों के बसाहटों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कटारा एवं पुलिस अधीक्षक बेंकर ने उपस्थित ग्रामीणों से भी चर्चा कर सड़क निर्माण सबंधित जानकारी भी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद आवागमन में सुविधा होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बाजार तक पहुंच आसान हो जाएगी।

'ऑपरेशन बाज' के तहत 41 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन पर ''ऑपरेशन बाज'' के तहत 41 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। रायपुर, बिलासपुर सहित जिले के सभी थाना चौकी क्षेत्रान्तर्गत निवासरत 41 स्थायी वारण्टियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। रायपुर, बिलासपुर एवं जिला मुंगेली कोर्ट से फरार आरोपियों का जारी वारंट किया गया था। जिला जेल मुंगेली से जेल ब्रेक, चोरी एवं मारपीट के फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल

द्वारा सभी थाना-चौकी प्रभारियों को सक्रियता से विशेष पहल कर स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशन के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी व उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में साइबर सेल तकनीकी सहायता एवं मुखबीर की सूचना पर ''ऑपरेशन बॉज'' के तहत 05 दिवस के भीतर रायपुर, बिलासपुर सहित जिले के थाना एवं चौकी अंतर्गत 41 स्थायी वारंटियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल स्पर्धा का समापन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 फरवरी 2026 तक जिला मुख्यालय अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम, पी.जी. कॉलेज मैदान, बैडमिन्टन हॉल एवं सेंट जेवियर स्कूल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का समापन समारोह गांधी स्टेडियम मैदान में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेन्द्र लखपाले रहे। कार्यक्रम में एम.आई.सी. सदस्य मनीष सिंह , विशिष्ट अतिथि बालनाथ यादव , बाली चरण यादव (मण्डल अध्यक्ष), आर. जे. पाण्डेय (प्राचार्य, पॉलीटेक्निक कॉलेज) एवं मीरा साहू (प्राचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन राम कुमार सिंह, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, अंबिकापुर द्वारा दिया गया।

बिजुरी रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्य की धूल और शोर से यात्री बेहाल

टिकट काउंटर पर संवाद करना हुआ मुश्किल

बिजुरी/नवप्रदेश। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत बिजुरी रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का कार्य इन दिनों जोरों पर है, लेकिन निर्माण प्रक्रिया के दौरान बरती जा रही लापरवाही यात्रियों और रेल कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। वर्तमान में टिकट खिड़की के ठीक बाहर पत्थर काटने की मशीन (कटर) चलाई जा रही है, जिससे

निकलने वाली तेज आवाज और उड़ती धूल ने स्टेशन परिसर का वातावरण दूषित कर दिया है।

मशीन के अत्यधिक शोर के कारण टिकट काउंटर पर खड़े यात्रियों की आवाज रेलवे कर्मचारी तक नहीं पहुँच पा रही है। टिकट लेने के लिए यात्रियों को चिल्लाकर बात करनी पड़ रही है, जिससे अक्सर गलतफहमी और विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। साथ ही, पत्थर कटिंग से उड़ने वाली बारीक डस्ट आंखों को नुकसान पहुँचा रही है ओर यात्रियों के कपड़े खराब हो रहे है यात्रियों का आरोप है कि जब वे शोर और धूल को लेकर विरोध दर्ज कराते हैं, तो कुछ देर के लिए काम बंद कर दिया जाता है, लेकिन उनके जाते ही ठेकेदार के कर्मचारी दोबारा मशीन चालू कर देते हैं। स्टेशन परिसर में इसी तरह का खेल चलता रहता है।इस संबंध में जब स्टेशन मास्टर शुभम वर्मा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि:'स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ठेकेदार के माध्यम से कार्य संचालित है। यात्रियों और कर्मचारियों को हो रही असुविधा को देखते हुए तुरंत मशीन बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आमजन को परेशानी न हो।'

मैनपाट महोत्सव: वैशाली रायकवार के शानदार बॉलीवुड गीतों ने बांधा समां, झूमे दर्शक, स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों ने भी दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

मशहूर छत्तीसगढ़ी गायिका अलका चंद्राकर के सुमधुर आवाज ने किया मंत्रमुग्ध

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 'शिमला' कहे जाने वाले मैनपाट में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का दूसरा दिन अद्भुत उत्साह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के नाम रहा। अलका चंद्राकर की सुमधुर आवाज और इण्डियन आइडल फेम वैशाली रायकवार की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। महोत्सव स्थल पर मेले, बोटिंग और दंगल प्रतियोगिता का भी लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। ट्रांसजेंडर कलाकारों का अनोखा नृत्य: जांजगीर-चाम्पा से आए शांति प्रतिमा डांस ग्रुप के ट्रांसजेंडर कलाकारों ने 'नौ दुर्गा' के रूप में नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। उनके जोश और उमंग से भरे प्रदर्शन ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं।स्थानीय प्रतिभाओं का जलवा स्थानीय कलाकारों में आँचल मदलियार, मनप्रीत, दिलबाग सिंह, माही जायसवाल और हर्ष पूरी ने भी शानदार गीत गाकर लोगों को बांधे रखा। शास्त्रीय और स्कूली नृत्य नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्राओं ने कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं, स्कूली बच्चों ने भी गीत और नृत्य से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ महोत्सव स्थल पर लगा शानदार

मेला आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ देर शाम तक भारी भीड़ बनी रही। लोगों ने बोटिंग का भी खूब आनंद लिया। वहीं, दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों के बीच हुए जबरदस्त मुकाबलों को देखने के लिए लोगों में होड़ मची रही। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, जनपद उपाध्यक्ष अनिल सिंह, रजनीश पाण्डेय , राम यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की गूंज

कार्यक्रम में मशहूर छत्तीसगढ़ी लोक गायिका अलका चंद्राकर की प्रस्तुति ने भक्तिमय जसगीत से समां बांधा और इसके बाद ददरिया, सुवा गीत और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इण्डियन आइडल एवं सारेगामापा फेम वैशाली रायकवार ने अपनी शानदार बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति से महफिल में जान डाल दी। उनके गानों की एक के बाद एक कड़ियों पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का माध्यम है : डॉ. लंगेह

■ **स्वास्थ्य शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के श्याम बालाजी कॉलेज में शनिवार दोपहर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और परीक्षा-पूर्व मानसिक तैयारी को लेकर स्वास्थ्य शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज और आस्था वेलफेयर एवं एजुकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह थीं, जबकि अध्यक्षता नगरपालिका परिषद महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि तारा चंद्राकर, मधु शर्मा और निरंजना चंद्राकर रहीं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. विकास, डॉ. सुजाता

और मनोरोग विभाग से डॉ. टिकेश्वरी साहू ने विद्यार्थियों और उपस्थितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा नजदीक आते ही बच्चों में मानसिक तनाव और अस्थिरता होना स्वाभाविक है, लेकिन समय रहते उनकी भावनाओं को समझकर सहयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का एक माध्यम है। माता-पिता और शिक्षक मिलकर बच्चों को तनाव से बाहर निकाल सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निखिलकांत साहू ने कहा कि परीक्षा का डर दूर करने में पालक और शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजाना नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने की सलाह दी, ताकि परीक्षा आत्मविश्वास के साथ दी जा सके। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. टिकेश्वरी साहू ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित दिनचर्या, पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और मोबाइल के सीमित उपयोग की सलाह दी।

हर बच्चे में होती है प्रतिभा : चंद्राकर

निरंजना चंद्राकर ने कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा होती है, जरूरत उसे पहचानने और प्रोत्साहित करने की है। उन्होंने पालकों से बच्चों के स्वास्थ्य, खान-पान और पढ़ाई के वातावरण पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मधु शर्मा ने सभी को स्वास्थ्य जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन तारिणी चंद्राकर ने व आभार व्यक्त तारा चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर शबनम धनवानी, भारती भान साहू, तुषार चंद्राकर, आस्था वेलफेयर सोसायटी के सदस्य, कॉलेज के विद्यार्थी और स्टाफबड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

श्यामा प्रसाद शुक्ल को किया गया नमन

धरसीवां / कूरा /नवप्रदेश। शनिवार को धरसींवा ब्लाक के जोरा मंडल कांग्रेस कमेटी के द्वारा मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहे श्यामा प्रसाद शुक्ल जी के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अपित कर नमन किया गया तथा जोरा मंडल के पदाधिकारी के विस्तार के सम्बंध मे प्रथम बैठक किया गया जिसमे पूर्व राज्य सभा सांसद मति छाया वर्मा जी. जिला अध्यक्ष पप्पू बंजारे जी. पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे जी. ऊधो राम वर्मा जी. भावेश बघेल. डोमेश्वरी वर्मा. दुर्गेश वर्मा ब्लाक अध्यक्ष आशीष वर्मा.जोरा मंडल अध्यक्ष रंजीत गायकवाड. जयंत साहू. कन्हैया यादव कन्हैया यादव शेखर गावेस साहू चूड़ामणि साहू चिंतामणि डहरिया. मन हरण साहू.भागवत लहरी. जागेश्वर कुर्रे खेम देवांगन. दीपेश जांगड़े .संतराम नारंग. जय चंद जांगड़े महेंद्र. लष्मी. दिवाकर चोवा राम साहू.आदि उपस्थित थे ।

वार्षिक सत्संग 18 से

महासमुंद/नवप्रदेश। रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 18-19 फरवरी को किया जाएगा।कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेन्द्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में श्री कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर मध्य प्रदेश के अमोही साहेब व कबीर आश्रम ठेठा के बलवान साहेब का अपनी संत मंडली के साथ आगमन हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ, संध्या वंदन, भजन प्रवचन होगा। 19 फरवरी की दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

जुआ फड में पुलिस ने मारा छापा, 5 पकड़ाएं, बाइक व मोबाइल बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने शनिवार को ग्राम अमावस के पास दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी, मोबाइल और वाहन समेत कुल 2,52,370 रुपए की सामग्री जब्त की है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों से नकद 32,370 रुपए, मोबाइल 05 नग, बाइक 03 नग व ताश पत्ती जब्त किया गया। तुमगांव निवासी जितेंद्र पुरैना (35), रविंद्र पुरैना (27), किशन कुमार साहू (40), समोदा निवासी परमानंद साहू (50), ग्राम कांपा निवासी बिसेसर गायकवाड़ (49) को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

लूटपाट के आरोप में तीन नाबालिग धरे गए

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने शहर के नयापारा स्थित नर्सरी के पास लूटपाट के मामले में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से मोबाइल व बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोरिद निवासी लिलेशपाल (42) की 9 फरवरी की रात करीब 7.30 बजे नयापारा महासमुंद से लगी नर्सरी के पास मोबाइल, व नकदी लूट की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान मामले में संदेहियों की पहचान विधि से संघर्षरत तीन बालक के रूप में की। जिनके कब्जे से दो नग मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो बाइक सीजी 04 सीएक्स 9757 बरामद किया।

पुलिस में शिकायत दर्ज, आरोपी फरार

फर्जी पासबुक देकर ग्रामीणों के लाखों रुपये को पोस्ट मास्टर ने कर लिया गबन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जटकन्हार स्थित पोस्ट ऑफिस में करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पदस्थ पोस्ट मास्टर आशीष मंडावी पर लगभग आठ गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों की मेहनत की कमाई का गबन कर फरार होने का आरोप है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी ने एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि हड़प ली है। मामले की शिकायत थाना डोंगरगढ़ में दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

150 से अधिक फर्जी पासबुक मिलने की चर्चा

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रारंभिक शिकायत के बाद डाक विभाग के अधिकारियों ने आरोपी के घर की तलाशी ली। बताया जा रहा है कि तलाशी के दौरान 150 से अधिक फर्जी पासबुक बरामद हुई हैं। आरोप है कि इन्हीं पासबुक के माध्यम से आरोपी लोगों को नकली खाता क्रमांक जारी करता था और जमा राशि की एंट्री हाथ से कर देता था। पासबुक में सील और हस्ताक्षर होने के कारण ग्रामीणों को किसी प्रकार का संदेह नहीं होता था, जबकि संबंधित राशि विभाग के मुख्य सॉफ्टवेयर रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं की जाती थी।

किसान के खाते से खुला राज

स्थानीय लोगों के मुताबिक पूरे प्रकरण का खुलासा तब हुआ, जब एक युवा किसान अपने खाते में जमा तीन लाख रुपये में से एक लाख रुपये निकालने के लिए डोंगरगढ़ पोस्ट ऑफिस पहुंचा। जांच करने पर उसके खाते में मात्र तीन हजार रुपये शेष पाए गए। किसान के होश उड़ गए। इसके बाद अन्य खातों की पड़ताल शुरू हुई तो धीरे-धीरे बड़े घोटाले का पर्दाफाश हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

आठ गांवों के तीन हजार खाताधारक प्रभावित : सूत्रों के अनुसार आरोपी आशीष मंडावी पिछले लगभग 10 वर्षों से बेलगांव, माड़ीतराई, कटली, धुसेरा, हरणसिंधी, नागतराई, डारागांव और जामरी सहित आठ गांवों के करीब 3000 खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह लोगों को नकली पासबुक जारी कर जमा राशि की एंट्री करता और मूल रिकॉर्ड में उसे दर्ज नहीं करता था। इस प्रकार धीरे-धीरे करोड़ों रुपये का गबन किया गया।

दफ्तर आना बंद, मोबाइल स्विच ऑफ

कुछ दिनों से आरोपी बिना किसी सूचना के दफ्तर आना बंद कर दिया था और उसका मोबाइल फोन भी बंद बताया जा रहा है। स्थिति गंभीर होते देख विभाग ने आरोपी के स्थान पर नए पोस्ट मास्टर चंद्रशेखर पटेल को पदस्थ किया है। नए पोस्ट मास्टर चंद्रशेखर पटेल ने बताया कि अब तक सेविंग अकाउंट के 100 से अधिक खातों की जांच की गई है, जिनमें लगभग 10 लाख रुपये से अधिक की राशि में गड़बड़ी पाई गई है। मामला उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है।

सैंकड़ों गरीब परिवारों को तीन महीने से नहीं मिला शक्कर : अमर

■ **सोसाइटी प्रबंधक ने शक्कर की राशि धान खरीदी में लगाई**

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव क्षेत्र के ग्राम बड़गांव और बरबसपुर में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से बीपीएल राशन कार्डधारियों को पिछले तीन महीनों से शक्कर का वितरण नहीं किया जा रहा है। इससे करीब 1200 गरीब परिवारों को बाजार से दोगुनी कीमत पर शक्कर खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है।

जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने राशन दुकान पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा दो माह का शक्कर बिना अग्रिम भुगतान दुकानों को आवंटित की जाती है, जिसे बेचकर राशि शासन को जमा करनी होती है। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि सोसाइटी प्रबंधक ने शक्कर बिक्री की राशि शासन को जमा करने के बजाय धान खरीदी व्यवस्था में लगा दी। परिणामस्वरूप राशि जमा न

होने से पिछले तीन माह से दुकान को शक्कर का नया आवंटन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने इसे प्रबंधक की गंभीर लापरवाही और मनमानी करार दिया। अमर चंद्राकर ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि शासन-प्रशासन को इस गंभीर मामले की जानकारी तक नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसके आदेश पर शक्कर की राशि धान खरीदी में लगाई गई इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि पहले धान खरीदी के नाम पर किसानों को परेशान किया गया और अब गरीब बीपीएल उपभोक्ताओं के हक पर डाका डाला जा रहा है। शासकीय दुकानों में शक्कर लगभग 20 रुपये प्रति किलो मिलती है, जबकि बाजार में इसकी कीमत लगभग दोगुनी है। ऐसे में गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

महासमुंद/नवप्रदेश। महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य आरके तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर अध्ययन करने तथा उत्कृष्ट अंक अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन का कोई विकल्प नहीं होता। व्याख्याता नंद कुमार साहू

ने कहा कि सफलता एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होती बल्कि, निरंतर परिश्रम और अनुशासन से प्राप्त होती हैं। कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट किया।

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय को मिली नई सौगात

■ **उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने किया विज्ञान भवन का लोकार्पण**

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में महाविद्यालय परिसर के निकट विज्ञान भवन का निर्माण किया गया है। इस नवनिर्मित विज्ञान भवन का शनिवार को गरिमामय समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में

लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सु छाया राही, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नगर पंचायत सभापति कुलेश्वर साहू, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण संजीव साहू,ओमकार साहू, पार्षद भरत यादव, पार्षद आकाश राजपूत, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू,मधुबाला रात्रे, आशीष साहू,मधु नत्थानी,देवकी साहू ,किशोर न्याय बोर्ड सदस्य खुशी साहू आदि शामिल हुए। महाविद्यालय पहुंचने पर मंत्री टंकराम वर्मा व अतिथियों का एनसीसी कैडेट्स द्वारा सलामी दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक विज्ञान भवन का लोकार्पण किया।

श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका के संगम में डुबकी लगाकर कर्णेश्वर महादेव की पुजा अर्चना की, ट्रस्ट ने कर्णेश्वर महादेव का किया रुद्राभिषेक

महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नगरी/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर रविवार को श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना बेलपत्र, शमी पत्र,धतूरा,फूल नारियल आदि पूजन सामग्री को समर्पित कर जलाभिषेक किया ।ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम प्रात: काल से ही शिव मय रहा। हर हर महादेव के जय घोष से पूरा परिसर गूंजता रहा ।मन्दिर के सामने नारियल, धतूरा के फल फूल,अगरबत्ती, बेलपत्रों की दुकानें सजी रही। परम्परानुसार श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका के संगम में डुबकी लगाकर कर्णेश्वर महादेव की पुजा अर्चना की। महाशिवरात्रि पर ऐसी मान्यता है

कि इस दिन भगवान शिव के बारह ज्योतिलिंगो का धरती पर प्रकाट्य हुआ था और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाने की परम्परा है।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम में छत्तीसगढ़ की जीवन दायिनी महानदी व बालका, अदृश्य स्वर्ण नदी के पवित्र त्रिवेणी संगम में प्रकृति और परमात्मा का अदभुत मिलन होता है ।महाशिवरात्रि पर त्रिनेत्र धारी भगवान शिव का आराधना में डूबे श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव देखते ही बनता है। ट्रस्ट ने सान्ध्य कालीन बेला में विधि विधान से पूजा अर्चना बेल पत्र, घतुरा के फूल व फल, शमी,गंगा जल, दूध, दही, चंदन, कनेर के पुष्प,सहित शिव जी के प्रिय साम्रगियों से कर महारुद्राभिषेक किया। नवनीत मानस परिवार राजनांदगांव व जय हिंद मानस परिवार साकरा द्वारा दोपहर से देर रात तक मधुर भजनों से शिव महिमा का गुण गान किया। इस दौरान ट्रस्ट संरक्षक कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर,रवि दुबे,सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव राम भरोसा साहू, मोहन पुजारी,वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैश, नागेंद्र शुक्ला,आनंद अवस्थी, योगेश साहू, छबि ठाकुर,बबलू गुप्ता, दुर्गेश साहू, ईश्वर जांगड़े,डोमार मिश्रा, महेंद्र कौशल रवि भट्ट,हनी कशयप, अनिरुद्ध साहू,गगन नाहटा, अश्विनी निषाद,होरी लाल पटेल, ललित निर्मलकर,संतु साहू मिलेश साहू,प्रमेश निषाद,गौतम चंद्र साहू,टेश्वर ध्रुव ,भूपेंद्र साहू,कुलेश साहू आदि की उपस्थिति रही।

महाशिवरात्रि की महिमा

पुजारी विनोद पूरी गोस्वामी ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव अपने अनादि अनंत शिव लिंग स्वरूप में प्रकट हुए थे इसी कारण यह रात्रि महा शिवरात्रि कहलाती है।

होली से पहले किसानों को एकमुश्त मिलेगा धान का पैसा : तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि होली से पहले किसानों को धान का एकमुश्त पैसा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में निर्णय लिया गया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। आगे कहा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार धान के मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान करेगी। लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली पर्व से पहले एकमुश्त किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./../बी-121/2025-26
ग्राम मुंगेली प.ह.न. 19

आवेदक एतद द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. रशीद आ. अलानूर जाति तेली मुसलमान निवास मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पुत्रों मो. अतीक आ. मो. रशीद की जन्म दिनांक 19/06/1993 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत न-पाप प-मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त सबंध में जिस किरी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/2/2026 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि को पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाक 10/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

प्रथम पेज शेष

दुर्ग जिले में जलसंरक्षण की...

दिशा में काफी प्रभावशाली नतीजे निकल रहे हैं। वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच जैसी संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत बना रही हैं।

दुर्ग जिले के तीन ब्लाक में चल रहा काम: सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण तेजी से हो रहा है। जनपद पंचायत दुर्ग के दमोदा ग्राम पंचायत में 6.47 लाख रुपये खर्च कर कुल 1500 ट्रेंच का निर्माण किया गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत बोरई में 9.86 लाख रुपये की लागत से 2500 ट्रेंच बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत अंजोरा ढाबा में 4.67 लाख रुपये की लागत से 1000 ट्रेंच बनाए गए हैं। धमधा जनपद पंचायत के दारगांव में 7.62 लाख रुपये खर्च कर 450 ट्रेंच बनाए गए हैं। रौंदा में 7.16 लाख रुपये की लागत से कुल 210 ट्रेंच बनाए गए हैं। पूरे जिले में कुल 9279 ट्रेंच बन चुके हैं।

महाराष्ट्र के 21 ठिकानों...

रखने का हिस्सा है। एटीएस ने जिला पुलिस टीमों के साथ मिलकर काम किया और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारी बताते हैं कि यह छापेमारी खास तौर पर राज्य में युवाओं के रेडिकलाइजेशन की सूचना मिलने के बाद की गई। पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र एटीएस ने अलकायदा और अन्य संगठनों से जुड़े कई मामलों में कार्रवाई की है, जिससे सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। इस तरह के ऑपरेशन पूर्व में भी विभिन्न जिलों में किए गए हैं, लेकिन यह सबसे हालिया और बड़े पैमाने का है।

सरगुजा में 3 दर्जन नेताओं...

कि स्थानीय नेता टीएस सिंहदेव समर्थकों को हाशिए पर रखकर केवल भूपेश बघेल गुट को तरजीह मिलने से आक्रोशित हैं। हालांकि, पूछे जाने पर किसी ने भी साफ-साफ वजह नहीं बताई है। इधर, कांग्रेस जिला पदाधिकारियों का दावा है कि जिला अध्यक्ष या उन्हें इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं है, सब कुछ सोशल मीडिया पर ही चल रहा है।

अजीत जोगी की पार्टी में काम करने वाले लोगों को मौका दिया: सूरजपुर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी से इस्तीफा देने वालों में उपाध्यक्ष के अलावा अन्य कई पद में मनोनीत किए गए नेता शामिल हैं। वायरल इस्तीफा पत्र में कहा गया है कि सूरजपुर जिला कांग्रेस कमेटी में उन लोगों को शामिल किया गया है, जो आज से पहले दूसरे पार्टियों में हुआ करते थे, लेकिन उन्हें कांग्रेस में मौका दे दिया गया। जिन्होंने कांग्रेस को हराने का काम किया उन्हें पद से नवाजा गया है।

कांग्रेस में गुटबाजी नहीं रूक रही: वहीं दूसरी तरफजिला अध्यक्ष शशि सिंह भूपेश बघेल और अमरजीत भगत के गुट की मानी जाती है और राहुल गांधी की करीबी मानी जाती हैं, क्योंकि उनकी न्याय यात्रा में शामिल हुई थी। वहीं जब कांग्रेस ने उन्हें सरगुजा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया था तब भी उनके प्रचार के समय गुटबाजी दिखाई दी थी, इसके बाद शशि सिंह को लोकसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा था। अब जब वह जिला अध्यक्ष बन गई हैं तब भी उन्हें पार्टी के भीतर चल रहे खींचतान का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जिला अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की थी और आशीर्वाद लिया था। उन्होंने भूपेश बघेल के अलावा पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव से भी मुलाकात की थी. लेकिन शायद इसका कोई असर नहीं हुआ और भीतरखाने में गुटबाजी अभी भी है।

22 अप्रैल को खुलेंगे...

में धाम के कपाट 2 मई को खुले थे, जबकि इस बार 22 अप्रैल को खुलेंगे। यानी श्रद्धालु इस बार 10 दिन पहले बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। तिथि घोषित होते ही शासन-प्रशासन और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियों को तेज कर दिया है। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यात्रियों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है। इस बार यात्रा को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

'पति-पत्नी के विवाद को...

ने जिरह में स्वीकार किया कि मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त से हुई। एस्फिक्सिया भी हो सकता है। एफएसएल रिपोर्ट पेश नहीं की गई। गवाहों के बयानों में विरोधाभास रहे। कुछ ने जहर, कुछ ने शराब सेवन और कुछ ने उल्टी-दस्त से मौत की बात कही।

सेल को लगातार तीसरी बार मिला प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन

■ **निदेशक प्रभारी को प्रमाणपत्र हस्तांतरित**

भिलाई/नवप्रदेश। भारत की अग्रणी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। संगठन में सुदृढ़ कार्य-संस्कृति, पारदर्शिता और कर्मचारियों के विश्वास की परिचायक यह उपलब्धि सेल को लगातार तीसरे वर्ष मिली है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में यह प्रमाणपत्र निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार ने प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (एचआर-वर्क्स) संजय द्विवेदी और उप महाप्रबंधक (एचआर-मिल्स, एम एंड एस) प्रताप शेखर नायक भी उपस्थित थे।

निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि यह मान्यता सेल की सभी इकाइयों में विश्वास, पारदर्शिता और कर्मचारी सहभागिता पर आधारित कार्य-संस्कृति के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने सहभागितापूर्ण प्रबंधन पद्धतियों को सुदृढ़ करने और कंपनी के मूल्यों के अनुरूप सकारात्मक व उच्च-प्रदर्शनकारी कार्य वातावरण विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

यह प्रमाणन 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' संस्थान द्वारा कर्मचारियों से प्राप्त फीडबैक पर आधारित व्यापक मूल्यांकन के बाद प्रदान किया गया। ट्रस्ट इंडेक्स सर्वेक्षण के माध्यम से किए गए इस आकलन में वर्ष 2026 में सेल का ट्रस्ट इंडेक्स स्कोर बढ़कर 83 हो गया, जो वर्ष 2025 में 77 और वर्ष 2024 में 73 था। यह वृद्धि नेतृत्व व कार्य-संस्कृति के प्रति कर्मचारियों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। सर्वेक्षण में सेल के लगभग 3,100 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 900 कर्मचारी भिलाई इस्पात संयंत्र से थे।

सर्वेक्षण के पाँच प्रमुख आयामों में प्रबंधन की विश्वसनीयता, कर्मचारियों के प्रति सम्मान, कार्यस्थल पर निष्पक्षता, संगठन पर गर्व और आपसी सहयोग व सौहार्द में उत्कृष्ट अंक मिले। यह उपलब्धि सेल के लिए कर्मचारी-केन्द्रित दृष्टिकोण और सशक्त संगठनात्मक संस्कृति की निरंतर प्रगति का प्रतीक है।

कोडिफिकेशन में एआई के उपयोग पर कार्यशाला

बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सभागार में नियोजित अधिकारियों और इंडेंटर्स के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान आइटम कोडिफिकेशन प्रणाली में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्रियान्वयन और क्रय प्रक्रियाओं से संबंधित महत्वपूर्ण और समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। ताकि, क्रय प्रणाली को अधिक सुगम, पारदर्शी और दक्ष बनाया जा सके। कोडिफिकेशन प्रणाली में एआई के क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुति वरिष्ठ प्रबंधक एसपी राजकुमार ने दी। उन्होंने एआई उपकरणों के माध्यम से आइटम कोडिफिकेशन में शुद्धता, दक्षता और मानकीकरण को सुदृढ़ करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

न्यूज गैलरी

से. 4 और से. 2 में वाटर सप्लाई प्रभावित

भिलाई। सेक्टर 4 में निर्माणाधीन नए ओवरहेड टैंक के लिये मेन राइजिंग पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण सेक्टर 4 के संपूर्ण क्षेत्र में 17 फरवरी और सेक्टर 2 के संपूर्ण क्षेत्र में 18 फरवरी को वाटर सप्लाई व्यवस्था प्रभावित रहने की संभावना है। कार्य 17 फरवरी को सुबह 10 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग, नगर सेवाएँ विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के निवासियों से सहयोग की अपील की गई है। नागरिक असुविधा से बचने हेतु निर्धारित तिथियों के लिए आवश्यकतानुसार जल का भंडारण पूर्व में ही सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या

दुर्ग। जिले के उतई थाना क्षेत्र में सीआईएसएफ आरटीसी में पदस्थ जवान मुकेश सिंह (27 वर्ष) ने गुरुवार को रात के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को सुबह आरटीसी कैंप के पार्किंग स्थल पर फंदे पर लटके जवान का शव मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा गया। शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक जवान मुकेश सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के निवासी थे। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक जवान लंबे समय से किडनी की बीमारी से ग्रसित होने के कारण मानसिक तनाव में रहते थे। घटनास्थल से पुलिस को एक ब्लैंक पेपर मिला है, जिसमें जवान ने अपने भाई का नाम और मोबाइल नंबर लिखा था। पुलिस इसे आत्महत्या से जुड़ा महत्वपूर्ण सुराग मान रही है। उतई थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पीएम आवास: हितग्राहियों को मिल रही किस्त

दुर्ग। ग्राम पंचायत नगपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 96 आवासों में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। 95 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि जारी की जा चुकी है, जिससे निर्माण कार्य में गति आई है। प्लिंथ स्तर तक निर्माण पूर्ण कर जियो टैगिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने वाले 64 हितग्राहियों के लिए जनवरी 2026 में द्वितीय किस्त की स्वीकृति देते हुए एफटीओ जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही राशि सीधे बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार आवास योजना के अंतर्गत भुगतान प्रक्रिया नियमानुसार संचालित हो रही है और निर्माण कार्य प्रभावित नहीं है, बल्कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर है।

बीएसपी टीम की चयन स्पर्धा 17 से

भिलाई। सेल-बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 26 फरवरी से 28 फरवरी तक एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जाएगा। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 17 और 18 फरवरी को शाम 6 बजे से भिलाई क्लब, सिविक सेंटर, भिलाई में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। बीएसपी के नियमित पुरुष कार्मिक 16 फरवरी तक अपना नाम चयनकर्ताओं के पास दर्ज करा सकते हैं। चयनकर्ता के रूप में उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक और प्रवीण उपाध्याय नामांकन स्वीकार करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 74939599530 पर भी संपर्क कर सकते हैं। चयन स्पर्धा के प्रभारी उप महाप्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग होंगे।

नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन हटाने जल कार्य विभाग ने बनाया प्रस्ताव

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत पानी सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और स्वच्छ पेयजल की सप्लाई के लिये लगातार कार्य किये जा रहे हैं। शहर में चिन्हित बड़े लीकेज सुधारे जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में स्थित 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11 एमएलडी, 24 एमएलडी और 42 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के सैडिमेंटेशन टैंक की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। होली के पहले सभी कार्य पूरे कर लिये जाएंगे। निगम प्रशासन द्वारा रोज पानी के सैंपल लेकर पीएचई विभाग से क्वालिटी की जांच कराई जा रही है। शहर के सभी हैंडपंपों के पानी का सैंपल भी लिया गया है और गुणवत्ता की जांच की जा रही है। गुणवत्ता ठीक न होने पर हैंडपंप को तत्काल बंद किया जाएगा। जल विभाग के अफसरों ने बताया कि गंदे पानी की लगभग 90 प्रतिशत शिकायतें नाली से गुजरने वाली पाइपलाइन और लीकेज के कारण मिल रही है। शिकायत मिलने पर लाइन डिस्कनेक्ट कर हितग्राही को नई पाइपलाइन बिछाने के लिये सूचित किया जाता है।

तीन विधानसभा क्षेत्रों में विकास कराने 34.38 लाख रु स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत भिलाई नगर, पाटन और अहिवारा विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न जनहित कार्यों के लिए कुल 34 लाख 38 हजार 94 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित कार्यों में भिलाई नगर विधानसभा में वार्ड 63 होसन्ना चौक के पास सार्वजनिक टीन शेड निर्माण व कांक्रीटीकरण के लिये 4 लाख 99 हजार 698, बुद्ध विहार के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण करने 2 लाख 49 हजार 517, सेक्टर 6 की सड़क 60-61 के मध्य सार्वजनिक डोम शेड निर्माण करने 5 लाख 99 हजार 684 और सेक्टर 7 सड़क 35 के डोम शेड में फेंसिंग कार्य हेतु 1 लाख 49 हजार 739 मंजूर किए गए हैं। नपाप कुम्हारी के वार्ड 16 लोटस सिटी में शेड निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 456, अहिवारा विधानसभा के ग्रापं हवेलीडीह में सीसी रोड निर्माण हेतु 2.40 लाख और ग्राम कुटेलाभाठा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

भिलाई में संभाग स्तरीय रोजगार मेले के पहले दिन तीन हजार युवाओं ने कराया पंजीयन

सफलता केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं निजी क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं: शिक्षा मंत्री

■ **रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल**

भिलाई/नवप्रदेश। दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग और संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मेला आर-2, कोहका भिलाई परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 3000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया गया। मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों ने शामिल होकर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए और विभिन्न पदों के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की। बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का प्रयास किया। रोजगार मेले को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि दो दिवसीय आयोजन से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। सफलता केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। यह आयोजन युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, रोजगार अधिकारी राजकुमार कुर्रे सहित बड़ी संख्या में युवा एवं निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

युवाओं के लिए बड़ा अवसर : कलेक्टर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि यह संभाग के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है। पढ़ाई पूरी कर चुके और अध्ययनरत छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मेले में पहुंचे हैं। दो दिनों में हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा में आने से पूर्व उन्होंने भी प्राइवेट सेक्टर में कार्य किया है। प्रत्येक नौकरी नया अनुभव देती है, जो भविष्य में आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करता है।

तलवार से भाई पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने एक मामले में पारिवारिक विवाद में भाई पर तलवार से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे मामले में खुर्सीपार क्षेत्र से नशीली दवाओं के दो तस्करों को पकड़ा गया। यह कार्रवाई अपराध और नशे के कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई। सुपेला थाना क्षेत्र में 4 फरवरी को कुमार दास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कोसा नगर स्थित अपने मकान की साफ-सफाई के दौरान उनके भाई अरूप दास से घर आने की बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर आरोपी अरूप दास ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी की पीठ और बाएं हाथ की कोहनी में चोटें आईं। जांच के बाद आरोपी प्रणव कुमार दास (43 वर्ष), निवासी कोसानाला, सुपेला को गिरफ्तार कर लिया गया। धारदार हथियार जब्त कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार

पुलिस ने पं. दीनदयाल मिनी स्टेडियम के टॉयलेट के पास दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपी नशीले सिरप और कैप्सूल बेच रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान इफ्तेखार खान (39 वर्ष), निवासी गांधी नगर भिलाई-03, और मोहम्मद अब्बास रजा (30 वर्ष), निवासी सेक्टर-02 भिलाई भट्ठी, के रूप में हुई। उनके पास से लाखों रुपए की नशीली दवाएं जब्त की गई है।

ब्रम्हाकुमारी आनंद सरोवर में नशामुक्ति की शपथ

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में महिलाओं के लिए विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अथर्व कॉलेज की डायरेक्टर भारती साहू, स्नेहा मित्तल (सचिव, इनरव्हील क्लब), पिंकी बंसल, नीतू श्रीवास्तव (श्रुति फाउंडेशन), रोहिणी पाटणकर, रत्ना नारमदेव, प्रीति बेहरा (सदस्य आंतरिक परिवाद समिति सेना सशस्त्र बल भिलाई), रजनी पाटनी, ज्योति अग्रवाल, ममता गोयल, रश्मि अग्रवाल, भजन गायिका सपना अवस्थी, ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी, ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी उपस्थित थे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग, राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा देश भर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति के लिये भिन्न-भिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। नशा मुक्ति सेमिनार, परिचर्चा, राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी ने कहा कि आज के बच्चे व्यसन की ओर कदम बढ़ाते हैं तो सबसे ज्यादा जिम्मेदार माता-पिता होते हैं। पहले नम्बर में माँ होती है। सभी संकल्प करें कि कैसे बच्चों को व्यसन से मुक्त रखेंगे।

फ्लॉवर शो में उमड़ी भीड़, फूलों से महका पार्क

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा आयोजित फ्लॉवर शो में भारी भीड़ उमड़ी। रंग बिरंगे फूलों से सजे राजेंद्र पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। फ्लॉवर शो के दौरान मेले जैसा माहौल रहा। आज सुबह 11 बजे फ्लॉवर शो का शुभारंभ किया गया। राजेन्द्र पार्क में रंग-बिरंगे फूलों की खूबसूरती देखते ही ब न रही थी। रात तक लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही। परिवार, बच्चे, युवा और बुजुर्ग पुष्प प्रदर्शनी का आनंद लेने पहुंचे। फ्लॉवर शो में ऑपरेशन सिंदूर पर बनी रंगोली ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फूलों और प्राकृतिक रंगों से बनी यह विशाल रंगोली हर किसी की सेल्फी का बैकग्राउंड बन गई। रंगोली के सामने फोटो खिंचवाने और वीडियो बनाने की होड़ लगी रही। कार्यक्रम में सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई। विभिन्न कलात्मक आकृतियों फूलों से बना बादक, प्राकृतिक आकृतियाँ, फूलों के आकर्षक ढांचे ने आगंतुकों को खूब लुभाया। प्यारी खुशबू के साथ इन फूलों की सजावट ने पूरे पार्क को एक उत्सव स्थल का रूप दे दिया। बच्चों के लिए आयोजित ड्राइंग में पर्यावरण पर आधारित रंगीन कलाकृतियाँ देखने मिलीं। चाक से दीए बनाने के स्टॉल ने बच्चों को आकर्षित किया। गीत-संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कलेक्टर ने आईटी पार्क और नालंदा परिसर का किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय दुर्ग में आईटी पार्क शीघ्र प्रारंभ होगा। भवन सहित पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज आईटी पार्क का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निगम आयुक्त दुर्ग को भवन की आवश्यक मरम्मत, रंग रोगन, कमरों में विद्युत कनेक्शन, परिसर में प्रकाश व्यवस्था व गार्डनिंग, नेट सुविधाएं और आईटी कंपनियों को आवश्यकता के मुताबिक कमरे आदि का प्रबंध करने निर्देशित किया। दुर्ग आईटी पार्क के लिये 6 फरवरी को सीएम साय की मौजूदगी में आईआईटी भिलाई और 40 आईटी कंपनियों के मध्य एमओयू हुआ था। कलेक्टर ने निर्माणाधीन नालंदा परिसर, पुलगांव नाला एसटीपी और निर्माणाधीन वृद्धाश्रम की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कांट्रेक्टरों को निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा नेता ने पुजारी के भाई को पीटा

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के नारथा गांव में हनुमान मंदिर के पुजारी के भाई को बीजेपी नेता ने पीट पीट कर घायल कर दिया। पूर्व जनपद सभापति चंद्रहास गिरी गोस्वामी द्वारा 16 फरवरी को मंदिर में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यज्ञ के लिए ग्रामीणों से चंदा लिया गया है। इससे पहले यज्ञ के लिये चंदा आदि नहीं लिया जाता था। इसके कारण विवाद की स्थिति है। इधर, गोस्वामी ने आयोजन के लिए मंदिर के बाहर लगने वाले दुकानों को पीछे की ओर लगाने कहा। मंदिर के पुजारी के भाई ने पीछे दुकान लगाने से इंकार कर दिया। दुकान न हटाने पर चंद्रहास गिरी ने उनके पेट पर लात घूंसे मारे। हवा भरने वाले पंप से भी पुजारी के भाई को पीटा गया।

पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। वीडियो में भाजपा नेता और उनके साथी पुजारी के भाई को पीटते नजर आ रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा नेता ने खुद को घायल बताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी नेता ने मंदिर के आसपास नारियल, फूल और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों को पीछे लगाने की बात कही थी। परिसर में मंदिर के मुख्य पुजारी भीम महाराज की भी दुकान है।

पुजारी ने दुकान पीछे हटाने से इनकार कर दिया। इसी कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। विवाद बढने पर बीजेपी नेता चंद्रहास गिरी गोस्वामी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मंदिर के मुख्य पुजारी के छोटे भाई रामगिरी गोस्वामी की जमकर पिटाई की है। जामुल थाना पुलिस इस मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

स्मार्ट मीटर जागरुकता शिविर: 113 उपभोक्ताओं ने डाउनलोड किया ऐप

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बघेरा जोन में गयाबाई गवर्नमेंट स्कूल के सामने स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की बारीकियों से अवगत कराया गया। 113 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने मोबाइल में ''मोर बिजली ऐप'' डाउनलोड किया। अधिकारियों ने उन्हें ऐप के माध्यम से बिजली खपत की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन बिल भुगतान की प्रक्रिया सिखाई। शिविर में शंका लेकर पहुंचे 25 उपभोक्ताओं की शंका का विभागीय अधिकारियों ने समाधान किया। शिविर में स्थानीय पार्षद नरेंद्र बंजारे और लीना दिनेश देवांगन सहित बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधीक्षण अभियंता, नगर वृत्त दुर्ग जेजे प्रसाद और ईई नगर संभाग दुर्ग आरके दानी, ईई गीता ठाकुर, एई अंजू देसाई, जेई कुमुद और सुरेश सोनी ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ की जानकारी दी।

नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग के चुनाव नतीजे घोषित: डायरेक्टर के 12 पदों में से 10 पदों पर पैनल का कब्जा

डायरेक्टर पद के चुनाव में रुंगटा पैनल की एकतरफा जीत

दुर्ग/नवप्रदेश। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 12 में से 9 डायरेक्टर पदों के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हुआ। चुनाव में रुंगटा पैनल के 8 प्रत्याशियों ने धमाकेदार जीत दर्ज की, जबकि परिवर्तन पैनल का सिर्फ एक प्रत्याशी जीत दर्ज कर सका। जीत के बाद रुंगटा पैनल के प्रत्याशियों और समर्थकों ने बाजे गाजे-बाजे के साथ जश्न मनाया। डायरेक्टर पद के चुनाव में घोषित परिणाम के अनुसार सामान्य वर्ग से प्रत्याशी मनोज ताम्रकार, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कमल नारायण रुंगटा, संजय सिंह, पवन कुमार जैन (बडज़ात्या), राजेश यादव ने जीत दर्ज की। महिला वर्ग के लिये आरक्षित पद पर सुनीता अग्रवाल और नीलू देवांगन ने जीत हासिल की।

पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित एक पद पर तेजबहादुर बंछोर ने शानदार जीत दर्ज की। चुनाव में सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउटेंट) के लिए आरक्षित दो पद पर श्रीपाल कोठारी, अरविंद चंद सुराना और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित एक पद पर वसुन्धरा चौरे पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुकी है। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के कुल 12 में से 9 संचालक (डायरेक्टर) पद के लिए शनिवार को श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में प्रत्यायुक्त सदस्यों ने मतदान किया। कुल 96 प्रत्यायुक्त सदस्यों में 91 प्रत्यायुक्त सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया।

परिवर्तन पैनल से दो प्रत्याशी डायरेक्टर बने है। चुनाव में डायरेक्टर पद के प्रत्याशी मनोज ताम्रकार 56 वोट, ज्ञानेश्वर ताम्रकार 55 वोट, कमल नारायण रुंगटा 51 वोट, संजय सिंह 49 वोट, पवन कुमार बडज़ात्या 49 वोट, राजेश यादव 45 वोट, वेंकट साई शास्त्री राव 43 वोट, अखिलेश मिश्रा 43 वोट, अंबर ताम्रकार 41 वोट, मंगल प्रसाद गुप्ता 37 वोट, दिनेश मारोटी 30 वोट, तेजबहादुर बंछोर 50 वोट, पदम ताम्रकार 41 वोट, सुनीता अग्रवाल 51 वोट, नीलू देवांगन 50 वोट और संध्या तिवारी ने 41 वोट हासिल किए। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए और विजयी 9 प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वोरा ने विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग के संचालक मंडल के चुनाव में रूंगटा पैनल की ऐतिहासिक जीत पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने खुशी जताई है। वोरा ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि इस विजय ने बैंक के नेतृत्व में निरंतरता, स्थिरता और विश्वास की भावना को और मजबूती प्रदान की है। वोरा ने कहा कि यह जीत जनविश्वास, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सामूहिक नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बैंक के अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा के मार्गदर्शन में बैंक के निरंतर विकास और प्रगति करेगा। वोरा के साथ शंकरलाल ताम्रकार, गिरधर शर्मा, नवल अग्रवाल, पप्पू श्रीवास्तव, महेंद्र सक्सेरिया, राजकुमार वर्मा और संजय बोहरा उपस्थित रहे।

सुकमा में 'भू-माफिया सिंडिकेट' का चल रहा खुला खेल

55 साल से काबिज किसानों को सात दिन में बेदखली नोटिस, कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग, शासन को लगाया जा रहा चूना

- **नक्शे में छेड़छाड़, बिना डायवर्शन कमर्शियल सौदे और विभागीय सांठगांठ के आरोप, राजस्व तंत्र कटघरे में**
- **कृषि के नाम पर रजिस्ट्री, असल में करोड़ों का कमर्शियल खेल? नकद वसूली और फर्जी दस्तावेज़ों से हड़कंप**

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले में भू-माफिया, ब्रोकर नेटवर्क और कथित विभागीय सांठगांठ के जरिए पुस्तैनी कृषि भूमि हड़पने का गंभीर आरोप सामने आया है। मामला चिंतलनार के आश्रित ग्राम मारकागुड़ा से शुरू होकर जिला मुख्यालय तक पहुंच गया है। संयुक्त कलेक्टर कार्यालय परिसर के पीछे स्थित भूमि विवाद ने राजस्व तंत्र की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

विवादित भूमि खसरा नंबर 1283/9, रकबा 4.047 हेक्टेयर बताई जा रही है, जिसके भूस्वामी बोमन्ना स्वर्णरिखा/अश्वनी कुमार का नाम अभिलेखों में दर्ज होने का दावा है। पीड़ित भूमिस्वामियों का आरोप है कि वर्ष 1970-71 की मूल नक्शा संदर्भ सीट में छेड़छाड़ कर राजस्व अभिलेखों में फेरबदल किया गया,जबकि 1994-95 का नक्शा वास्तविक स्थिति दर्शाता है।

भू माफिया सिंडिकेट, आंध्र कनेक्शन और ब्रोकर की भूमिका

मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि ब्रोकर मदनूरी रामराजू पिता सुरपा राजू 53 वर्षीय सुकमा निवासी द्वारा स्थानीय स्तर पर आंध्र प्रदेश के सिंडिकेट के माध्यम से फंडिंग नेटवर्क के बूते विभागीय सांठगांठ के साथ फर्जी दस्तावेज बनाकर कृषि भूमि की खरीद फरोख्त संचालन कर रहा है। इस पूरे मामले के दौरान सिंडिकेट से जुड़े व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं,जिनकी भूमिका की जांच की मांग उठ रही है। तहसीलदार के कथन में दर्ज गवाह कोंडारेड्डी वेंकटा रत्नम/नरसिम्हा मूर्ति - वेस्ट गोदावरी आंध्र प्रदेश निवासी का फर्जी हस्ताक्षर कर दस्तावेज वैध बनाने का आरोप भूस्वामी ने लगाया है।

मुख्यालय में कृषि भूमि के नाम पर हो रही रजिस्ट्री और उससे जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं ने राजस्व तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि स्टाम्प शुल्क कृषि भूमि के रूप में दर्शाकर चेक से वैध तरीके से लिया जा रहा है, जबकि वास्तविक सौदा कमर्शियल दरों पर तय कर शेष रकम अवैध रूप से नगद में वसूली जा रही है। यह दोहरी व्यवस्था न केवल राजस्व हानि का कारण बन रही है, बल्कि पारदर्शिता और विधि-व्यवस्था पर भी आघात कर रही है।

विभागीय सूत्रों का दावा है कि संबंधित भूमि का उपयोग वास्तविकता में व्यावसायिक गतिविधियों और प्लॉटिंग के लिए किया जा रहा है, जबकि अभिलेखों में उसे कृषि भूमि दर्शाया गया है।

चिंताजनक तथ्य यह है कि बिना विधिवत डायवर्शन (भूमि उपयोग परिवर्तन) के ही प्लॉट काटे जा रहे हैं और निर्माण कार्य जारी है।

नियमों के विपरीत इस तरह की प्लॉटिंग और अवैध निर्माण से नगर नियोजन कानूनों की खुली अवहेलना हो रही है। मामले को लेकर लगातार प्रशासन को शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उलटे, राजस्व विभाग द्वारा तीन अन्य रजिस्ट्रियों की तैयारी किए जाने की जानकारी सामने आई है, जिससे विभागीय संलिप्तता और मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है। यदि आरोप सत्य हैं, तो यह मामला केवल राजस्व अनियमितता तक सीमित नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

55 वर्षों से काबिज, फिर भी बेदखली का आदेश

भू-अभिलेख के अनुसार खसरा नंबर 1291, कुल रकबा लगभग 49 एकड़ 11 डिसमिल (19.868 हेक्टेयर) भूमि पर किसान वर्ष 1969-70 से काबिज होकर खेती कर रहे हैं। आरोप है कि वर्तमान तहसील कार्यालय द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया में खसरा 1283 को आधार बनाकर 22 जनवरी को किसानों के बयान दर्ज किए गए और 23/01/2026 को खसरा 1291 के किसानों को 07 दिवस में बेदखली का आदेश जारी कर दिया गया। किसानों का कहना है कि सीमांकन, नक्शा-खतौनी मिलान और जमाबंदी अभिलेखों का समुचित परीक्षण किए बिना ही कार्रवाई की गई।

वर्तमान समय में भू अभिलेख में दर्ज किसान

1 शेख महबूब सुभानी/शेख मोहिद्दीन - रकबा - 1.0100 हेक्टेयर
2 शेख कादर/ शेख जान मोहम्मद - रकबा - 0.8000 हेक्टेयर
3 शेख सुभान/ शेख मुस्तफा - रकबा - 0.4030 हेक्टेयर
4 शेख कासिम बी./ शेख कादर - रकबा - 1.2150 हेक्टेयर
5 शेख करीमुल्ला/ शेख जान मोहम्मद - रकबा - 0.4050 हेक्टेयर
6 गणेश शंकर /कलिका प्रसाद - रकबा - 1.3500 हेक्टेयर
7 शेख मीरा/ शेख मुस्तफा - रकबा - 0.8000 - हेक्टेयर
8 शेख नजीर/ शेख सुभान - रकबा - 0.4060 हेक्टेयर
9 शेख रब्बानी/ शेख सुभान - रकबा - 0.2020 - हेक्टेयर
10 शेख पाछा हुसैनी/ शेख मूसा - रकबा - 0.8000 - हेक्टेयर
11 मेमून निशा/ पटालमजानू - रकबा - 1.2140 - हेक्टेयर।

कृषकों का आरोप है कि नक्शा-खसरा, बी-1, पी-2 एवं जमाबंदी प्रविष्ठियों में हेरफेर कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि पर दावा प्रस्तुत किया गया है। जबकि खसरा नंबर 1283 विवादित भूमि में सन् 2000 से दर्ज नक्शे से छेड़छाड़ कर ब्रह्मला अस्वति कुमार/ दुर्गाप्रसाद के द्वारा अवैध रूप से कृषि भूमि को 25 बंटवारे व खसरा 1283/7 करीब 20 एकड़ कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग का मामला पाया गया है। वही खसरा नंबर 1283/6 ब्रह्मला सुरेखा/ अरविंद कुमार ने 10 टुकड़ों में विभाजन किए जाने का आरोप है। जबकि राजस्व अधिनियम के तहत बिना वैध डायवर्शन (भूमि उपयोग परिवर्तन) के कृषि भूमि पर प्लॉट काटकर विक्रय और निर्माण कार्य करना नगर निवेश तथा राजस्व कानूनों का उल्लंघन माना गया है।

> यह मामला अभी एसडीएम के समक्ष लंबित हैं। राजस्व निरीक्षण के आधार पर जांच कर स्टे दिया गया है। अवैध निर्माण को लेकर सीएमओ को आदेश जारी किया गया है।
>
> **- अम्बर गुप्ता,** तहसील, सुकमा

■ प्लाटिंग करना नियमों का खुला उल्लंघन

मामले को लेकर कानूनी विशेषज्ञों का मत है कि कृषि भूमि पर बिना डायवर्शन कमर्शियल उपयोग और प्लॉटिंग करना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होना आवश्यक है। साथ ही अवैध नगद लेन-देन आयकर और भ्रष्टाचार निरोधक कानूनों के दायरे में भी जांच का विषय बन सकता है। इस पूरे प्रकरण में राजस्व हानि का आकलन किए जाने और पूरी पारदर्शिता, विधिसम्मत प्रक्रिया के साथ निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच किए जाने की मांग उठने लगी हैं।

राजिम कुंभ कल्प के समापन में उमड़ा अभूतपूर्व जनसैलाब

टूटा कई वर्षों का रिकॉर्ड, लोगों ने जमकर की खरीदारी, व्यापारियों के खिले चेहरे

राजिम/नवप्रदेश। राजिम के त्रिवेणी संगम और नवीन मेला मैदान में आयोजित राजिम कुंभ कल्प में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अभूतपूर्व भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम दिवस और रविवार होने के कारण श्रद्धालुओं का सैलाब चरम पर पहुंच गया। पिछले तीन दिनों से लगातार बढ़ती भीड़ ने इस बार कई वर्षों का इतिहास पीछे छोड़ दिया। मेला क्षेत्र में कदम रखने की जगह तक मुश्किल हो गई।

शनिवार रात से ही त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रही। गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिलों सहित प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं से नदी में बने अस्थायी मार्गों में भारी भीड़ रही। कई स्थानों पर भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। पंचेश्वर मंदिर से लेकर लोमश ऋषि आश्रम तक तथा नवीन मेला मैदान चौबेबांधा क्षेत्र तक श्रद्धालुओं की कतारें नजर आईं।

मीना बाजार, क्राफ्ट बाजार, झूले, मौत का कुंआ, जलपरी, वैष्णव देवी धाम, संभागीय सरस मेला और सांस्कृतिक मंच की दर्शक दीर्घा भी पूरी तरह भरी रही। बच्चों और परिवारों की चहल-पहल से पूरा मेला क्षेत्र जीवंत बना रहा। मेला घूमने आए लोगों ने जमकर खरीदारी भी की, जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिले दिखाई दिए।

राजिम कुंभ की प्रसिद्धि अब देश की सीमाओं से दूर पहुंच चुकी है। अमेरिका के पर्यटक जॉनसन और मीरा ने बताया कि भारत भ्रमण के दौरान वे पहली बार छत्तीसगढ़ आए हैं और राजिम कुंभ ने उन्हें अत्यंत प्रभावित किया। उन्होंने इसे ÷छोटा लेकिन अत्यंत सुंदर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध मेला÷ बताया। इटली और नाइजिरियन सहित अन्य देशों के पर्यटक भी पिछले कई दिनों से मेले की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आभा में रमे नजर आए।

महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में आधी रात से शुरू हुआ पुण्य स्नान

राजिम/नवप्रदेश। धार्मिक नगरी राजिम में आयोजित कुंभ कल्प के दौरान महाशिवरात्रि पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर

भगवान भोलेनाथ की आराधना की। ब्रह्म मुहूर्त की प्रतीक्षा किए बिना श्रद्धालु आधी रात से ही संगम तट पर पहुंचने लगे। संगम घाट, स्वर्ण तीर्थ घाट, नेहरू घाट और स्नान कुंड में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने संगम की रेत से शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से जलाभिषेक किया। कई श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। नदी की धारा में तैरते दीपों की जगमगाहट ने वातावरण को आध्यात्मिक आभा से भर दिया।

भूतेश्वरनाथ में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद से तीन किमी दूर स्थित भूतेश्वरनाथ महादेव मे महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारो की संख्या मे भोले के

भक्तो ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता भूतेश्वरनाथ धाम मे लगा रहा। जहां शिव भक्तो ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया। इसके पूर्व महाशिवरात्रि को लेकर सप्ताह भर पहले ही भंडारे, पार्किंग, पेयजल, छोटे व्यवसायियो के लिए जगह आंबटन सहित अन्य सारी व्यवस्थाओ को लेकर भूतेश्वरनाथ समिति एवं ग्रामीणो ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली थी। जिसके अनुरूप सारी व्यवस्थाएं संचालित होती रही।

कुलेश्वरनाथ और राजीवलोचन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

राजिम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तीन नदियों के संगम पर स्थित पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर और राजीवलोचन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही

मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गईं और श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। मंदिर के सामने प्रशासन द्वारा तीन से चार कतारों में बैरिकेड्स लगाए गए थे। बैरिकेड्स भरने के बाद श्रद्धालुओं की लाइन दूर तक फैल गई। चिलचिलाती धूप में भी श्रद्धालु अडिग भाव से खड़े रहे। प्रशासन ने धूप से राहत देने के लिए पंडाल की व्यवस्था की थी, लेकिन बढ़ती भीड़ के कारण कई श्रद्धालुओं को खुले में ही इंतजार करना पड़ा।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजा ऊं नमः शिवाय...

भटगांव/नवप्रदेश। नगर में महाशिवरात्रि पर्व शिवालयों में भक्तों की सुबह से दिखाई दिया भीड़ लोगों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर इस महाशिवरात्रि में महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया तू जगह-जगह भक्तों के द्वारा खीर , पुड़ी,खिचड़ी ,चाय का विवरण कर पुन्य कमाये महाशिवरात्रि पर्व पर रात्रि में रामायण कथा का आयोजन रखा गया है तो वही भटगांव के प्रतिष्ठित व्यापारी व शैलेष आटो पार्टस के संचालक द्वारा अपने निज निवास में भगवान भोलेनाथ की शिव लिंग का प्राण प्रतिष्ठा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजन किया गया। वहीं महाशिवरात्रि के एक दिन पहले शिव जी की पालकी यात्रा निकाली गई। और इस अवसर पर नगर में भक्तिमय वातावरण देखा गया। जहां शोभायात्रा जो है शैलेष आटो पार्टस के संचालक के निज निवास से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों जैसे साई मंदिर, गायत्री मंदिर, बस स्टैंड से होते हुए पुनः उनके निवास पहुंची वहीं बैंड बाजों की धुनें और महादेव के जयघोष श्रध्दालुओं को आकर्षित कर रहे थे। साथ ही जगह-जगह श्रध्दालुओं ने पुष्प वर्षा कर रथ का स्वागत किया। महिला एवं पुरुष श्रध्दालु भगवान के जयकारे लगाते हुए और नाचते गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। जहां महाशिवरात्रि के दिन शैलेष आटो पार्टस के संचालक द्वारा अपने निज निवास में विद्वान महाराज अतुल तिवारी, रितेश तिवारी के सानिध्य में पूजा-अर्चना आरंभ हुआ। वेद मंत्रोच्चार और वैदिक ऋचाओं पंडित अतुल तिवारी, रितेश तिवारी द्वारा निज निवास में शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा सनातन परंपरा के अनुसार संपन्न कराई गई। शुद्धि करण और जलाधिवास के बाद भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग का विधिपूर्वक प्रतिष्ठित किया गया। इस धार्मिक कार्य में शैलेष योगेश्वरी साहू, अरूण बिंदू साहू, कमलेश्वरी उमेश साहू, दिलेश्वरी सतीश साहू, शीला संजीव साहू सहित भारी तादाद में भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

विवेकानंद स्कूल में वार्षिकोत्सव

भटगांव/नवप्रदेश। शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का सुंदर संगम नगर भटगांव के विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव परिवर्तन कार्यक्रम प्रतिभा का भव्य सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवेकानंद पब्लिक स्कूल परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व छाया विधायक डां.दिनेश लाल जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, महामंत्री श्यामलाल साहू, रेवती चंद्रा, नोडल प्रीतम भारद्वाज, संकुल समन्वयक विजय साहू रहे। वहीं कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत एवं सरस्वती वंदना ने समूचे वातावरण को भाव विभोर कर दिया। वार्षिकोत्सव के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया।

अबूझमाड़ के जंगल में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

फोर्स को सफलता : नक्सली डंप ध्वस्त, भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामान बरामद

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला नारायणपुर के थाना ओरछा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोड़पार (गोमागल) के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 14.02.2026 को 29वीं वाहिनी आईटीबीपी एवं नारायणपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन संचालित किया गया।

यह अभियान द्वितीय कमान अधिकारी श्री दीपक सेमल्टी के नेतृत्व में कैंप धनौरा से रवाना हुआ, जिसमें आईटीबीपी, एसएटी टीम तथा छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान सम्मिलित थे। सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने जंगल क्षेत्र में छिपाकर रखे गए नक्सली डंप का पता लगाकर उसे ध्वस्त किया।

विशेष उल्लेखनीय तथ्य

बरामद हथियार, गोला-बारूद एवं आईईडी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री से स्पष्ट है कि नक्सली संगठन क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। सुरक्षा बलों की सतर्कता, सटीक सूचना संकलन एवं त्वरित कार्रवाई से नक्सलियों की मंशा को समय रहते विफल कर दिया गया है। यह कार्रवाई नक्सल उन्मूलन अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा इससे नक्सली संगठन की लॉजिस्टिक क्षमता को गंभीर आघात पहुँचा है। जिला पुलिस एवं सुरक्षा बल क्षेत्र में सतत सर्चिंग अभियान संचालित कर रहे हैं। आम नागरिकों से अपील है कि वे नक्सल गतिविधियों से संबंधित किसी भी सूचना को पुलिस के साथ साझा कर शांति एवं विकास के प्रयासों में सहयोग प्रदान करें। नक्सलमुक्त, सुरक्षित एवं विकसित नारायणपुर के संकल्प के साथ सुरक्षा बल दृढ़तापूर्वक अग्रसर हैं।

बरामद सामग्री

1. भरमार 12 बोर रायफल - 02 नग
2. भरमार सिंगल शॉट रायफल - 01 नग
3. भरमार (पुराना मॉडल) - 05 नग
4. एलएमजी पैसिव नाइट साइट - 01 नग
5. 5.56 बॉल कारतूस - 52 राउंड
6. 8 मिमी कारतूस - 10 राउंड
7. 303 कारतूस - 10 राउंड
8. 12 बोर कारतूस - 18 नग
9. 12 बोर खाली खोखा - 04 नग
10. बीजीएल सेल - 15 नग
11. 5.56 इंसास एलएमजी मैगजीन -02 नग
12. 7.62 एसएलआर मैगजीन -01 नग
13. इलेक्ट्रिक वायर - लगभग 30 मीटर
14. सोल्डरिंग आयरन - 01 नग
15. वायर कटर (बड़ा) - 06 नग
16. वायर कटर (मध्यम) -16 नग
17. वायर कटर (छोटा) -11 नग
18. स्क्रू ड्राइवर सेट - 01 नग
19. नक्सली पिट्ठू सेट - 02 नग
20. नक्सली पाउच - 02 नग
21. अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का मोदी सोमवार को भारत मंडपम में करेंगे उद्घाटन

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार शाम नयी दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ-साथ 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस एक्सपो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक प्रदर्शन के राष्ट्रीय मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह एक ऐसा मंच है जहां नीति व्यवहार में बदलती है, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होता है और प्रौद्योगिकी आम लोगों से जुड़ती है।

लगभग 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 स्थानों में आयोजित होने वाला यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी फर्मों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्र एवं राज्य दोनों के सरकारी विभागों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक मंच पर साथ लाएगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कैसे स्वास्थ्य सेवा एवं कृषि से लेकर जलवायु कार्रवाई एवं सार्वजनिक सेवा वितरण तक के क्षेत्रों को परिवर्तित कर रही है।

बयान के अनुसार, ÷इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 विचारों एवं नवाचारों की एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा और यह दर्शायेगा कि राष्ट्रीय विकास के लिए एआई का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक एवं समावेशी रूप से कैसे किया जा सकता है।

इस एक्सपो में 13 देशों के पवेलियन होंगे, जो एआई पारिस्थितिकी तंत्र में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग को दर्शाते हैं। इसमें शामिल होने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्ज़रलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और कई अफ्रीकी भागीदार शामिल हैं।

इसके अलावा, 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप समाधान प्रस्तुत करेंगे, जिनमें से कई पहले से ही बड़े पैमाने पर उपयोग में लाए जा रहे हैं। आयोजकों ने कहा कि ये स्टार्टअप विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक नवाचार का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत में एआई उद्यमिता के बढ़ते परिदृश्य को दर्शाते हैं। इसमें 300 से अधिक सुनियोजित प्रदर्शनी मंडप एवं लाइव प्रदर्शन तीन विषयगत चक्रों - लोग, ग्रह एवं प्रगति - के अंतर्गत संरचित होंगे जो एआई उपयोग के लिए मानव-केंद्रित एवं स्थिरता-संचालित दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, निवेशकों, नीति निर्माताओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों सहित 25 लाख से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। इसमें 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विश्व के 3250 से अधिक वक्ता एवं पैनल सदस्य भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में आगे कहा, इन सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर विचार-विमर्श किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से विश्व के सभी लोगों को लाभ मिले।

न्यूज गैलरी

भारतीय पासपोर्ट की ताकत बढ़ी, अब 75वें पायदान पर पहुंचा भारत

नई दिल्ली। भारतीय यात्रियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की चाहत रखने वाले नागरिकों के लिए एक सुखद खबर सामने आई है. साल 2026 की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय पासपोर्ट ने अपनी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है. पिछले साल के मुकाबले 10 पायदानों का सुधार करते हुए भारत अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है. साल 2025 में भारत 85वें स्थान पर था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक स्तर पर भारतीय पासपोर्ट की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस रैंकिंग में सुधार का सीधा फायदा आम भारतीय यात्रियों को मिलने वाला है. अब भारतीय पासपोर्ट धारक दुनिया के 56 देशों में बिना किसी पूर्व वीजा या वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा के साथ यात्रा कर सकते हैं. यह सुधार न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि विदेशों के साथ भारत के मजबूत होते कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों का भी प्रमाण है। हालांकि 75वीं रैंक एक सकारात्मक कदम है, लेकिन भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2006 में था, जब वह 71वें स्थान पर था. पिछले कुछ सालों में भारत की रैंकिंग में गिरावट देखी गई थी—साल 2024 में भारत 80वें और 2025 में 85वें पायदान पर खिसक गया था. मौजूदा उछाल ने इस गिरावट को रोकते हुए भारतीय पासपोर्ट को फिर से मजबूती की ओर धकेल दिया है।

गुंडागर्दी और गाली-गलौज करने वाले रिकवरी एजेंटों की अब खैर नहीं

नई दिल्ली। अगर आपने बैंक से लोन लिया है और आप रिकवरी एजेंटों के व्यवहार से परेशान रहते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कर्ज वसूली की प्रक्रिया को सुधारने और ग्राहकों को उत्पीड़न से बचाने के लिए नए नियमों का एक कच्चा मसौदा पेश किया है.आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हालिया बयानों के बाद आए इन नियमों का सीधा उद्देश्य वसूली प्रक्रिया में गुंडागर्दी को खत्म करना और सभ्यता लाना है.नए नियमों के तहत, बैंक को यह सुनिश्चित करना होगा कि रिकवरी एजेंट और ग्राहक के बीच होने वाली हर फोन कॉल रिकॉर्ड की जाए. इसका फायदा यह होगा कि अगर कोई एजेंट बदतमीजी करता है या धमकी देता है, तो ग्राहक के पास सबूत होगा और बैंक की जवाबदेही तय की जा सकेगी। अब कोई भी व्यक्ति राह चलते रिकवरी एजेंट नहीं बन सकेगा. आरबीआई ने प्रस्ताव दिया है कि सभी एजेंटों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस से विशेष ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होगा. इससे उन्हें यह पता होगा कि ग्राहकों से बात करने का कानूनी और सही तरीका क्या है।

अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, सरकार से मांगा सबूत

नई दिल्ली/ए.। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर कांग्रेस ने फिर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहाकि यह कह देना बहुत आसान है कि कोई झूठ बोल रहा है या गलत कह रहा है। बात बहुत साफ है कि क्या ट्रेड डील हुई है वे बता दें। खुर्शीद ने आगे कहाकि अभी तक इसमें कोई हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के पास या किसी भी जानकार के पास जो खबर पहुंच रही है उसी की बुनियाद पर कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील में वो बातें नहीं हैं जो सरकार की ओर से कही जा रही हैं। यदि सरकार इसे ठीक नहीं समझती है तो वे दस्तावेज सामने रख दें, इसमें क्या समस्या है?

यह तो अंतरिम ट्रेड डील

सलमान खुर्शीद ने कहाकि सरकार सबूत दे कि क्या ट्रेड डील हुई है। उन्होंने कहाकि यह तो अंतरिम ट्रेड डील है। हस्ताक्षर हुए नहीं हैं। यह मार्च के आखिरी में होंगे। सलमान खुर्शीद ने आगे कहाकि अभी तक जो भी बातें सामने आई हैं, वह कहां से आई हैं। देर रात वाइट हाउस से ट्वीट आता है, उसी से हम अंदाजा लगाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहाकि जो भी खबर कांग्रेस के पास पहुंच रही है या किसी के पास भी पहुंच रही है, उसमें यह कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील में वह बातें नहीं हैं जो सरकार द्वारा कही जा रही हैं।

अमेरिका से परमाणु समझौते पर बातचीत के लिए ईरान तैयार

वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने की इच्छा जताई है। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त-रवांची ने BBC को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर बात करने को तैयार है, तो हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई मुद्दों पर समझौता करने के लिए तैयार है।

दोनों देशों के बीच बातचीत का अगला दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है। वहीं अमेरिकी अधिकारी बार-बार कहते रहे हैं कि परमाणु वार्ता में प्रगति रुकने की वजह ईरान है, न कि अमेरिका। हालांकि, तख्त-रवांची ने दोहराया कि ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा। यह मुद्दा इजराइल और अमेरिका दोनों उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब हम पर

इजराइल और अमेरिका ने हमला किया तो हमारी मिसाइलों ने हमारी रक्षा की। हम अपनी रक्षात्मक क्षमता से खुद को कैसे वंचित कर सकते हैं?'दूसरी ओर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समझौता चाहते हैं, लेकिन ईरान के साथ डील करना बहुत मुश्किल है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसके साथ ही अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी भी बढ़ाई है।ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता एक लंबे समय से चल रही विवादास्पद बातचीत है, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है। जिससे वह परमाणु हथियार न बना सके।मजीद तख्त-रवांची ने कहा कि ईरान ने 60% तक इंरिच्ड यूरेनियम को कम करने का प्रस्ताव दिया है।

यह स्तर हथियार-ग्रेड के करीब माना जाता है और इसी वजह से दूसरे देशों को शक है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। हालांकि ईरान लगातार इससे इनकार करता रहा है।

उन्होंने कहा, 'हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य मुद्दों पर बात करने को तैयार हैं, बशर्ते वे प्रतिबंधों पर चर्चा करें।' उन्होंने यह साफ नहीं किया कि प्रतिबंध पूरी तरह हटाने की बात है या आंशिक रूप से। ईरान के पास 400 किलो से ज्यादा उच्च स्तर पर इंरिच्ड यूरेनियम का भंडार है। 2015 के परमाणु समझौते के तहत उसने अपना यूरेनियम रूस भेजा था। इस बार क्या वह ऐसा करेगा, इस पर तख्त-रवांची ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

बांग्लादेश ने कपास खरीद के लिए अमेरिका से मिलाया हाथ

ढाका। बांग्लादेश में आज यानी गुरुवार को हो रहे आम चुनावों के बीच एक बड़ी खबर ने कूटनीतिक और व्यापारिक गलियारों में हलचल मचा दी है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने भारत को एक बड़ा आर्थिक झटका देते हुए कपड़ा उद्योग के लिए कपास (ष्टशह्लह्लशठ्ठ) की खरीद अब भारत के बजाय अमेरिका से करने का फैसला किया है।

चुनाव से ठीक तीन दिन पहले, 9 फरवरी को यूनुस सरकार ने अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया है, जिसके तहत बांग्लादेश अब अमेरिकी कपास का प्रमुख खरीदार बनेगा। मोहम्मद यूनुस की सरकार ने इस समझौते को बेहद गोपनीय रखा और इसका ड्राफ्ट किसी के साथ साझा नहीं किया गया, जिससे इसकी पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने एक इंटरव्यू में इस समझौते को बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था के लिए 'गेम चेंजर' करार दिया है। समझौते के तहत अमेरिका ने बांग्लादेशी कपड़ों पर लगने वाले टैरिफ में एक प्रतिशत की कटौती कर उसे 19त्न कर दिया है। यह दर अब कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के बराबर हो गई है। सबसे अहम शर्त यह है कि यदि बांग्लादेश अपने कपड़े अमेरिकी कपास या मानव निर्मित फाइबर से बनाता है, तो उस पर अमेरिका में कोई टैरिफ नहीं लगेगा यानी वह 'जीरो ड्यूटी' पर सामान बेच सकेगा। इस फैसले को भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते तनाव का नतीजा माना जा रहा है। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना के तख्तापलट और भारत द्वारा उन्हें शरण दिए जाने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई थी। 2024 में भारत ने बांग्लादेश को 1.6 अरब डॉलर का कपास धागा बेचा था, लेकिन रिश्तों में आई कड़वाहट के बाद व्यापार प्रभावित हुआ। तनाव इतना बढ़ा कि 13 अप्रैल 2025 को बांग्लादेश ने जमीनी रास्ते से भारतीय कपास के आयात पर रोक लगा दी थी।

साउथ अफ्रीका की लगातार तीसरी जीत

स्पोर्ट्स डेस्क। साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शनिवार के तीसरे मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। इस जीत से टीम ग्रुप डी की पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। जबकि न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। अफ्रीकी टीम ने 176 रन का टारगेट 17.1 ओवर में 3 विकेट

पर चेज कर लिया। डेविड मिलर ने सिक्स लगाकर टीम को जीत दिलाई। मार्को यानसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कप्तान मार्करम ने नाबाद 86 रनों की पारी खेली ऐडन मार्करम ने नाबाद 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 44 बॉल की पारी में 8 चौके और 4 छक्के लगाए। मिलर ने नाबाद 24 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 21, रायन रिकेल्टन ने 21 और क्विंटन डी कॉक ने 20 रन का योगदान दिया।

नेपाल को 9 विकेट से हराया

स्पोर्ट्स डेस्क। वेस्टइंडीज लगातार तीन जीत के साथ इस वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने रविवार को दिन के पहले मैच में नेपाल को 9 विकेट से हराया। वहीं, नेपाल लगातार तीसरा मुकाबला हारकर सुपर-8 से बाहर हो गई है।वेस्टइंडीज ने मुबंई के वानखेड़े स्टेडियम में टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। नेपाल ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 133 रन बनाए। जवाब में विंडीज ने 15.2 ओवर में 1 विकेट खोकर टारगेट हासिल

कर लिया। दोनों टीमें ग्रुप-सी में हैं।होप की नाबाद हाफ सेंचुरी वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने नाबाद अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 बॉल पर नाबाद 61 रन बनाए। उनके अलावा शिनरोन हेटमायर ने नाबाद 46 और ब्रैंडन किंग ने 22 रन बनाए। नेपाल के लिए नंदन यादव को 1 विकेट मिला। ऐरी ने अर्धशतक लगाया नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर 58 रन बनाए। सोमपाल कामी 15 बॉल पर 26 रन बनाकर नाबाद रहे।

सस्ते सोने पर टूटे खरीदार! गिरावट के बाद चढ़े सोने-चांदी के भाव

नई दिल्ली। पिछले सत्र की भारी गिरावट के बाद आज सोने और चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखी गई. निवेशकों द्वारा निचले स्तरों पर की गई वैल्यू बाइंग (सस्ते भाव पर खरीदारी) के कारण बाजार में 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया.भारतीय वायदा बाजार में अप्रैल डिलीवरी वाला सोना 1.08 प्रतिशत बढ़कर 1,54,480 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. वहीं, चांदी के मार्च वायदा में 2.59 प्रतिशत की बड़ी बढ़त दर्ज की गई और यह 2,42,564 प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है.अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोमेक्स सोना 4,850 से 5,100 के बीच ट्रेड कर रहा है, जो हाल के 5,600 के उच्चतम स्तर से सुधार को दर्शाता है. चांदी भी 121 के रिकॉर्ड स्तर से गिरकर वर्तमान में 73-84 के दायरे में बनी हुई है. कीमतों में आई हालिया गिरावट को विशेषज्ञों ने हेल्दी प्रॉफिट बुकिंग करार दिया है।

एंथ्रोपिक ने जुटाया 2,700 अरब रुपये का नया निवेश

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने नए फंडिंग राउंड में 30 अरब डॉलर (लगभग 2,700 अरब रुपये) जुटाए हैं। इस बड़े निवेश के बाद कंपनी की मूल्यांकन बढ़कर 380 अरब डॉलर (लगभग 34,000 अरब रुपये) हो गई है, जो पहले के मुकाबले दोगुनी से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह डील दिखाती है कि एआई सेक्टर में निवेशकों की दिलचस्पी लगातार तेजी से बढ़ रही है। इस फंडिंग राउंड में कई बड़े ग्लोबल निवेशकों ने

हिस्सा लिया है। कंपनी ने बताया कि उसका मौजूदा रन-रेट राजस्व 14 अरब डॉलर (लगभग 1,300 अरब रुपये) तक पहुंच गया है। केवल क्लॉड कोड से 2.5 अरब डॉलर (लगभग 220 अरब रुपये) से ज्यादा का रन-रेट राजस्व मिल रहा है। इस साल की शुरुआत से इसके बिजनेस सब्सक्रिप्शन चार गुना तक बढ़ चुके हैं। अब कंपनी की कुल कमाई का बड़ा हिस्सा एंटरप्राइज ग्राहकों से आ रहा है, जो अपने रोजमर्रा के काम के लिए एआई टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। एंथ्रोपिक ने अपने क्लाउड चैटबॉट और खास तौर पर कोडिंग मॉडल क्लॉड के जरिए अलग पहचान बनाई है। कंपनी ने अपने एआई मॉडल की ट्रेनिंग में कोडिंग और टेक्निकल टास्क पर खास ध्यान दिया है, जिससे लोकप्रियता बढ़ी है। हाल ही में लॉन्च किए गए नए एआई प्लगइन्स के बाद ग्लोबल सॉफ्टवेयर शेयरों में भी हलचल देखी गई। निवेशक इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि एडवांस एआई मॉडल पारंपरिक सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

बॉक्सिंग ग्लव्स पहनकर रिंग में उतरीं फातिमा सना शेख

बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्मों और सोशल मीडिया पोस्ट से दर्शकों का खास ध्यान खींचती हैं। उन्होंने मंगलवार को एक मजेदार पोस्ट किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वे बॉक्सिंग ग्लव्स पहने हुए नजर आ रही हैं, जबकि कुछ में वे रिंग के अंदर आत्मविश्वास से भरे पोज देती दिख रही हैं। उनका पूरा लुक काफी पावरफुल और एनर्जेटिक लग रहा है, लेकिन अभिनेत्री की आखिरी स्लाइड काफी मजेदार है, जिसमें उन्होंने बॉक्सिंग के महान खिलाड़ी अमेरिका के प्रोफेशनल बॉक्सिंग चैंपियन मोहम्मद अली की एक आइकॉनिक तस्वीर लगाई है। अभिनेत्री ने लिखा, तितली की तरह हल्के रहो, और मधुमक्खी की तरह वार करो, मुहम्मद।

फातिम ने अपनी इस पोस्ट के जरिए न सिर्फ अपनी फिटनेस को दर्शाया है बल्कि मोहम्मद अली के इंस्पिरेशन कोट्स को भी दिखाया है। अभिनेत्री का पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे कयास लगा रहे हैं कि आने वाली फिल्म में शायद वे बॉक्सिंग की भूमिका में होंगी।

1997 में फिल्म चाची 420 में बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली फातिमा सना ने बॉलीवुड में कई यादगार फिल्मों में काम किया है, जिनमें

लूडो, अजीब दास्तां, और सैम बहादुर शामिल हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर ऐसे पोस्ट शेयर करती हैं, जो मोटिवेशनल और मजेदार होते हैं।

फातिमा इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं, जिसका खुलासा जल्द ही होगा। इससे पहले वे विजय वर्मा के साथ फिल्म गुस्ताख इश्क में नजर आई थीं। फिल्म में दोनों के अलावा, अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और प्रतिभाशाली कलाकार शारिब हाशमी भी अहम रोल में थे।

फिल्म को लेकर दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया आई थी और बॉक्स ऑफिस पर भी ज्यादा कमाई नहीं कर पाई थी। हालांकि, शुरुआत में फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी क्रेज देखा गया था।

ग्लैमर का दूसरा नाम एक्ट्रेस निधि अग्रवाल, अदाएं देखकर फैंस हुए दीवाने

अभिनेत्री निधि अग्रवाल अपने ग्लैमरस अंदाज़ और खूबसूरती को लेकर लगातार चर्चा में बनी रहती हैं. मूवी 'मुन्ना माइकल' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली निधि अग्रवाल आज इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में शुमार हैं.

टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई थी. निधि अग्रवाल सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट्स और वीडियोज़ फैंस के साथ साझा करती रहती हैं.

उनकी हर पोस्ट इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती है और फैंस उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ करते हैं. यही वजह है कि

वह लाखों लोगों की क्रश बन चुकी हैं.हाल ही में निधि अग्रवाल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना नया फोटोशूट शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. इस फोटोशूट में निधि बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए अलग-अलग पोज़ देते देखा जा सकता है. ऑफ-व्हाइट बैकलेस ड्रेस में निधि का लुक काफी आकर्षक लग रहा है। खुले बाल और स्टाइलिश ईयररिंग्स उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं. उनके चेहरे की मासूमियत और सादगी भरी अदाएं फैंस को खासा पसंद आ रही हैं. निधि अग्रवाल का यह लेटेस्ट फोटोशूट एक बार फिर साबित करता है कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, बल्कि स्टाइल और फैशन के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं. फैंस अब उनकी आने वाली फिल्मों और नए प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

आज बचाओगे पानी, कल खुशहाल होगी जिंदगानी

जल पृथ्वी पर जीवन का आधार है। यह केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण, कृषि, उद्योग और समग्र मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़-पौधे, जीव-जंतु और मनुष्य सभी जल पर निर्भर हैं। नदियां, तालाब, कुआं और पोखर जल के प्रमुख स्रोत हैं, जो हमें पीने के पानी के साथ-साथ सिंचाई, निस्तारी प्रदान करते हैं। आज जल संकट एक वैश्विक समस्या बन गया है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, जल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन ने इस समस्या को और भी गंभीर बना दिया है। जल स्तर लगातार रसातल पर जा रहा है। कई क्षेत्रों में पीने के पानी की कमी एक बड़ी चुनौती है, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह अत्यंत आवश्यक है कि जल संरक्षण के प्रति मानव समाज गंभीर हो। वर्षा जल संचयन, जल का विवेकपूर्ण उपयोग, जल प्रदूषण पर नियंत्रण और जल संसाधनों का उचित प्रबंधन कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर हम इस बहुमूल्य संसाधन को बचा सकते हैं। आगामी दिनों में भीषण गर्मी से सभी का सामना होना है। ऐसे में 'जल है तो कल है' यानी हम आज जल को बचाएंगे, तभी हमारा कल सुरक्षित रह पाएगा। आज पानी बचाएंगे तो कल खुशहाल जिंदगानी होगी।

चकाचौंध की दुनिया से दूर ग्राम सौरु के बैगा परिवार, ना बिजली, ना पानी, ना सड़क- हर दिन संघर्ष में गुजर रही जिंदगी

रोज का संघर्ष: पानी के लिए 2 किमी का पगडंडियों भरा सफर

जीतेंद्र नामदेव

कवर्धा। विकास और आधुनिक सुविधाओं के दावों के बीच कबीरधाम जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सौरु आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित यह छोटा सा आदिवासी गांव आज भी पानी, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है।

यहां रहने वाले बैगा आदिवासी परिवार चकाचौंध भरी दुनिया से बेखबर कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। ग्राम सौरु में लगभग 20 बैगा परिवार निवासरत हैं। गांव तक पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क नहीं है, जिससे बारिश के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। ग्रामीणों को रोजाना पानी लाने के लिए करीब 2 किलोमीटर दूर पगडंडियों से होकर जाना पड़ता है। ऊबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए पानी ढोना यहां के लोगों की दैनिक दिनचर्या बन चुकी है। पानी लाने में ही ग्रामीणों का दो से तीन घंटे का समय लग जाता है, जिससे उनके अन्य काम भी प्रभावित होते हैं। ग्रामीण जगनू बैगा ने बताया कि गांव में कई बार अधिकारी और जनप्रतिनिधि पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन भी दिए, यहां तक कि कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम भी हुए, लेकिन मूल समस्याओं का समाधान आज तक नहीं हो सका। गांव में न तो बिजली पहुंची और न ही पानी की स्थायी व्यवस्था बनाई गई। शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है।

रज्जू बैगा के अनुसार गांव में प्राथमिक स्कूल तो मौजूद है, लेकिन शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए पंडरीपानी या बोडला जाना पड़ता है, जो दूरी और संसाधनों की कमी के कारण सभी के लिए संभव नहीं हो पाता। इससे कई बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

रमंतू बैगा बताते हैं कि गांव के लोगों की सुबह पानी की तलाश से शुरू होती है। सुबह करीब 8 बजे महिलाएं और पुरुष बर्तन लेकर निकलते हैं और कठिन पगडंडियों से गुजरते हुए पानी लाते हैं। बिजली और सड़क जैसी सुविधाएं यहां के लोगों के लिए अब भी सपना बनी हुई हैं। रात होते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों की सुरक्षा दोनों प्रभावित होती है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से योजनाओं और विकास की बातें सुनते आ रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी नहीं बदली है। आज भी ग्राम सौरु के लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगा और उन्हें भी मूलभूत सुविधाओं का अधिकार मिलेगा।

जल आयोग की रिपोर्ट: देशभर के 166 जलाशयों का जलस्तर लुढ़का

बढ़ते पारे और बारिश की कमी का असर अब जल स्रोतों पर दिखने लगा है। केंद्रीय जल आयोग के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश के 166 प्रमुख जलाशयों में पानी का स्तर इस हफ्ते लुढ़ककर कुल क्षमता का 64 प्रतिशत रह गया है। लेकिन, राहत की बात यह है कि कुल मिलाकर पानी भंडारण का हाल पिछले साल के मुकाबले बेहतर है। जल आयोग का कहना है कि इन जलाशयों में अभी 118.140 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी मौजूद है। यह मात्रा बीते साल के इसी समय की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है और पिछले 10 सालों के औसत जलस्तर से 25 प्रतिशत ज्यादा है।

दक्षिण भारत में पिछले साल से कम पानी

रिपोर्ट कहती है कि पांच क्षेत्रों में से चार में जलस्तर 70 प्रतिशत से नीचे चला गया है। दक्षिण भारत की स्थिति थोड़ी कमजोर नजर आ रही है। दक्षिण क्षेत्र के 47 जलाशयों में जलस्तर 56.63 प्रतिशत है, जो पिछले साल (57.21 प्रतिशत) से कम है। तेलंगाना में पानी 45 प्रतिशत से नीचे है। कर्नाटक और केरल में जलस्तर 60 प्रतिशत से कम है। तमिलनाडु में 62 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 72 प्रतिशत पानी बचा है।

पश्चिमी और मध्य भारत का हाल

पश्चिमी क्षेत्र की बात करें तो यहां के 53 जलाशयों में पानी की क्षमता 75 प्रतिशत है। गुजरात और महाराष्ट्र दोनों राज्यों में जलस्तर 75-75 प्रतिशत है। मध्य भारत के 28 बांधों में 75.3 प्रतिशत पानी है। छत्तीसगढ़ में स्थिति अच्छी है (80 प्रतिशत के करीब), लेकिन मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जलस्तर 70 प्रतिशत से नीचे है।

उत्तर और पूर्व के राज्यों का हाल

उत्तर भारत के 11 जलाशयों में कुल 60 प्रतिशत पानी है। राजस्थान में 77 प्रतिशत, पंजाब में 69 प्रतिशत और हिमाचल प्रदेश में 52 प्रतिशत जलस्तर दर्ज किया गया है। पूर्वी भारत की ओर देखें तो यहां असम का जलस्तर केवल 26 प्रतिशत रह गया है। मिजोरम में 40 प्रतिशत, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में 45 प्रतिशत से कम पानी है। वहीं, मेघालय का बांध 97 प्रतिशत भरा है और ओडिशा में जलस्तर 65 प्रतिशत से ऊपर है।

छत्तीसगढ़ के बांधों की सेहत पिछले साल से बेहतर

छत्तीसगढ़ में मानसून सीजन 2025 में अच्छी बारिश के चलते जल संसाधनों की स्थिति मजबूत है। प्रदेश में 12 बड़े और 34 मध्यम श्रेणी के बांध हैं, जिसमें सितंबर तक 90.66 प्रतिशत जल संग्रहण हुआ था। यह 2024 की तुलना में बड़े बांधों में 13.99 और मध्यम में 6.48 प्रतिशत अधिक जल संग्रहण है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक छत्तीसगढ़ के बांधों की स्थिति ठीक है। यहां जल भराव 80 प्रतिशत के करीब है।

बड़े बांधों में जल भंडारण की स्थिति (प्रतिशत में)

बांध	वर्ष 2025	वर्ष 2024
मिनीमाता बांगो	91.37	87.29
रविशंकर सागर	93.22	85.26
तांदुला जलाशय	100	84.26
दुधावा जलाशय	71.38	99.37
सिकासार बांध	94.32	89.75
खारंग जलाशय	100	94.65
सोंदूर जलाशय	75.47	74.64
मुरुमसिल्ली	99.36	99.54
कोडार जलाशय	54.70	55.55
मनियारी जलाशय	100	98.25
केलो जलाशय	71.77	88.23
अरपा भैंसाझार	68.19	74.41

(वर्षवार जलभराव की स्थिति (27 सितंबर की स्थिति में)

90%	वर्ष- 2025
88%	वर्ष- 2024
78%	वर्ष- 2023

(छत्तीसगढ़ के बांधों में जलभराव के औसत आंकड़े सितंबर-2025 की स्थिति में)

प्रदेश के इन बड़े बांधों में जलभराव



(मानसून सितंबर-2025 की स्थिति में जल भराव के आंकड़े)

मानसून में इन जिलों के बांधों में शत-प्रतिशत जलभराव हुआ था

- बालोद का तांदुला
- बिलासपुर का खारंग
- मुंगेली का मनियारी
- बालोद का खरखरा
- बस्तर का कोसारटेडा
- कांकेर का परलकोट
- कवर्धा का चिरपानी
- राजनांदगांव का मोंगरा
- बिलासपुर का घोंघा
- राजनांदगांव का मटियामोति
- कवर्धा का कारा नाला
- सरगुजा का बंकी
- रायगढ़ का किंनकरी
- सरगुजा का कुंवरपुर
- राजनांदगांव का सुखा नाला
- दुर्ग का खपरी
- सरगुजा का बरनई
- रायगढ़ का पुटकका नाला
- कांकेर का मायना

20 दिन बाद भी नहीं सुलझी समस्या, नेता प्रतिपक्ष का आरोप- जिम्मेदार बैठकें कर औपचारिकता निभा रहे, जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो रहा

गर्मी शुरू होने से पहले राजधानी में पेयजल संकट, 450 घरों में नहीं पहुंच रहा अमृत मिशन का पानी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गर्मी ठीक से शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन कई इलाकों में पेयजल संकट गहराने लगा है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के शिव मंदिर क्षेत्र की गली नंबर 1 से 5 तक करीब 450 घरों में अमृत मिशन का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। समस्या को लेकर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और जल बोर्ड के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्थिति का निरीक्षण कराया और जमीनी हकीकत से अवगत कराया।

नेता प्रतिपक्ष के अनुसार, अहिल्याबाई होलकर चौक से बिछाई गई 4 इंच के पाइपलाइन के जरिए यादवपारा, धोबीपारा और अर्जुन चौक समेत करीब 900 घरों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। एक ही लाइन पर अधिक कनेक्शन होने के कारण पानी का दबाव कम हो गया है, जिससे शिव मंदिर क्षेत्र की गलियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा।

महापौर और परिषद पर लगाया औपचारिकता का आरोप

आकाश तिवारी ने महापौर और परिषद पर आरोप लगाया कि वे केवल बैठकें कर औपचारिकता निभा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा।

'वाल्व से नहीं सुलझेगी समस्या'

आकाश तिवारी ने बताया कि उन्होंने 22 जनवरी को ही स्पष्ट कर दिया था कि केवल वाल्व लगाने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके बावजूद जल बोर्ड ने 3 से 5 लाख रुपे. खर्च कर 10, 8 और 6 इंच के तीन वाल्व लगाए, लेकिन 20 दिन बाद भी हालात नहीं सुधरे। जल बोर्ड के अधिकारियों ने अर्जुन चौक के पास दो दिन के लिए वाल्व लगाकर पानी के फोर्स की जांच करने की बात कही है।

गर्मी से पहले बढ़ी चिंता

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि अभी एक वार्ड में यह स्थिति है तो आने वाली गर्मी में हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने चिंता जताई कि यदि एक वार्ड में समस्या है तो बाकी 69 वार्डों की स्थिति क्या होगी।

स्थायी समाधान में देरी पर उठे सवाल

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि जब जमीनी स्थिति स्पष्ट है, तब भी स्थायी समाधान में देरी क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल यही है कि वार्ड के नागरिकों को उनके मूलभूत जल अधिकार से वंचित न होना पड़े।

जरूरत पड़ी तो नई पाइपलाइन डाली जाएगी

यदि वाल्व लगाने के बाद भी पानी का फोर्स नहीं बढ़ता है तो नई 4 इंची पाइपलाइन डाली जाएगी।

– **विश्वदीप, आयुक्त,** नगर निगम रायपुर

नेता प्रतिपक्ष की मांग- नई पाइपलाइन बिछाई जाए

नेता प्रतिपक्ष ने सुझाव दिया कि पुरानी 4 इंच की पाइपलाइन को अर्जुन चौक तक सीमित किया जाए और अहिल्याबाई होलकर चौक से शिव मंदिर क्षेत्र की गली नंबर 1 से 5 तक नई 4 इंची पाइपलाइन बिछाई जाए, ताकि प्रभावित घरों को अमृत मिशन का नियमित पानी मिल सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com